3 राजधानी
ब्लू लाइन पर प्रभावित रहेगी कल मेट्रो सेवा

6 अभिमत
मोदी के खिलाफ कौन?

10 कारोबार
शेयर बाजार की गिरावट थमी

12 स्पोर्ट्स
सिक्की-कपूर वियतनाम ओपन के सेमीफाइनल में

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 321
नई दिल्ली, शनिवार, 1 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



जेपी नड्डा ने पुरी मंदिर का किया दौरा
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# हाईकमान ने चला ट्रंप कार्ड, खड़गे मैदान में

## कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव: केरल के शशि थरूर व झारखंड के केएन त्रिपाठी से होगा मुकाबला

- वरिष्ठ नेता के जरिए उत्तर से दक्षिण तक एक तीर से साधे कई निशाने
- नाराज गुट जी-23 को साधा, दलित वोटबैंक वापस आने की उम्मीद
- भाजपा भी नहीं कर पाएगी विरोध, परिवारवाद के ठप्पे से निजात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजस्थान** के सियासी संकट के कारण कई दिन की गहमा-गहमी के बाद नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ने वालों की स्थिति साफ हो गई। चुनावी राज्य कर्नाटक से आने वाले अगली पंक्ति के दलित नेता अस्सी वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे।

दक्षिण के दिग्गज नेता का मुकाबला केरल से आने वाले शशि थरूर एवं झारखंड के केएन त्रिपाठी से होगा। आलाकमान की पहली पसंद अशोक गहलोत थे, लेकिन विधायकों के बगावती तेवर अपनाने के कारण उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए। इसके बाद खड़गे को चुनावी मोर्चे पर लाकर कांग्रेस हाईकमान ने अपना ट्रंप कार्ड चल दिया और एक तीर से कई निशाने साध लिए।

खड़गे के नामांकन के साथ ही आलाकमान ने पिछले दो साल से आक्रामक तेवर अपनाने वाले कथित जी-23 नेताओं को शांत कर दिया है। इस समूह के आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, पृथ्वीराज चौहान और भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई नेताओं ने खुलेआम खड़गे का समर्थन किया है और वे उनके प्रस्तावक भी बने हैं। यही समूह सबसे मुखर होकर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव की मांग करता आ रहा था। इससे खड़गे की जीत की संभावना बढ़ गई है। गांधी परिवार के लिए अस्सी वर्षीय खड़गे की उम्मीदवारी सबसे सुरक्षित दांव प्रतीत ( शेष पेज 8 )

### भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक पहुंची

**गुंडलुपेट ( कर्नाटक )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को कर्नाटक पहुंच गई। कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि कर्नाटक में चामराजनगर के गुंडलुपेट से शुरू होने वाली यात्रा राज्य में पार्टी के कैडर में जोश भरेगी। राज्य में विधानसभा चुनावों में महज छह महीने का वक्त रह गया है। कांग्रेस की पदयात्रा ने तमिलनाडु के गुडालुर से यहां प्रवेश किया और यह राज्य में करीब 500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सात जिलों से गुजरेगी। यह पदयात्रा चामराजनगर, मैसुरु, मांडया, तुमकुर, चित्रदुर्ग, बेल्लारी और रायचुर जिलों से गुजरेगी। कर्नाटक में यह यात्रा सात लोकसभा क्षेत्रों और 22 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगी।

### शशि थरूर के मेनिफेस्टो में भारत का गलत नक्शा, अब मांगी माफी

- बाद में संशोधित मैप किया जारी, भाजपा ने किया हमला, पार्टी पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के प्रत्याशी शशि थरूर ने अपने मेनिफेस्टो (घोषणापत्र) में हुई गलती के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। थरूर के घोषणापत्र में भारत के नक्शे को जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख विहीन दिखाया गया है।

भाजपा तथा सोशल मीडिया यूजरों ने जब उन पर हमला किया तो थरूर ने सही नक्शा साझा किया। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा जानबूझकर नहीं करेगा। थरूर ने संशोधित मेनिफेस्टो लिंक के साथ ट्वीट करते हुए कहा कि उनकी टीम ने 'गलती कर दी।'

उन्होंने कहा कि हमने तुरंत इसे ठीक किया और मैं इसके लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं। वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि गांधी परिवार का समर्थन प्राप्त करने के लिए नक्शे के साथ छेड़छाड़ किया गया है। मालवीय ने एक ट्वीट में कहा, एक तरफ जहां माना जा रहा है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष ( शेष पेज 8 )

# काबुल में शिया बहुल इलाके में विस्फोट, 19 लोगों की मौत

- अमेरिका ने की हमले की निंदा


**भाषा।** काबुल



**अफगानिस्तान** की राजधानी काबुल में एक शिया बहुल इलाके में शुक्रवार तड़के विस्फोट होने से 19 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हुए हैं। काबुल पुलिस प्रमुख के लिए तालिबान द्वारा नियुक्त एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता खालिद जदरान ने बताया कि दशती बारची इलाके में एक केंद्र में शुक्रवार तड़के विस्फोट हुआ। इस क्षेत्र में अधिकतर अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक शिया समुदाय के लोग रहते हैं। जदरान ने बताया कि हताहत हुए लोगों में हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं भी शामिल हैं।

इस केंद्र का नाम काज हायर एजुकेशनल सेंटर है, जहां छात्रों को कॉलेज प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। जदरान ने बताया कि इस क्षेत्र के शैक्षणिक केंद्रों को बड़े कार्यक्रमों को आयोजन करते समय तालिबान से अतिरिक्त सुरक्षा की मांग करनी चाहिए। शुक्रवार को भी यहां बच्चों की तैयारी के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विस्फोट की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। तालिबान के अगस्त 2021 में देश की बागडोर अपने हाथ में लेने के बाद से उसके बड़े प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट ग्रुप ने दशती बारची इलाके में कई बार हजारा समुदाय को निशाना बनाया है। गृह मंत्रालय में तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता अब्दुल नफी टकोर ने पहले कहा था, हमारे दलों को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया है। अफगानिस्तान में तैनात अमेरिका की उप-राजदूत कैरेन डेकर ने हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा, परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से भरे एक कक्ष पर हमला करना शर्मनाक है। हर एक छात्र को बिना डर शांतिपूर्ण माहौल में शिक्षा हासिल करने का अधिकार होना चाहिए। हम मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, दशती बारची इलाके में एक शिक्षा संस्थान के अंदर विस्फोट हुआ। गृह मंत्रालय में तालिबान द्वारा नियुक्त प्रवक्ता अब्दुल नफी टकोर ने बिना विस्तृत जानकारी दिए बताया कि विस्फोट तड़के हुआ। टकोर ने कहा, हमारे दलों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। विस्फोट की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

### षष्ठं कात्यायनी



**चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥**

नवरात्रि में छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। इस देवी को नवरात्रि में छठे दिन पूजा जाता है। कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन ने भगवती परාम्बा की उपासना की। कठिन तपस्या की। उनकी इच्छा थी कि उन्हें पुत्री प्राप्त हो। मां भगवती ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसलिए यह देवी कात्यायनी कहलाईं। इनका गुण शोधकार्य है। इसीलिए इस वैज्ञानिक युग में कात्यायनी का महत्व सर्वाधिक हो जाता है।

# नोएडा में ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में चला बुलडोजर



- भारी बवाल के बीच नोएडा प्राधिकरण ने की कार्रवाई, 16 अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त
- श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर लगे पेड़ों को भी हटाया

**रिंकू यादव।** नोएडा

**सेक्टर-93** स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी शुक्रवार को एक बार फिर सुर्खियों में आ गई। श्रीकांत त्यागी के फ्लैट के बाहर बुलडोजर चलने के बाद नोएडा प्राधिकरण ने सोसाइटी में दुबारा कार्रवाई की और 16 अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

इस दौरान सोसाइटी में जमकर हंगामा हुआ। लोगों ने सोसाइटी का मेन गेट बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए। मगर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुलडोजर को सोसाइटी के अंदर ले जाकर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया गया। ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में जिन लोगों के घर के बाहर अवैध निर्माण ध्वस्त किया जा रहा था, ( शेष पेज 8 )

# गुजरात को मिली वंदे भारत गांधीनगर-मुंबई को जोड़ेगी

- प्रधानमंत्री ने ट्रेन के नए और उन्नत संस्करण को दिखाई हरी झंडी, वंदे भारत श्रृंखला की यह तीसरी ट्रेन है, अहमदाबाद मेट्रो का भी किया उद्घाटन

**पीएनएस/एजेंसी।** अहमदाबाद



वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर और मुंबई के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के नए और उन्नत संस्करण को शुक्रवार को हरी झंडी दिखाई और अहमदाबाद मेट्रो परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया।


इस पश्चिमी राज्य में 2022 के अंत में विधानसभा के चुनाव होने हैं। प्रधानमंत्री ने वंदे भारत ट्रेन और मेट्रो की सवारी भी की और कहा कि कहा कि देश के शहर ही भारत के भविष्य को आकार देंगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि वह अगले 25 सालों में एक विकसित राष्ट्र बने। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बों का निरीक्षण किया और उसमें उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ट्रेन के लोकोमोटिव इंजन के नियंत्रण केंद्र का भी निरीक्षण किया। पीएमओ ने कहा, सफर के दौरान प्रधानमंत्री ने रेल कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों, महिला उद्यमियों और अनुसंधानकर्ताओं और युवाओं सहित अपने सह-यात्रियों के साथ भी बातचीत की।

उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले श्रमिकों, इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों के साथ भी बातचीत की। प्रधानमंत्री के साथ इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, रेल मंत्री ( शेष पेज 8 )

# रेपो रेट में बढ़ोतरी, महंगा होगा कर्ज-बढ़ेगी ईएमआई

- 0.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ रेपो दर तीन साल के उच्चस्तर पर आरबीआई ने वृद्धि दर का अनुमान घटाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दी। यह इसका तीन साल का उच्चस्तर है। रेपो वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को कर्ज देता है।

इसमें वृद्धि का मतलब है कि कर्ज महंगा होगा और मौजूदा ऋण की मासिक किस्त बढ़ेगी। यह चौथी बार है जब नीतिगत दर में वृद्धि की गई है इससे पहले, मई में 0.40 प्रतिशत वृद्धि के बाद जून और अगस्त में 0.50-0.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। कुल मिलाकर मई से अबतक आरबीआई रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। खुदरा महंगाई को काबू में लाने और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर में आक्रामक वृद्धि से उत्पन्न दबाव से निपटने के लिए केंद्रीय बैंक ने यह कदम उठाया है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक में किए गए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने टेलीविजन पर प्रसारित बयान में कहा, एमपीसी ने रेपो दर 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत करने का निर्णय किया है।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,426 | ↑ 1016 | |
| निफ्टी | 17,094 | ↑ 276 | |
| सोना | 50,722 | ↑ 406 | /10g |
| चांदी | 57,436 | ↑ 905 | /kg |

### क्विक न्यूज

**पुतिन ने यूक्रेन के इलाकों को रूस का हिस्सा किया घोषित**

**कीव।** अंतरराष्ट्रीय कानूनों को दरकिनार करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को यूक्रेन के हिस्सों को रूस में शामिल करने संबंधी संधियों पर हस्ताक्षर किए और कहा कि नए शामिल किए गए इलाकों की सभी उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल कर रक्षा की जाएगी। उन्होंने यूक्रेन से शांति वार्ता के लिए बैठने का आग्रह किया लेकिन तत्काल ही आगाह किया कि रूस में शामिल किए गए यूक्रेनी इलाकों को वापस किए जाने पर वह चर्चा नहीं करेंगे। इसके साथ ही सात महीनों से दोनों देशों के बीच चल रही जंग के तेज होने की आशंका बढ़ गई है। कीव और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में जमीन पर रूसी कब्जे को खारिज किया है। यूरोपीय संघ के 27 सदस्य राष्ट्रों ने कहा कि वे रूस द्वारा आयोजित अवैध जनमत संग्रह को कभी मान्यता नहीं देंगे जो रूस ने यूक्रेन की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के और उल्लंघन के बहाने के रूप में आयोजित किया था।

# पुरानी गाड़ी स्क्रैप कराकर नई खरीदने पर रोड टैक्स में छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में डीजल के 10 साल और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहन स्क्रैप कराकर नए वाहन खरीदने पर रोड टैक्स में छूट मिलेगी। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को इस योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह नीति उपराज्यपाल से हरी झंडी मिलने के बाद लागू हो जाएगी। सरकार पुराने वाहन के स्क्रैपिंग के दौरान जारी सर्टिफिकेशन ऑफ डिपॉजिट प्रस्तुत करने पर नए वाहन खरीदार को गैर-परिवहन वाहनों के लिए अधिकतम 25 फीसदी और परिवहन वाहनों के मामले में 15 फीसदी की छूट देगी। इस नीति के लागू होने के बाद पुराने प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को स्क्रैप कर यूरो-6 मानकों के नए वाहनों को अपनाने में तेजी आएगी। पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग ( शेष पेज 8 )

# प्रदूषण पर वार: केजरीवाल ने 15 सूत्री कार्ययोजना का किया ऐलान

- कूड़ा जलाने, थर्मल पावर प्लांट बंद करने, धूल और वाहनों के उत्सर्जन पर रोक लगाने के लिए चलाएंगे अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** राजधानी में वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए शुक्रवार से 15 सूत्रीय शीतकालीन कार्य योजना का ऐलान किया गया। इसके तहत छह अक्टूबर से सरकार धूल रोधी अभियान चलाया जाएगा।

पटाखों पर प्रतिबंध की निगरानी के लिए 210 दल गठित किए गए हैं। निर्माण स्थलों पर एंटी स्मोग गन व अन्य उपाय अनिवार्य कर दिए गए हैं। सड़कों पर जल छिड़काव व भीड़भाड़ कम करने की पूरी योजना बना ली गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरकार छह अक्टूबर से धूल रोधी अभियान चलाएगी, जिसमें 586 टीमें निर्माण स्थलों का दौरा कर यह सुनिश्चित करेंगी कि वहां धूल से होने वाले प्रदूषण को रोकने के उपायों का सख्ती से पालन किया गया हो। सरकार ने अपनी पंद्रह सूत्रीय योजना में प्रावधान किया है कि 500 वर्ग मीटर से अधिक के निर्माण स्थलों का सरकार के ( शेष पेज 8 )

# आशा पारेख को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**गुज़रे** ज़माने की बेहतरीन अदाकारा आशा पारेख को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से शुक्रवार को सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने यहां विज्ञान भवन में आयोजित 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में 79 वर्षीय पारेख को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया।

वरिष्ठ अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने 80वें जन्मदिन से एक दिन पहले यह पुरस्कार पाकर धन्य महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त करना बहुत बड़े सम्मान की बात है। मेरे 80वें जन्मदिन से ठीक एक दिन पहले मुझे यह सम्मान मिला, मैं इसके लिए आभारी हूं। वर्ष 2020 के लिए यह पुरस्कार प्राप्त करने वाली पारेख ने कहा, यह भारत सरकार से मुझे मिलने वाला सबसे अच्छा सम्मान है। मैं जूरी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। भारतीय फिल्म जगत को बेहतरीन स्थान बताते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि वह 60 साल बाद भी फिल्मों से जुड़ी हुई हैं। बाल कलाकार के तौर पर अपने करियर की शुरुआत करने वाली पारेख ने कहा कि हमारा फिल्म जगत सबसे अच्छी जगह है। और मैं इस जगत में युवाओं को दृढ़ता, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और जमीन से जुड़े रहने का सुझाव देना चाहती हूं, और मैं आज रात पुरस्कार पाने वाले सभी कलाकारों को बधाई देती हूं। दादा साहेब फाल्के पुरस्कार की पांच सदर्स्ईय चयन समिति ने सम्मान के लिए पारेख का चयन किया। इस समिति में आशा भोंसले, हेमा मालिनी, पूनम ढिल्लों, उदित नारायण और टीएस नागभरण शामिल हैं।

1960-1970 के दशक में पारेख की शौहरत अभिनेता राजेश खन्ना, राजेंद्र कुमार और मनोज कुमार के बराबर थी। अपने पांच दशक लंबे करियर में अभिनेत्री ने 95 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। इनमें दिल देके देखो , कटी पतंग , तीसरी मंजिल , बहारों के सपने, प्यार का मौसम और कारवां जैसी फिल्में शुमार हैं। उन्होंने 1952 में आई फिल्म आसमान से 10 साल की उम्र में एक बाल कलाकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था और वह दो साल बाद बिमल रॉय की बाप बेटी से चर्चा में आई थीं। पारेख ने 1959 में आई नासिर हुसैन की फिल्म दिल देके देखो में मुख्य किरदार निभाया था, जिसमें उन्होंने शम्मी कपूर के साथ अपनी अदाकारी के जलवे बिखेरे थे। पारेख ने 1990 के दशक के अंत में एक निर्देशक व निर्माता के तौर पर टीवी नाटक कोरा कागज का निर्देशन किया था, जिसे काफी सराहा गया। पारेख 1998-2001 तक केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की पहली महिला अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। साल 2017 में उन्होंने अपनी आत्मकथा द हिट गर्ल पेश की, जिसका सह-लेखन फिल्म समीक्षक खालिद मोहम्मद ने किया था। उन्हें 1992 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया। पिछले साल, 2019 के लिए रजनीकांत को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# नोएडा में कॉल सेंटर की इमारत में लगी आग दमकल कर्मियों ने 5 लोगों को बाहर निकाला

● फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर 3 में शुक्रवार सुबह एक कॉल सेंटर में भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर काल सेंटर में फंसे पांच लोगों का बचाया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफलता मिल सकी। काल सेंटर पूरी तरह से जलकर राख हो चुका है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी सीएफ ओ सुशील कुमार सिंह के अनुसार, नोएडा के सेक्टर 3 स्थित एक काल सेंटर में शुक्रवार सुबह करीब 7.45 में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और इमारत में फंसे लोगों का रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया। सीएफओ ने बताया कि विभाग को सेक्टर 3 स्थित इमारत के दूसरी मंजिल पर एजीईआईएस काल सेंटर में आग लगी थी।

सिंह ने आगे कहा कि आग में कम से कम पांच लोग फंसे हुए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा, घटनास्थल पर दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया है।

आग भवन के दूसरे तल पर लगी थी। अधिकारी ने बताया कि आग को बुझा लिया गया है। हालांकि, अब तक काल सेंटर में आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। वहीं आग लगने के कारण संपत्ति के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय अग्निशमन विभाग ने हाल ही में व्यावसायिक स्थानों में स्थापित अग्नि सुरक्षा प्रणालियों और उपकरणों की समीक्षा के लिए एक निरीक्षण अभियान चलाया था।

अधिकारियों के अनुसार, ऐसे कई प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए गए, जहां अग्नि सुरक्षा प्रणाली सही नहीं पाई गई। इससे पहले, एक अलग घटना में, 5 सितंबर को उत्तर प्रदेश में लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र के लेवाना होटल में भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गए थे, जिसके दद दबाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पर संज्ञान लिया था। और अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए।

# जापान की तर्ज पर बेसिक स्कूलों होंगे जागरूक

● शिक्षण गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों को साफ-सफाई का ज्ञान दिया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




जिले के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के साथ ही अब विद्यार्थियों को साफ-सफाई का ज्ञान भी विकसित किया जाएगा। इसके लिए बेसिक स्कूलों में मेरा विद्यालय-स्वच्छ विद्यालय अभियान का क्रियान्वयन करने का निर्णय लिया गया है।

अभियान के तहत जापान के मॉडल विद्यालय के तर्ज पर बच्चों को कूड़ा कलेक्शन और निस्तारण की जानकारी दी जाएगी। जापान के विद्यालयों की फिल्म दिखाकर छात्रों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्कूली बच्चे इस मुहिम का अहम हिस्सा होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भारत की तुलना में जापान तकनीक, शिक्षा और अन्य मामलों में आगे है। जापान की तर्ज पर ही अब उत्तर प्रदेश शिक्षा निदेशालय ने परिषदीय स्कूलों में साफ-सफाई रखने की योजना तैयार की है। परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ अब जापान के स्कूलों की वीडियो दिखाई जाएगी। जापान के विद्यालयों में विद्यार्थी अपनी कक्षा, डेस्क और बेंच खुद ही साफकरते हैं। इतना ही नहीं, लंच के बर्तन भी बच्चे खुद ही साफकरते हैं। जिले के 511 परिषदीय विद्यालय में भी बच्चों को इसको लेकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मेरा विद्यालय-स्वच्छ विद्यालय कार्यक्रम सहभागी सिद्धान्तों के आधार पर आयोजित किया जाएगा। इसे खेल खेल में शिक्षक और विद्यार्थियों के बीच आयोजित किया जाएगा, दोनों ही सहभागिता अनिवार्य रहेगी।

साफ-सफाई के दौरान अच्छे फोटोग्राफ्स मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय ग्रुप में शेयर कर उच्चाधिकारियों को भेजे जाएंगे। शासन ने बेसिक शिक्षा विभाग को यह कार्यक्रम एक जन.अभियान के साथ एक उत्सव के रूप में आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कोरोना महामारी में हर व्यक्ति के लिए निजी साफ-सफाई बेहद जरूरी हो गई है।

*"परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ रखने के लिए मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय योजना शुरू की गई है। विद्यार्थियों को जापान के स्कूल के वीडियो और उनकी एक्टिविटी दिखाकर प्रोत्साहित किया जाएगा। इस कार्य में शिक्षकों की सहभागिता अनिवार्य रहेगी।"*

*ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी*

बढ़ी उम्र के लोग तो काफी हद तक यह बात समझ चुके हैं, लेकिन छोटे बच्चों में अभी भी जानकारी का अभाव है। भविष्य में कोरोना जैसी बीमारियों से बचाव के लिए विद्यार्थियों को अभी से ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह तो सभी जानते हैं कि कोरोना महामारी में सबसे अधिक प्रभाव शिक्षा व्यवस्था पर ही पड़ा है। विद्यार्थियों को संक्रमण से बचाने के लिए जिलेभर में दो वर्षों तक स्कूलों पर ताला लटका रहा था। इस कार्यक्रम के तहत भविष्य की चुनौतियों को कम करने का प्रयास किया जाएगा।

# गाजियाबाद में मां-बेटी की फावड़े से हत्या

● दोहरे हत्याकांड में आरोपी पति गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



घटना स्थल लोगों की भीड़। इंसेंट में आरोपी पिता और मृतका

गाजियाबाद में मां-बेटी की फावड़े से हत्या कर दी गई है। दोनों के शव घर के अंदर मौजूद मिले हैं। बेटी सिर्फ 14 साल की है।

पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि पति लेट आ रहा था। भोजन लेट खाने को लेकर पत्नी और पति में विवाद हुआ था। इसके बाद गुस्से में पति ने दोनों को मार दिया। पुलिस के मुताबिक, यह वारदात नंदग्राम थाना क्षेत्र के सद्दीकनगर में गुरुवार देर रात हुई। वारदात को अंजाम देने वाला पति संजयपाल है, जिसे गिरफ्तार कर लिया है। वो ई.रिक्शा चलाता है। उसी ने घरेलू विवाद के बाद पत्नी रेखा और 14 वर्षीय बेटी ताशु को मार डाला। वारदात करके वो दरवाजा बंद करके भाग निकला था।

आरोपी ने लेट नाइट अपने दोस्त को फोन करके बताया कि उसने पत्नी-बेटी को मार दिया है। इसके बाद दोस्त ने पुलिस को फोन करके डबल मर्डर की सूचना दी। पुलिस शुक्रवार सुबह जब घटनास्थल पर पहुंची तो घर से मां-बेटी के शव बरामद हुए। इसके बाद सर्विलांस की मदद से आरोपी संजयपाल को कुछ ही घंटों में धर दबोचा। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि संजयपाल रिक्शा चालक है। अक्सर वो लेट नाइट घर पहुंचता है। खाने.पीने को लेकर उसकी पत्नी से लड़ाई हो गई थी। जिसके बाद संजय ने पत्नी व बेटी को मार डाला।

# एक और रूट पर दौड़ेगी मेट्रो दिल्ली वालों को भी होगा लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा सेक्टर-142 से बाटेनिकल गार्डन की नई मेट्रो लाइन का अलाइनमेंट जल्द फाइनल होगा। नोएडा मेट्रो रेल निगम ने बृहस्पतिवार दूसरी बार वेस्ट साइड के आरडब्ल्यूए, ग्राम प्रतिनिधि और स्टेकहोल्डर के साथ बैठक की। प्रतिनिधियों के सामने एनएमआरसी ने रूट के दो विकल्प रखे।

इसमें किसी एक को फाइनल किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले एनएमआरसी ने इसी रूट के लिए दूसरी साइड के आरडब्ल्यूए संग बैठक कर तीन विकल्प दिए थे। एक्वा लाइन के सेक्टर.142 मेट्रो स्टेशन से ब्लू व मजेंटा लाइन के बाटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन को नई मेट्रो लाइन जोड़ेगी। शुरुआत में इसका अलाइनमेंट एक्सप्रेस.वे के समानांतर रखा गया था, पर बाद में इसे आवासीय इलाकों से लेकर जाने का फैसला लिया गया। नोएडा मेट्रो रेल निगम की एमडी ऋतु माहेश्वरी की रिपोर्ट में नया कारिडोर पहले की अपेक्षा 900 मीटर बढ़ गया है। पहले 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन प्रस्तावित थी। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड डीएमआरसी ने तैयार की है। डीपीआर में छह स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। इसमें सेक्टर.142, 91, 98, 97, 125 और बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन शामिल थेए पर अंतिम विकल्प के तौर पर कुछ स्टेशनों में बदलाव कर दो विकल्प लोगों के समक्ष रखे गए।

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दिन निकलते ही पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से पंखिया गिरोह का 25000 का इनामी बदमाश जाहिद घायल हो गया। उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। इन लोगों के द्वारा मर्चेंट नेवी ऑफिसर के यहां पर परिवार वालों को बंधक बनाकर डकैती डाली गई थी।

दरसअल पुलिस को सूचना मिली कि मर्चेंट नेवी ऑफिसर के यहां पर डकैती डालने वाले पंखिया गिरोह के दो डकैत छुपाए हुए सामान को लेने के लिए आ रहे हैं। जिसके बाद पुलिस उनकी तलाश में जुट गई और यमुना एक्सप्रेस के पास पुलिस को दोनों बदमाश आते हुए दिखाई दिए पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन लोगों ने पुलिस फायरिंग शुरू कर दी।

## संक्षिप्त समाचार



जन्मदिन के मौके पर समर्थकों के साथ केक काटते सांसद महेश शर्मा।

### सांसद महेश शर्मा के जन्मदिन पर बधाइयों का तांता

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ महेश शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी है। इसके अलावा अनेक राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों एवं युवा संगठनों ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा आपको जन्मदिवस की ढेरों शुभकामनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह सदैव आपके जीवन में प्रसन्नता व शांति बनाए रखें। मुझे विश्वास है कि आप ऐसे ही समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे और देश और समाज में सकारात्मक बदलाव लाकर न्यू इंडिया के संकल्प को सिद्ध करने में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

### सेल्वा कुमारी जे बनी मेरठ मंडल आयुक्त

**नोएडा।** प्रदेश सरकार ने आज बड़े प्रशासनिक फेरबदल किए हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह के प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली जाने के बाद मेरठ के मंडलायुक्त की जिम्मेदारी सेल्वा कुमारी जे को दी गई है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत नोएडा प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इनके साथ ही आईएएस प्रभात कुमार को एसीईओ नोएडा और आनंद वर्धन को एसीईओ ग्रेटर नोएडा की जिम्मेदारी मिली है। बरेली मंडल आयुक्त के पद से हटाकर सेल्वा कुमारी जे को मेरठ का मंडल आयुक्त बनाया गया है। सेल्वा को बेहद तेज तर्रार अफसर के तौर पर जाना जाता है उनके पति भी आईएएस अधिकारी हैं। वे 2006 बैच की आईएएस अधिकारी है।

### ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट 16 को कराएगा दंगल

**नोएडा।** कुश्ती के खेल को जनपद में प्रोत्साहित करने के लिए ऋषिपाल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-15 स्थित नया बांस गांव में इस वर्ष भी विशाल दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल में देश के जाने.माने पहलवान अपने दांव-पेंच दिखाएंगे। ऋषिपाल ट्रस्ट के प्रवक्ता मनीष चौधरी ने बताया कि अतर सिंह की अध्यक्षता में ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट की एक बैठक हुई। आगामी 16 अक्टूबर 2022 को ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा नयाबास सेक्टर-15 नोएडा पर 28वे ऋषिपाल विशाल दंगल के आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

### आरएसएफ संस्था ने छात्रों को किया सम्मानित

**नोएडा।** सेक्टर-104 हाजीपुर स्थित ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को रामपत सिंह फाउंडेशन आरएसएफ संस्था द्वारा होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पांच स्थानों पर आने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संस्था के संयोजक जयराज सिंह ने बताया कि प्रदूषण, शिक्षा का महत्वए देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। इसमें तीन स्कूलों के 62 छात्र.छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रथम स्थान पर ज्ञान सागर पब्लिक की नंदनी, क्रम से द्वितीय व तृतीय स्थान पर आदित्य पब्लिक स्कूल के हेमंत और कार्तिके, चौथे नंबर पर एमआर पब्लिक स्कूल के आर्यन तिवारी और पांच वें नंबर पर ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल की प्रिया कुमारी रही।

# गलत बिजली बिल आने से उपभोक्ता परेशान

● बिल ठीक करने के नाम रिश्वत मांगने का लगे रहे आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

विद्युत निगम ने पहले उपभोक्ताओं को 10 गुना तक गलत बिजली बिल दे दिए। अब अधिकारी बिल ठीक करने के लिए तैयार नहीं है।

उपभोक्ता कई माह से विद्युत निगम के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं किया जा रहा। यहां तक की उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल ठीक करने के नाम पर पैसे मांगे जा रहे हैं। जनपद में करीब 10 लाख बिजली उपभोक्ता हैं।

पहले उपभोक्ताओं को गलत बिजली बिल दिए जा रहे हैं फिर ठीक कराने के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। जब उपभोक्ता संबंधित एसडीओ कार्यालय और मुख्य अभियंता कार्यालय में इसकी शिकायत लेकर जाते हैं तो उन्हें विभिन्न कमियां बता दी जाती हैं। कार्यालय के बाहर सक्रिय दलाल बिल ठीक करवाने के नाम पर पैसे देने डिमांड करते हैं।

"अगर किसी उपभोक्ता का गलत बिजली बिल आ गया है तो संबंधित एसडीओ कार्यालय में जाकर ठीक करा सकता है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। अगर मीटर में कोई कमी है तो जांच कर ठीक करना होगा।"

-मुकेश कुमार, मुख्य अभियंता

# अति-पिछड़ी 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ ने पीएम नरेंद्र मोदी को प्रेषित ज्ञापन में 17 अतिपिछड़ी जातियों को अनुसूचित जातियों में शामिल करने की मांग की।

इन जातियों में कश्यप, धीमर, बाथम, कहर, धींवर, प्रजापति, कुम्हार, मांझी, गोडिया, मल्लाह, केवट, निषाद, मछुआ, बिंद, भर, राजभर, तुरहा आदि शामिल हैं। यह जानकारी महासंघ के महासंघ के यूपी अध्यक्ष प्रमोद कुमार प्रजापति ने दी। प्रमोद कुमार प्रजापति ने बताया कि जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि इन 17 अतिपिछड़ी जातियों की स्थिति अत्यंत दयनीय ही नहीं, बद से बद्तर है। इस जाति के अधिकतर लोग भुखमरी की कगार पर हैं।

चूंकि ये सब कामगार जातियां जहां सृष्टि के महत्वपूर्ण कार्य में सहायक रहीं, वहीं देश के विकास में भी इनका योगदान अप्रतिम रहा है। ये सभी कामगार जातियां पारम्परिक काम-धंधे व कुटीर व्यवसाय करते हुए अपना व अपने परिवार का भरण.पोषण करती रही हैं। किन्तु, आधुनिक तकनीक ने इनके पैतृक धंधे छीनकर सभी को रसातल में पहुंचा दिया है।

## टैक्स चोरी में शामिल 11 फर्मों पर कार्रवाई

**नोएडा।** राज्य कर विभाग नोएडा एवं गाजियाबाद जोन. ।। की अपर आयुक्त अदिति सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल करते हुए नोएडा एवं गाजियाबाद जोन में कार्यरत राज्य कर के प्रवर्तन अधिकारियों के द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए नोएडा एवं गाजियाबाद जोन-।। में करापवंचन में लिप्त कुल 11 फर्मों को चिन्हित किया गया है।

उन्होंने बताया नोएडा जोन की 7 फर्मों में एवं गाजियाबाद जोन. की 04 फर्मों अर्थात कुल 11 ऊर्मों के घोषित लोकेशनों पर सर्च, विभिन्न तिथियों में की गयी। वहीं स्टॉक में भारी अंतर पाया गया।

# रामलीला: केवट प्रसंग और भरत मिलाप का हुआ मंचन

● जिले की सभी रामलीलाओं में उमड़े लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



टीएचए में शुक्रवार को रामलीला में राम केवट संवाद, दशरथ मरण, भरत मिलाप लीला का मंचन हुआ। रामलीला का मंचन देख दर्शक भावुक हो उठे। देर रात राम नाम के उद्घोष के साथ शुक्रवार की लीला का समापन किया गया।

वसुंधरा सेक्टर.एक की रामलीला मैदान में श्री हरि रामलीला ट्रस्ट, वसुंधरा सेक्टर.सात के संकट मोचन रामलीला, लाजपत नगर, वैशाली की रामलीला में रामलीला के राम केवट संवाद, दशरथ मरण, भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। लीला में राम वनवास के बाद सुमंत भटकते-भटकते अयोध्या पहुंचते हैं। उनके पहुंचने के बाद महाराज दशरथ का स्वर्गवास हो जाता है।

यह देख दर्शकों की आंखें नम हो गईं। ननिहाल से लौटे भरत को पता चलता है कि पिता जी का स्वर्गवास हो गया है और बड़े भाई राम को वनवास हो चुका है, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वह अपनी माता कैकई को बहुत कोसते हैं। पिता की अंतिम क्रिया कर्म के बाद भरत अपने भाई श्रीराम से मिलने के लिए वन में जाते हैं। भगवान श्रीराम को पिता की मौत की खबर सुनते ही आंखों से आसुंओं की धारा बहने लगती है।

सभी रामलीलाओं में शुक्रवार को देर रात तक भीड़ उमड़ी रही। वहीं, इंदिरापुरम की धरोहर रामलीला में अंकिता भंडारी के लिए सभी दर्शकों और कार्यकारिणी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही अंकिता को न्याय दिलाने की मांग की। उसके बाद लीला शुरू की गई। शालीमार गार्डन के एक्सटेंशन-दो के सी-ब्लॉक स्थित दुर्गा शक्ति पार्क में शालीमार गार्डन पूजा समिति का शुक्रवार को महापौर आशा शर्मा ने उद्घाटन किया।

इस दौरान महापौर ने पूजा पंडाल का उद्घाटन करने के बाद मां से दुआ मांगी। समिति की पदाधिकारी मंजुरी मजूमदार एवं पोनी घोष हाजरा ने बताया कि शालीमार पूजा समिति ने महिलाओं के साथ छोटे बच्चों सहित विभिन्न आंतरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है। पूजा पंडाल में बंगाल की ग्रामीण व्यवस्था को दर्शाया गया है। समिति के सदस्यों ने शौचालय अनुमोदन से संबंधित मुद्दा उठाया है। उन्होंने बताया कि पार्क में दुर्गा, लक्ष्मी, काली, सरस्वती पूजा और अन्य अवसरों पर महिलाओं को स्थायी शौचालय के अभाव में समस्या का सामना करना पड़ता है।

शौचालय बनने के बाद समिति की तरफ से इसकी देखभाल की जाएगी। वहीं, वैशाली सेक्टर.तीन स्थित सरबोजनीन श्री श्री काली पूजा समिति में गेटवे ऑफ इंडिया पूजा पंडाल का उद्घाटन साई कृपा अनाथालय की अंजिना राजगोपाल करेंगी। जिन्हें मां से जाना जाता हैं। समिति के पदाधिकारी सूर्या ने बताया कि अंजिना राजगोपाल सैकड़ों अनाथों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत यह सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम/ ऋण खाता संख्या (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बालेश्वर/राजकुमारी - (27400000668 एवं क्यूजैडबीडब्ल्यूडी00005029301) - ग्राम खोह, पोस्ट मानेसर, एनआर आईएनटी लक्ष्मी स्कूल, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 | लैट नंबर पी-108, 7वां तल, त्रेहन हिल व्यू गार्डन, टावर पी, ठाडा, भिवाडी, राजस्थान, भिवाडी-301707 | 08-07-2022 रू. 16,15,939/- | 08-02-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01-10-2022
स्थान : गुरूग्राम

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फराह दीबा, अफरोज जहाह, पी 170/4, नायडू एन्क्लेव, कैहथम लाइन्स, ओल्ड कैंट, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेशखाता नंबर :- LBALD00003216105 | फ्लैट नंबर ए 142/3, तृतीय तल, वेव एग्जीकुटिव लोर, सेक्टर-5, ग्रीन वुड एन्क्लेव, वेव सिटी, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 04-08-2022 रू. 29,29,380/- | 30-05-2022 |
| 2. | फराह दीबा, अफरोज जहाह, पी 170/4, नायडू एन्क्लेव, कैहथम लाइन्स, ओल्ड कैंट, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBLUC00004406101 | दुकान नंबर एसएफ/56, द्वितीय तल, वेव गैलेरिया, सेक्टर-3, वेव सिटी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 04-08-2022 रू. 11,59,594/- | 30-05-2022 |
| 3. | सरिता चतुर्वेदी, शिवम चतुर्वेदी, 27/191/13, टीला गोकुलपुरा, लोहामंडी, आगरा, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- LBAGR00004191091 | फ्लैट नंबर जी 39, भू तल, टावर-बी, खसरा नंबर 187, 200, 201 एवं 202 मिनजुमला, सिंघल ड्रीम सिटी, मौजा लारामाडा, तहसील एवं जिला आगरा, उत्तर प्रदेश | 04-08-2022 रू. 9,74,032/- | 06-05-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 अक्टूबर, 2022
स्थान : गाजियाबाद (नोएडा)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दीपक कुमार/राजुली देवी - LBJAI00004280140 - नंबर 45 ए, भू तल, आईपी कालोनी, फरीदाबाद, हरियाणा - 121003 | फ्लैट नंबर एस 206 से एस 210, द्वितीय तल, पिंक प्राइड, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर-303902 | 05-07-2022 रू. 48,17,987/- | 05-04-2022 |
| 2. | चंदन कुमार सिंह/कुन्ती देवी - LBJAI00004922511 - मकान नंबर 65, गली नंबर 9, ब्लॉक जी, संगम विहार, साउथ दिल्ली, नई दिल्ली-110062 | फ्लैट नंबर एन-207, 208, द्वितीय तल, पिंक प्राइड, खसरा नंबर 9, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर-303902 | 05-07-2022 रू. 24,84,582/- | 05-04-2022 |
| 3. | अमित सोनी/नीमा जलाल सोनी - LBJAI00003368110- बी-41, सेक्टर-70, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 | सम्पत्ति सं. 1. फ्लैट नंबर एस 101, प्रथम तल, पिंक प्राइड-दि सुइट्स, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, खसरा नंबर 9, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर-303902/ सम्पत्ति सं. 2. फ्लैट नंबर एस-102 से एस-105, प्रथम तल, पिंक प्राइड-दि सुइट्स, ग्राम जयसिंहपुरा बास भांकरोटा, खसरा नंबर 9, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, जयपुर-303902 | 28-06-2022 रू. 47,49,417/- | 06-12-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली एवं फरीदाबाद एवं गुरूग्राम एवं नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# प्रदूषण रोकने में पड़ोसी राज्य करें सहयोग

## चार साल में 18.6 प्रतिशत कम हुआ प्रदूषण, दिल्ली व केंद्र की योजनाओं से मिली सफलता : केजरीवाल

- सीएनजी या इलेक्ट्रिक चालित वाहन ही दिल्ली में भेजना सुनिश्चित करें
- औद्योगिक इकाइयां को प्रदूषक तत्व वाले ईंधन का उपयोग करने से रोकें
- 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करें, इससे अन्य साधनों पर निर्भरता कम होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में 2017-18 की तुलना में 2021-22 में वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। बीते चार वर्ष में पीएम-10 के स्तर में 18.6 प्रतिशत की कमी आई है। इससे शहर के लोगों ने राहत की सांस ली है।

केजरीवाल ने कहा कि सरकार द्वारा 2020 में इलेक्ट्रिक वाहन नीति लाने और 24 घंटे बिजली आपूर्ति, ताप विद्युत संयंत्रों को बंद करने, धूल के प्रदूषण पर रोक लगाने और बिजली व सीएनजी चालित बसों के संचालन से प्रदूषण स्तर में कमी आई है। दिल्ली के प्रदूषण में वाहन एक बड़ा फैक्टर हैं।

इस मामले में दिल्ली सरकार को केंद्र से महत्वपूर्ण मदद प्राप्त हुई, जिसने पेरीफेरल एक्सप्रेस हाइवे का निर्माण कराया। इससे बड़ी संख्या में ट्रकों को आगे की यात्रा के लिए अब दिल्ली के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ती और शहर की प्रमुख सड़कें जाम मुक्त रहती हैं। इससे न धुआं निकलता है और न ही सड़कों पर धूल उड़ती है।

राज्यों के बीच समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि शहर की सरकार केंद्र, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और अन्य राज्यों के साथ काम करेगी, ताकि प्रदूषण की समस्या पर लगाम लगाई जा सके।

उन्होंने कहा कि मैं सभी पड़ोसी राज्यों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध करता हूं कि दिल्ली में प्रवेश करने वाले सभी वाहन या तो सीएनजी या फिर इलेक्ट्रिक वाहन हों। वे औद्योगिक इकाइयों को भी प्रदूषण का कारक बनने वाले ईंधन का उपयोग करने से रोक सकते हैं और उन्हें पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) का उपयोग करने के लिए निर्देशित कर सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि पड़ोसी राज्य ईंट के भट्ठों द्वारा जिग-जैग तकनीक का इस्तेमाल, डीजल जेनरेटरों पर प्रतिबंध का आदेश दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि कम से कम एनसीआर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति होनी चाहिए।

उन्होंने कार्य योजना की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार इस साल करीब 5,000 एकड़ जमीन पर पराली के निपटान के लिए पूसा जैव-अपघटक का छिड़काव कराएगी जबकि पहले यह आंकड़ा 4000 एकड़ का था।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्र बनाए गए हैं, जो प्रदूषण रोकने में मदद कर समाज सेवा करना चाहते हैं। अभी तक करीब 3500 वालेंटियर्स का पंजीकरण किया जा चुका है। ये वालेंटियर्स जाकर दिल्ली के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे। इसमें कोई भी पर्यावरण मित्र बन सकता है। दिल्ली के सुधार के लिए कोई भी अपना योगदान दे सकता है। यदि कोई पर्यावरण मित्र बनना चाहता है, तो मोबाइल नंबर 8448441758 पर मिस्ड कॉल कर रूचि दिखा सकता है।


फाइल फोटो

### वास्तविक समय पर प्रदूषण स्रोतों का लग सकेगा पता

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में जल्द ही किसी भी स्थान पर वास्तविक समय के आधार पर प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाया जा सकता है, क्योंकि दिल्ली सरकार की स्रोत विभाजन प्रणाली 20 अक्टूबर से आंकड़े प्रदान करना शुरू कर देगी। दिल्ली सरकार की सलाहकार रीना गुप्ता ने बताया कि वास्तविक समय के आधार पर स्रोत विभाजन अध्ययन से शहर में प्रदूषण फैलाने वाले विभिन्न स्रोतों की पहचान करने और पता लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का पूर्वानुमान घंटे के आधार पर तीन दिन पहले और दैनिक आधार पर एक सप्ताह पहले लगाया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि विभाजन और पूर्वानुमान के आधार पर, प्रमुख प्रदूषण स्रोतों पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है। इस परियोजना के माध्यम से दिल्ली में किसी विशेष स्थान पर वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारकों की पहचान की जाएगी। प्रदूषण के स्रोत वाहन, धूल, ताप विद्युत संयंत्र, बायोमास जलाना, पराली जलाना और कारखानों से निकलने वाला धुआं हो सकता है। यह दिल्ली के भीतर और बाहर कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता और एक्यूआई का दैनिक और साप्ताहिक पूर्वानुमान भी प्रदान करेगा।*

# इस बार दिल्ली देर से पहुंचेगा पराली का धुआं

- पंजाब में बारिश से धान की कटाई में हो रहा विलंब, जल्दी खेत खाली करने के लिए किसान फिर जलाएंगे पराली

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम उपाय दिल्ली को पराली के धुएं से नहीं बचा पा रहे हैं। इस साल भी किसान पराली जलाने को मजबूर होंगे और इसका धुआं दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का बड़ा सबब बनेगा। इसका प्रमुख कारण देर तक बारिश का होना है, जिस कारण फसल कटाई में देरी होगी और अगली फसल के लिए जल्दी से जल्दी खेत खाली करने के लिए किसान पराली जलाने का विकल्प चुन सकते हैं।

प्रत्येक वर्ष अक्टूबर-नवंबर में हरियाणा-पंजाब से आने वाला पराली का धुआं लोगों का जीना मुश्किल कर देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पंजाब के कुछ क्षेत्रों में बारिश की वजह से धान की कटाई में देरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार चार से आठ अक्टूबर के बीच दिल्ली-एनसीआर तथा हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में पुन: बारिश हो सकती है। यदि अगले सप्ताह बारिश होती है तो खेतों में पराली जलाने की घटनाएं अक्टूबर मध्य तक शुरू होंगी और नवंबर अंत तक जलाए जाने की संभावना है। इस कारण किसान इसकी भरपाई करने और अपने खेतों को अगली फसल के लिए जल्द से जल्द तैयार करने के वास्ते पराली जला सकते हैं। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में कृषि इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. महेश नारंग ने कहा कि धान की कटाई में देरी होने पर अगली फसल के लिए खेतों को तैयार करने का समय कम मिलता है। इसलिए इसकी प्रबल संभावना है कि ये किसान मशीनी तंत्र के जरिए पराली से निपटने के बजाय उसे जलाएं।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) में प्रधान वैज्ञानिक विनय सहगल ने कहा कि पराली जलाने के मामले 20 सितंबर के आसपास सामने आने शुरू होते हैं, लेकिन 12-14 अक्टूबर तक आग लगने की घटनाओं की संख्या कम रहती है।

इसके बाद इनमें इजाफा होता है और पूरे नवंबर पराली जलाने की घटनाएं होती हैं। इस कारण लगभग एक से डेढ़ महीना दिल्ली-एनसीआर के आकाश में पराली का धुआं छाया रहता है। डॉ. नारंग ने कहा कि पिछले साल दिवाली और उसके बाद के दिनों में दिल्ली-एनसीआर में रहे वायु गुणवत्ता के संकट की पुनरावृत्ति की संभावना नहीं है, क्योंकि इस साल दिवाली 24 अक्टूबर को है और पराली जलाने की घटनाएं नवंबर में अधिक होंगी, इसलिए इस बार दिवाली पर हालात गंभीर होने की संभावना नहीं है।

# विंटर एक्शन प्लान कागजी, टूटी सड़कें बढ़ा रही प्रदूषण: बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदूषण को रोकने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विंटर एक्शन प्लान को सिर्फ कागजी एक्शन प्लान कहा है। दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए अपनी जिम्मेदारी से भागती रही है लेकिन जनता पर बंदिशों का ऐलान कर दिया है। सरकार की इसी लापरवाही का नतीजा है कि जनता तीन साल से दीवाली भी नहीं मना पा रही।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्रदूषण कम करने की नीयत ही नहीं है बल्कि सरकार की लापरवाही के कारण प्रदूषण बढ़ता है। लोक निर्माण विभाग की सड़कें टूटी हैं। सरकार नई द्वारा सड़कें बनाना तो दूर, कई सालों से उनकी मरम्मत तक नहीं करा रही है।

इनसे धूल के कारण ही पीएम 2.5 फैल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि राजधानी में प्रदूषण का कारण पीएम 2.5 यानी धूल ही मुख्य कारण है। सड़कें टूटी होने के कारण वाहन हिचकौले खाकर चलते हैं। इससे उनके क्षतिग्रस्त होने व दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सड़कों से उड़ने वाली धूल भी प्रदूषण बढ़ा रहा है। बिधूड़ी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन में सुधार न कर पाने के कारण वाहनों से होने वाला प्रदूषण बढ़ रहा है।

सरकार इस दिशा में भी पूरी तरह असफल रही है। डीटीसी की 3760 बसें अपनी उम्र पूरी कर चुकी हैं और उन्हें जनता की सुरक्षा को ताक पर रखकर चलाया जा रहा है। आए दिनों इन बसों में ब्रेक डाउन हो रहा है जिससे जाम की समस्या पैदा होती है और प्रदूषण बढ़ता है। हाल ही में जो 150 इलेक्ट्रिक बसें आई हैं, वे भी केंद्र ने उपलब्ध कराई हैं। दिल्ली सरकार आठ सालों में डीटीसी की एक भी बस नहीं खरीद पाई।

## संक्षिप्त समाचार

### नीरज बवाना के पिता हथियारों के साथ गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना के पिता को गिरफ्तार किया है। कारतूस के साथ अवैध पिस्तौल की बरामदगी के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके पास से कारतूस के साथ चार देसी कट्टे बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक बुलेटप्रूफ वाहन के साथ दो कार भी बरामद कीं। बवाना और उसके गिरोह के कुछ सदस्य हत्या और जबरन वसूली के कई मामलों में फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। बवाना गांव का रहने वाला नीरज सालों से बतौर गैंगस्टर सक्रिय है। वह बवाना गांव का रहने वाला है, इसलिए वह अपने सरनेम की जगह अपने गांव का नाम लगाता है।

### भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य: विनीत गोयल



**नई दिल्ली।** स्टीनबीस ने भारत में इलेक्ट्रोलाइजर्स और पॉलीसिलिकॉन उत्पादन इकाई के लिए बेहतर लाइन स्थापित करने के लिए वारी एनेर्जी लिमिटेड और डीएसई कंसोर्टियम जर्मनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस तालमेल के तहत भारत में कोयला अग्नि यंत्र को हरित ऊर्जा यंत्रों में बदलने के लिए सौर तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इस अवसर पर बोलते हुए विनीत गोयल, सीईओ, स्टीनबीस सेंटर फॉर टैक्नोलॉजी ट्रांसफर इन इंडिया ने कहा कि स्टीनबीस भारत में हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। यह भारत में स्वच्छ ऊर्जा और सरकार के दृषिटकोण के अनुरूप उत्प्रेरक है। डॉ. बर्ट्राम लोहमुएलर, निदेशक ने कहा यह ऊर्जा और परिवहन परिवर्तन लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते से भारत प्रौद्योगिकी विकास को आगे बढ़ाने के लिए अपनी ताकत का संयोजन करेंगे।

### वरिष्ठ पत्रकार संजय आनंद का निधन

नई दिल्ली। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई के वरिष्ठ पत्रकार संजय आनंद का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी अनीता आनंद और बेटे विदुर तथा व्यास हैं। उन्हें छह महीने पहले ब्रेन ट्यूमर होने का पता चला था। दिल्ली में रहने वाले आनंद ने एक दशक से अधिक समय तक पीटीआई के साथ काम किया। इससे पहले उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया, फाइनेंशियल टाइम्स और यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया एजेंसी में काम किया था। आनंद के सहकर्मियों तथा पत्रकार बिरादरी के सदस्यों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# कल ब्लू लाइन पर प्रभावित रहेगी मेट्रो सेवा

- यमुना बैंक और अक्षरधाम के बीच पटरी की मरम्मत की जाएगी : डीएमआरसी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिकी सिटी से सीधे द्वारका तक जाने वाली ब्लू लाइन की सेवाएं प्रभावित रहेंगी, जो यात्री ब्लू लाइन से सीधे द्वारका तक सफर करते थे। उन्हें शनिवार को यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन बदलना होगा उसके बाद वो द्वारका तक जा पाएंगे। इलेक्ट्रानिकी सिटी से चलने वाली मेट्रो यमुना बैंक पर पहुंचने के बाद वहां से आगे नहीं जाएगी। डीएमआरसी के सीपीआरओ अनुज दयाल ने बताया कि शनिवार को मेट्रो ट्रैक की मरम्मत की वजह से ट्रेन सेवाएं बाधित रहेंगी मगर रविवार को उन्हें सामान्य कर दिया जाएगा। मेट्रो यात्री रविवार को फिर से इन ट्रेनों का इस्तेमाल कर सीधे द्वारका तक जा पाएंगे।

अनुज दयाल ने बताया कि ब्लू लाइन यानी लाइन-3/4 (द्वारका सेक्टर-21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी (एनईसी)/वैशाली) पर यमुना बैंक और अक्षरधाम के बीच पटरी के रखरखाव कार्य करने के लिए 2 अक्टूबर रविवार तक सुबह ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। ट्रेन सेवाएं शुरू होने से दोपहर 2.00 बजे तक नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी से द्वारका/द्वारका सेक्टर-21 के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री केजरीवाल ने राघव चड्ढा की गिरफ्तारी की आशंका जताई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुजरात सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार पर भी हमलावर है।

उन्होंने आप नेता राघव चड्ढा की गिरफ्तारी की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि चड्ढा को गुजरात में पार्टी के राजनीतिक मामलों का सह-प्रभारी नियुक्त जाने के बाद से ही गिरफ्तार करने की तैयारियां की जा रही है। केजरीवाल ने यह नहीं बताया कि कौन-सी एजेंसी चड्ढा को गिरफ्तार करने की कथित योजना पर काम कर रही है और उन पर क्या आरोप हैं।

राज्यसभा सदस्य चड्ढा को इस साल की शुरुआत में पंजाब के विधानसभा चुनावों में आप की जीत में अहम भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है। उन्हें हाल में गुजरात में पार्टी के राजनीतिक मामलों का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया। गुजरात में इस साल चुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने शुक्रवारको ट्वीट कर बताया कि राघव को गुजरात का सह प्रभारी नियुक्त किया है।

# बम की अफवाह से मलेशिया जा रही उड़ान में देरी

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से मलेशिया जाने वाली एक उड़ान शुक्रवार को विमान में सवार दो यात्रियों के बीच हुए झगड़े के दौरान बम की झूठी अफवाह के कारण देरी से रवाना हुई। मलेशिया एयरलाइंस की एमएच173 उड़ान से दोपहर करीब एक बजे बम की धमकी के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क किया गया, जिसके बाद उन्होंने पूरे विमान की गहन जांच की।

अधिकारियों के मुताबिक, विमान ने दो घंटे 40 मिनट की देरी के बाद कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी और घटना में कथित तौर पर शामिल चार यात्रियों को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। विमान के ओवरहेड केबिन में बैग रखने को लेकर दो यात्रियों के बीच बहस छिड़ गई। एक यात्री ने दूसरे से पूछा कि उसके बैग में क्या है तो दूसरे ने जवाब में बम कहा।

# नाबालिग छात्र की दोस्त ने चाकू घोपकर की हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में 17 वर्षीय छात्र की उसके साथ पढ़ने वाले दोस्त ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी लड़के ने ऑनलाइन एक चाकू खरीदा था। घटना बृहस्पतिवार की है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) उषा रंगनानी ने कहा कि घायल की पहचान बुराड़ी निवासी दीपांशु के रूप में हुई है। उसे कई बार चाकू मारा गया था। छात्र को अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जांच के दौरान यह खुलासा हुआ कि दीपांशु का उसके स्कूल में कुछ छात्रों के साथ विवाद हुआ था। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जिनमें से कुछ बाहरी थे, को आजादपुर के लाल बाग में पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, उन्होंने बदला लेने के इरादे से दीपांशु की हत्या कर दी। दोनों दीपांशु और उसकी हत्या करने वाले नाबालिग छात्र कक्षा 10 में अलग-अलग सेक्शन में पढ़ते थे। इस संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत आदर्श नगर थाना में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू को बरामद कर लिया गया है।

# अस्पताल की इमरजेंसी में चलीं तड़ातड़ गोलियां




- जामिया के दो छात्र गुटों में हुआ था झगड़ा, एक घायल को अस्पताल लेकर आए थे साथी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

होली फैमिली अस्पताल में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र को एक अन्य छात्र ने गोली मार दी। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के निवासी नोमान चौधरी के सिर पर गंभीर चोट आई थी और वह इलाज के लिए अपने दोस्त नोमान अली के साथ दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर स्थित होली फैमिली अस्पताल गया था। पुलिस ने इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में छात्रों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी।

पूछताछ के दौरान पता चला कि छात्रों के दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया है। घटना में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के निवासी नोमान चौधरी (26) के सिर पर गंभीर चोट आई थी और वह इलाज के लिए अपने दोस्त नोमान अली के साथ दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जामिया नगर स्थित होली फैमिली अस्पताल गया था। इस बीच दूसरे समूह का छात्र जलाल अपने दोस्तों के साथ अस्पताल पहुंचा और आपात वार्ड के बाहर अली पर गोली चला दी। घायल को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। अपराध शाखा का एक दल घटनास्थल का मुआयना कर रहा है।

# पेड़ों के कारण लटके 15 प्रोजेक्ट, एलजी ने सीएम को फिर लिखा पत्र

## फैसला नहीं लेने से बर्बाद हो रहे जनता के रुपये, बढ़ती है लागत, तय होनी चाहिए जिम्मेदारी : उपराज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में पेड़ों की वजह से 15 महत्वपूर्ण परियोजनाएं लंबे समय से अधर में लटकी हैं। इनमें से कई योजनाओं के लिए वर्ष 2019 में वन विभाग से पेड़ काटने की अनुमति मांगी गई थी लेकिन सरकार की तरफ से इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है।

इस मुद्दे पर उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दोबार पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा कि इन पेड़ों के प्रत्यारोपण के लिए जगह की पहचान किए जाने के बाद भी सरकार कोई निर्णय नहीं ले रही है। इससे पहले एलजी ने 17 अगस्त को एक पत्र लिखा था। उपराज्यपाल की तरफ से लिखे गए पत्र में कहा गया है कि दिल्ली सरकार द्वारा निर्णय नहीं लेने के चलते हो रही देरी से आम लोगों के रुपये बर्बाद हो रहे हैं। इसके चलते लंबित परियोजनाओं की लागत बढ़ती है जिसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इसके अलावा इन प्रोजेक्ट में होने वाली देरी से लोगों को भी वह सुविधा नहीं मिल रही है जो उन्हें मिलनी चाहिए। राहत के लिए कई विभागों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है जिससे उनका भी समय बर्बाद हो रहा है। इसलिए उन्होंने पिछने महने अगस्त में पत्र लिखकर सरकार को आवेदन पर निर्णय लेने के लिए कहा था। उपराज्यपाल ने लिखा है कि पेड़ को काटने या उसके प्रत्यारोपण का निर्णय होने से लोक निर्माण विभाग, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, भारतीय रेलवे के अटके हुए प्रोजेक्ट पूरे हो सकेंगे। इन लंबित आवेदनों पर जल्द से जल्द सरकार निर्णय ले ताकि अटके हुए प्रोजेक्ट पूरे हो सकें। उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री राजनीति से ऊपर उठकर अपने पर्यावरण मंत्री को इन आवेदनों पर जल्द फैसला करने के लिए कहेंगे। इससे दिल्ली वालों को भी काफी राहत मिलेगी।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल | उपराज्यपाल वीके सक्सेना

### कई योजनाओं में हो रही देरी

जनवरी 2022 से एम्स के पुनर्विकास का काम रुका हुआ है। वर्ष 2021 में पश्चिम विहार से मधुबन चौक और मजलिस पार्क से डेरावाल नगर के बीच बनने वाले मेट्रो प्रोजेक्ट की फाइल लटकी है। वर्ष 2019 में साकेत जी-ब्लॉक-खानपुर-तुकलकाबाद की फाइल लंबित है। अप्रैल 2022 में पुल बंगश से घंटाघर और जनकपुरी पश्चिम से आरके आश्रम और साकेत जी-ब्लॉक से संगम विहार के बीच बनने वाली मेट्रो की फाइल से अटकी हुई है। वर्ष 2021 आइआइटी दिल्ली में बनने वाले नये इंजीनियरिंग ब्लाक की फाइल सरकार के पास लंबित है। वर्ष 2021 से सीआइएसएफ की बिल्डिंग बनने का प्रोजेक्ट लंबित है।

दिल्ली नगर निगम

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अपील

दिल्ली और एनसीआर में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण घरों, इमारतों तथा खाली जमीनों में और आसपास जल जमाव में भारी वृद्धि हुई है। इससे मच्छरों के प्रजनन की संभावना बढ़ गई है और डेंगू, मलेरिया तथा चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के फैलाव में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

डेंगू और चिकनगुनिया वायरल रोग हैं, जिनके लिए न तो टीके हैं और न ही एंटी-वायरल दवाएं उपलब्ध हैं। रोकथाम ही बचाव का एकमात्र उपाय है।

अतः आम जनता से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित कदम उठाकर अपने घरों और कार्यस्थलों के आस-पास मच्छरों के प्रजनन को रोकने में भागीदार बनें और हमारा साथ दें:-

1. अपने घरों एवं कार्यालयों में और आसपास जल जमाव न होने दें।
2. कूलर से पानी निकालने के बाद उसे सूखा कर रखें।
3. अप्रयुक्त टायर, टूटे हुए बर्तन, धातु तथा प्लास्टिक कचरे और खुले में पड़े अन्य कबाड़ का निपटान करें।
4. पक्षियों के जल पात्र और फ्लावर गमलों का पानी नियमित रूप से बदलें।
5. पानी की टंकियों और पानी के अन्य कंटेनरों को अच्छी तरह से बंद कर के रखें।
6. निर्माण स्थलों पर मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए पानी के ठहराव को रोकें और उसे चैनलाइज़ करें।
7. पूरी बाजू के कपड़े, जुराबें और जूते पहनें ताकि मच्छर के काटने की कोई संभावना न रहे।
8. बुखार होने पर पैरासिटामोल और ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करें। एस्पिरिन और इबुप्रोफेन को दवाओं की तरह न लें। चिकित्सक से परामर्श लें।

जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में जारी।

R.O. No. 33/DP/MCD/2022-23

घबराएं नहीं, मच्छरों को पनपने से रोकें और सुरक्षित रहें।

# आजादी आंदोलन में छह महीने लाहौर जेल में बंद रहीं सिरसा की चांद बाई

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## मात्र 14 साल की उम्र में फकीरचंद जैन को अंग्रेजों ने दी फांसी

## नहीं भुला सकते इन अग्र वीरों का आजादी आंदोलन में योगदान

**आजादी** के आंदोलन में अहीरवाल समेत पूरे हरियाणा के अग्र वीरों ने जो शौर्य दिखाया, वह आज की पीढ़ी को याद रखना जरूरी है। सिर्फ व्यापार और दुकानदार नहीं, बल्कि अग्रवाल समाज ने 1857 की क्रांति से लेकर आजादी तक अनेक बलिदान दिए हैं। हम आपको अहीरवाल के अलावा हरियाणा के उन वीरों के जीवन की गाथा से रूबरू करा रहे हैं, जिन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाई। सबसे कम उम्र के अग्र समाज से बलिदानी फकीरचंद ने 14 साल की उम्र में बलिदान दिया। ऐसे वीरों की बलिदान गाथा यहां शनिवार 1 अक्टूबर को होने वाले अग्रसेन जयंती समारोह अग्रसमागम-2022 में दिखाई जाएगी।

**सिरसा की चांदबाई व परिवार का बलिदान अविस्मरणीय** : हरियाणा के सिरसा की रहने वाली चांद बाई के बलिदान को भी भुलाना नहीं जा सकता। श्यामलाल सत्याग्रही की धर्मपत्नी चांद बाई ने असहयोग आंदोलन में सबसे पहले अपने परिवार के कपड़े इकट्ठे किए और उनकी होली जलाने में अपने पति का साथ दिया। वर्ष 1922-23 में चांद बाई व उनके पुत्र गांधी जी के साबरमती आश्रम में रहे। व्यक्तिगत सत्याग्रह में सक्रियता से भाग लेने के कारण उन्हें पुत्र के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। छह महीने की कैद की सजा सुनाते हुए उन्हें लाहौर जेल भेज दिया गया, जबकि उनके पुत्र मदन गोपाल को 9 माह की सजा सुनाकर गुजरात स्पेशल जेल भेजा गया।


चांद बाई। फकीरचंद जैन। दर्शन लाल। रफ्तामल। हुकमचंद जैन। देशबंधु गुप्ता।

**फकीरचंद जैन ने 14 साल की उम्र में दी शहादत** : हरियाणा के हांसी के रहने वाले फकीरचंद जैन भी अग्र वंश का नाम रोशन करने वाली शख्सियत थे। उनका जन्म 1845 में हुआ था। बचपन से ही वे अपने चाचा हुकमचंद जैन के साथ अधिक समय व्यतीत करते थे। मुगल सम्राट बादशाह बहादुर शाह जफर ने अपने दरबार में उन्हें सम्मानित किया था। 19 जनवरी 1858 को हांसी में लाला जी की हवेली के सामने हुकमचंद एवं मिर्जा मुनीर बेग को फांसी पर लटकाया जा रहा था। अंग्रेजों के खिलाफ बोलने पर बालक फकीरचंद को भी गिरफ्तार कर लिया। बिना किसी मुकदमें के ही चाचा हुकमचंद के साथ फकीरचंद जैन को भी फांसी दे दी गई। इस तरह से मात्र 14 साल की उम्र में फकीरचंद जैन ने देश के लिए कुर्बानी दी और मौत सामने देखकर भी डरे नहीं।

**15 साल की उम्र में आंदोलन में कूदे दर्शन लाल** : हरियाणा के जगाधरी के रहने वाले पद्मभूषण दर्शन लाल जैन सिंगला का जन्म 12 दिसम्बर 1927 को हुआ था। बचपन से ही उनमें देशभक्ति की भावनाएं हिलौरे लेतीं थी। वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संपर्क में आए। वे गांधीजी से भी प्रेरित थे। ब्रिटिश शासन के दौरान जब गणवेश के रूप में खादी पर प्रतिबंध था, तब वे खादी पहनकर स्कूल जाते थे। 15 साल की उम्र में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उन्हें राष्ट्र हित में किए गए अनेक कार्यों की बदौलत वर्ष 2019 में भारत सरकार के सर्वोच्च पुरस्कारों में से एक पद्मभूषण से नवाजा गया। तत्कालीन वाजपेयी सरका के कार्यकाल में दर्शन लाल जैन को राज्यपाल पद और डीएवी कालेज फॉर गर्ल्स के संस्थापक बने। दर्शनलाल जैन सिंगला ने 20 वर्षों तक भारत विकास परिषद हरियाणा और 30 वर्षों तक वनवासी कल्याण आश्रम तथा गीता निकेतन एजुकेशन सोसायटी का नेतृत्व किया।

**गांधीजी के आह्वान पर आंदोलन में कूदे रफ्तामल** : वर्ष 1878 में लाला रफ्तामल अग्रवाल के घर जन्मे श्यामलाल सत्याग्रही पेशे से वकील थे। वे सिरसा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1920 में वकालत छोड़कर गांधीजी के आह्वान पर असहयोग आंदोलन में कूद पड़े। 15 जनवरी 1922 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। छह माह के लिए उन्हें अंबाला जेल में कैद में रखा गया। श्यामलाल सत्याग्रही वर्ष 1923 में पंजाब विधान परिषद के सदस्य और 1940 में केंद्रीय विधानसभा (वर्तमान में लोकसभा) के सदस्य बनें।

**झुके नहीं, हंसते हुए फांसी पर लटक गए लाल हुकमचंद जैन** : वर्ष 1816 में लाला दुनीचंद जैन के घर जन्मे लाला हुकमचंद जैन बचपन से ही मेधावी थी। अपनी प्रतिभा को आधार बनाकर उन्होंने मुगल बादशाह के दरबार में निष्ठापूर्ण और सराहनीय सेवाएं देने के बाद वे वापस हांसी लौट आए। इस बीच हरियाणा पर अंग्रेज काबिज हो गए और इसे अपने अधीन कर लिया। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल बजते ही लाला हुकुमचंद जैन ने बहादुरशाह जफर से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ युद्ध करने की पेशकश की। बहादुरशाह जफर ने उन्हें हर तरह से सहायता देने का भरोसा दिलाया। दिल्ली के कमिश्नर सीएस सांडरस ने हुकुमचंद जैन और मिर्जा मुनीर बेग को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी की सजा सुना दी। 19 जनवरी 1958 को लाल हुकमचंद जैन व मिर्जा मुनीर बेग को लाला जी के घर के सामने ही फांसी पर लटका दिया गया।

**लाल देशबंधु गुप्ता ने पत्नी व पुत्र को साथ लेकर लड़ी लड़ाई** : इसी तरह से लाला देशबंधु गुप्ता पानीपत वाले ने भी आजादी आंदोलन में अपनी महत्ती भूमिका निभाई। उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्रत्येक आंदोलन में भाग लेकर उसके साथ आमजन को जोड़ा। अंग्रेज सरकार की आंखों की किरकिरी बनने के बावजूद आंदोलन की राह पर वे आगे बढ़ते रहे। कई बार उन्हें जेल भेजा गया। वर्ष 1932 में उनकी धर्मपत्नी सोना देवी ने भी महिलाओं को आंदोलन से जोड़ा। जिस कारण उन्हें 3 महीने की सजा भुगतनी पड़ी। उनके 15 साल के पुत्र को भी गिरफ्तार किया गया। लाला देशबंधु गुप्ता ने वंदे मातरम समाचार पत्र समेत अन्य समाचार पत्रों में संपादकीय के माध्यम से अंग्रेस सरकार को परेशान किया। दिल्ली क्षेत्र में संसद सदस्य वे चुने गए। स्वतंत्र भारत का संविधान बनाने के लिए गठित कमेटी में वे भी एक प्रतिनिधि के रूप में शामिल रहे। 21 नवम्बर 1951 को एक हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया।

# ई-व्हीकल सेगमेंट में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा दें उद्योग : बंडारू दत्तात्रेय

## गुरुग्राम में एमएलएल की 50वीं वर्षगांठ पर पहुंचे राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में एलएमएल की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पैरालंपिक खिलाड़ी दीपा मलिक, अभिनेता सोमन मिलिंद और साथ हैं एलएमएल के अधिकारीगण।

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उद्योगों का आह्वान किया कि वे विश्वविद्यालयों के साथ ई-व्हीकल सेगमेंट में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने के लिए आगे आए। वे यहां एक होटल में एलएमएल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में एलएमएल कंपनी ने अपने तीन मॉडल भी लांच किए, जिसमें एल एमएल ओरियन ई-साइकिल, मूनशॉट ई-बाइक तथा एलएमएल स्टार स्कूटी शामिल थे। कार्यक्रम में गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद तथा पैरालंपिक खिलाड़ी दीपा मलिक भी पहुंचे थे। कार्यक्रम का संचालन बॉलीवुड एक्टर मिलिंद सोमन ने किया।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि देश में इलेक्ट्रिक और बैटरी इको-फ्रेंडली वाहनों के निर्माण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने 2015 में हाइब्रिड और फेम इंडिया योजना शुरू की थी। वर्तमान में फेम इंडिया योजना का चरण-2 अप्रैल 2019 से पांच साल की अवधि के लिए लागू किया जा रहा है, जिसमें कुल बजट सहायता 10,000 करोड़ रुपये है। फेम इंडिया फेज-2 योजना के तहत, 68 शहरों में लगभग तीन हजार सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी गई है और 9 एक्सप्रेस-वे और 16 राजमार्गों पर लगभग 1600 ईवी चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी गई है। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2021 से 2030 के बीच की अवधि में ईवी उद्योग विकास दर 49 प्रतिशत रहने की संभावना है। ईवी सेग्मेंट की मात्रा सन 2030 तक 17 मिलियन की वार्षिक बिक्री को पार कर सकती है और हरियाणा इसे प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का इरादा रखता है। इसी तरह वाहन विकास, चार्जिंग इफ्रास्ट्रक्चर और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास इस समय की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के वैज्ञानिकों ने एक इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर विकसित किया है। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं है। यह निरंतर शोध का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए पंचामृत नामक महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन रोकने में पंचामृत के रूप में भारत का अभूतपूर्व योगदान होगा।

## किसान सतीश हत्याकांड की जांच अपराध शाखा को सौंपी

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस शहर की गहलोत कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय किसान सतीश हत्याकांड की जांच करेगी। यह जांच सदर थाना सोहना थाना पुलिस कर रही थी। मृतक के परिजनों ने किसान की हत्या कराने में नौकर सोनू की भी मिलीभगत होने की आशंका जताई गई है।

24 सितम्बर की रात को गहलोत विहार कॉलोनी निवासी किसान 42 वर्षीय सतीश की धारदार हथियार से हमला करते हुए हत्या कर दी थी। हत्याकांड में सदर थाना पुलिस सोहना ने मृतक किसान सतीश की शिकायत पर कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी पवन उर्फ छोटू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए उसे 24 घंटा में गिरफ्तार कर लिया था। हत्यारोपी ने मृतक की हत्या करने का राज किसान द्वारा शराब के नशा में गंदी गालियां देने से लेकर लाठी मारना और मांगने पर मजदूरी न देने पर यह कांड करने के लिए मजबूर होना बताया था। सदर थाना पुलिस ने हत्यारोपी से धारदार हथियार की बरामदगी के लिए अदालत से एक दिन की रिमांड पर लिया था।

# छोड़कर हमको किसके सहारे, हे पिताजी, किधर को सिधारे...

## जैकबपुरा की श्रीदुर्गा रामलीला में कलाकार कर रहे जीवंत मंचन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में राम, लक्ष्मण, सीता को नदी पार कराते केवट की लीला का दृश्य।

**राजा** दशरथ की मौत का समाचार सुनकर भरत और शत्रुघ्न ननिहाल से अयोध्या नगरी पहुंचते हैं। अयोध्या आकर दोनों भाई पहले मां कैकेयी के पास जाते हैं। उनसे वे अपने भैया राम, लक्ष्मण व सीता के बारे में पूछते हैं। मां कैकेयी उन्हें सब कुछ बताने समझाने का प्रयास करती है। यह दृश्य है जैकबपुरा की श्रीदुर्गा रामलीला का। लीला की शुरुआत में राम, लक्ष्मण और सीता वनों में जा रहे हैं।

इस दौरान उनकी निषादराज से भेंट होती है। तीनों को वनों में छोड़कर सुमंत अयोध्या महल में लौटते हैं। केवट ने राम, लक्ष्मण और सीता को नदी पार करवाई। इससे पहले उन्होंने तीनों के चरण धोकर उस पानी को पीया। दूसरी ओर ननिहाल से अयोध्या पहुंचे। भरत के बार-बार पूछने पर मां कैकेयी ने बताया कि उसने राजा दशरथ से भरत के लिए राज और राम को 14 वर्ष का वनवास मांगा है तो भरत आग-बबूला हो उठते हैं। वे अपनी मां को पापिन, कुलक्षणी जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं। साथ ही पिता की मौत का दुख प्रकट करते हुए कहते हैं-छोड़कर हमको किसके सहारे, हे पिता जी किधर को सिधारे, ये अकेले किधर की तैयारी, हाय फूटी है किस्मत हमारी। इसी बीच कैकेयी भरत को समझाते हुए कहती है कि अब तुम अयोध्या का राज संभालो। भरत अपनी मां कैकेयी से कहते हैं-मुझे तेरा राज्य विष के बराबर लगता है, जिसे तू राज्य समझ रही है, मुझे वह कंकड़-पत्थर लगता है। पेड़ को काटकर पत्तों को सींचना चाहती हो, कर दिया नाश कुल का, अब मुंह दिखाना चाहती हो। इसके बाद भरत को राजा दशरथ का अंतिम संस्कार करने का कहा जाता है। भरत माता कौशल्या से भी मुलाकात करते हैं। कौशल्या उन्हें आराम से अयोध्या का राज करने को कहती है। इसके जवाब में भरत कहते हैं कि माता ऐसा नहीं हो सकता कि बड़े भाई के रहते छोटा भाई राज करे।

# प्रेमिका ने प्रेमी संग मिल गला दबाकर की पति की थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** थाना पुलिस साढ़े पांच माह पहले प्रेमी का गला दबाकर हत्या करने वाली उत्ताराखंड निवासी प्रेमिका और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार प्रेमिका और उसके पति के खिलाफ हत्या तथा हत्या के बाद शव को खुर्दबुर्द करने के इरादे से जमीन में दफन करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने उत्तराखंड निवासी सब्जी दुकानदार के शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए रोहतक की पीजीआई अस्पताल में भेज दिया है। 14 अप्रैल को उत्तराखंड के शहर हलद्वानी से गाजियाबाद के लिए कहकर निवाला 40 वर्षीय सब्जी दुकानदार बनी मौर्य संदिग्ध हालत में लापता हो गया था। संदिग्ध हालत में लापता होने की छोटे भाई रूपचंद मौर्य ने अपनी निकट तक पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। बनी मौर्य की तलाश में साढ़े पांच से तलाश करते हुए उत्तराखंड की पुलिस बुधवार को भोंडसी थाना में पहुंची। उत्तराखंड पुलिस अपने साथ पीडित रूपचंद द्वारा लगाए हत्या करने के आरोपी धनदेवी और उसका पति हरीशपाल को भी लेकर पहुंची थी। जिनकी निशानदेही पर उत्तराखंड पुलिस ने गुरुवार को कड़ी मशक्कत के बाद भोंडसी की शनि विहार कॉलोनी के खाली प्लाट में जमीन के नीचे दबे बनी मौर्य का शव निकालने कामयाब हो गई थी। शव मिलने के साथ ही भोंडसी थाना पुलिस ने मृतक के भाई रूपचंद मौर्य की शिकायत पर मृतक की प्रेमिका धनदेवी और उसका पति हरीशपाल को गिरफ्तार करते हुए उनके खिलाफ हत्या व शव को खुर्दबुर्द करने का मामला दर्ज कर लिया था।


मृतक बनी मौर्य के शव की तलाश में गुरुवार को भोंडसी की शनि विहार कॉलोनी में जमीन को जेसीबी से खुदवाते ड्यूटी मैजिस्टेट नायब तहसीलदार तथा साथ खड़े भोंडसी थाना के सहायक प्रभारी एसआई मुकेश कुमार।

# गुरुग्राम में भी होंगी जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठकें

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## शिखर सम्मेलन को लेकर विदेश मंत्रालय की टीम ने किया गुरुग्राम का दौरा

**भारत** आने वाली एक दिसंबर 2022 से एक साल के लिए जी-20 देशों के समूह का अध्यक्ष बनने जा रहा है। इस दौरान अलग-अलग विषयों पर देश के विभिन्न भागों में मंत्री स्तर, सेरपा अथवा वर्किंग ग्रुप, अन्य कार्य समूहों तथा गोष्ठी सहित अलग-अलग स्तर की लगभग 200 बैठकें होंगी। इन बैठकों के आयोजन के लिए अभी तक भारत के 55 विभिन्न शहरों का चयन किया गया है। इनमें से हरियाणा का गुरुग्राम भी एक है। यहां करीब पांच बैठकें होंगी। इसे लेकर शुक्रवार को विदेश मंत्रालय की जी-20 टीम ने गुरुग्राम का दौरा किया। संबंधित अधिकारियों के साथ बैठकों के आयोजन को लेकर चर्चा की। विदेश मंत्रालय की इस जी-20 शिखर सम्मेलन टीम में विशेष कार्य अधिकारी प्रवीन जाखड़, भारतीय सांस्कृति संबंध परिषद (आईसीसीआर) से कार्यक्रम निदेशक महेंद्र सहगल तथा जी-20 लॉजिसटिक्स कंसलटेंट लक्ष्मी प्रभा शामिल थे।

विदेश मंत्रालय की जी-20 टीम ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन के अंतर्गत सालभर होने वाले आयोजनों के लिए अब तक पूरे देश के अलग-अलग भागों में 55 शहरों की पहचान की गई है। आयोजनों में अलग-अलग विषयों जैसे स्वास्थ्य, वित्त, पर्यावरण, सामाजिक, संस्कृति, पर्यटन आदि सहित लगभग 13 विषयों पर बैठकें होंगी। 12 बैठकें मंत्री स्तर की भी होंगी। उन्होंने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के मुख्य कार्यक्रम में राज्यों के मुखिया भी भाग लेंगे। देश के विभिन्न शहरों में होने वाली इन बैठकों में से चार या पांच बैठकें गुरुग्राम में होंगी। इस दौरान शिखर सम्मेलन के सदस्य देशों तथा अन्य आमंत्रित देशों के सामने हरियाणा की समृद्ध विरासत, लोक संस्कृति तथा अन्य विशेषताओं को प्रदर्शित करने का पूरा मौका मिलेगा। जी-20 टीम के सदस्य प्रवीन जाखड़ ने कहा कि बैठकों के आयोजन के दिनों में शाम को भोजन के समय हरियाणवीं लोक संस्कृति को प्रदर्शित करते सांस्कृतिक कार्यक्रम, यहां के लोक वाद्य यंत्रों से संगीत आदि को दिखाया जा सकता है। लोक निर्माण विश्राम गृह के सभागार में हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में हरियाणा भवन दिल्ली के एडीशनल रेजीडेंट कमिशनर धर्मेंद्र सिंह, गुरुग्राम के चीफ प्रोटोकॉल अधिकारी वत्सल वशिष्ठ, नगराधीश का कार्यभार देख रहीं अनु श्योकंद, फरीदाबाद से जिला परिषद की सीईओ सुमन भांकर, नूंह जिला परिषद के सीईओ प्रदीप अहलावत, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक आरपी कुण्डु, लायजन ऑफिसर राजेंद्र शर्मा व एजीएम हरविंद्र सिंह, कला एवं संस्कृति विभाग से कौशल, डीसीपी ईस्ट विरेंद्र विज सहित कई अधिकारीगण उपस्थित थे।


जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर बैठक लेते विदेश मंत्रालय के अधिकारी।

# गोल्डन गेट यूनिवर्सिटी: उच्च शिक्षा के वैश्वीकरण को ऑन-कैंपस इमर्सन प्रोग्राम की पेशकश की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

upGrad

**एशिया** की सबसे बड़ी हायर एडटेक कंपनी अपग्रैड ने अपने यूनिवर्सिटी पार्टनर सैन फ्रांसिस्को की गोल्डन गेट यूनिवर्सिटी (जीजीयू) के साथ साझेदारी में स्टूडेंट्स के लिए ऑन-कैंपस इमर्सन प्रोग्राम को लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम उन छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो ऑनलाइन शिक्षा के साथ सिलिकॉन वैली में जमीनी रूप से होने वाले व्यावहारिक अनुभवों और बातचीत को बढ़ाना चाहते हैं। वैकल्पिक इमर्सन प्रोग्राम स्टूडेंट्स को वित्तीय लचीलता की पेशकश करते हैं। कैलिफोर्निया के सबसे पुराने प्राइवेट कॉलेजों से एक की पुरानी विरासत को अपने में समेटे हुए, जीजीयू के पास 70 हजार से ज्यादा ग्रेजुएट्स का मजबूत एल्युमिनी नेटवर्क है,जोकि फॉर्च्यून 500 कंपनियों में लीडर्स हैं। इनमें से कई जीजीयू के डाउनटाउन सैन फ्रांसिस्को कैंपस में स्थित हैं। ऑन-कैंपस इमर्सन प्रोग्राम को छात्रों को क्लासरूम चर्चाओं के साथ ऑफ-साइट टूर्स के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे सिलिकॉन वैली की रचनात्मक ऊर्जा और वैश्विक प्रतिस्पर्धा सामने आएगी। इस इमर्सन प्रोग्राम में छात्रों को ये सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

देश-विदेश के फैकल्टी-प्रैक्टीशनर्स के साथ 1 टू 1 सेशन, दोस्तों और प्रोफेशनल्स के साथ ऑन-कैंपस नेटवर्किंग और लाइव डिस्कशन फोरम, वास्तविक दुनिया और वास्तविक समय के परिदृश्यों का आभास देते व्यावहारिक लाइव क्यूरेटेड कंसल्टिंग प्रोजेक्ट्स, सिलिकॉन वैली में इनोवेशन इकोसिस्टम के जटिल पहलुओं को एकीकृत करने पर वर्कशॉप,ऑफ-कैंपस टूर से सैनफ्रांसिस्को की स्टीम संस्कृति और सिद्धांतों के जरिए नए अनुभव मिलेंगे।

अपग्रैड के सह-संस्थापक फाल्गुन कोमपल्ली ने कहा, यह एक रणनीतिक आह्वान है, जिससे भारतीय छात्रों को विभिन्न देशों के सांस्कृतिक और शैक्षिक माहौल को देखने-समझने का अवसर मिलेगा, जिससे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ने के लिए सॉफ्ट स्किल्स सीख सकेंगे। अपने दूतावास द्वारा जारी सबसे नवीन वाणिज्य दूतावास के आंकड़ों के अनुसार अधिकांश दूतावास अब एक छात्र के साथ इंटरव्यू अरेंज करने में 6 महीने का वक्त लेते हैं। वीजा के लिए इंटरव्यू का इंतजार का समय अब एक साल से ज्यादा हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग की वेबसाइट Travel.State.Gov के अनुसार भारतीय राज्यों के अमेरिकी दूतावास में स्टूडेंट वीजा के लिए 471 दिन और टूरिस्ट वीजा के लिए 582 दिन की प्रतीक्षा अवधि है। किसी गैरप्रवासी वीजा के लिए आवेदन देने वाले उम्मीदवार को अप्वाइंटमेंट के लिए 198 दिनों तक इंतजार करना पड़ सकता है। फाल्गुन ने कहा, हमने हमेशा छात्रों को सीखने का सहज अनुभव प्रदान करने की कोशिश की है। यह अपनी तरह का अनूठा अवसर है, जहां 7-10 दिनों की ट्रिप छात्रों के संपूर्ण पाठ्यक्रम के ज्ञान और सीखने के अनुभव को धार देती है। यह अवसर अपग्रेड से जुड़े छात्रों को ऑन-कैंपस गतिविधियों में शामिल होने के लिए टूर का हिस्सा होने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे वह गोल्डन गेट यूनिवर्सिटी के टॉप ग्लोबल प्रोफसर्स से पढ़ने का अनुभव हासिल कर सकेंगे। भारत और अमेरिका के सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने वाली पहल पर टिप्पणी करते हुए गोल्डन गेट यूनिवर्सिटी, सैन फ्रांसिस्को में ग्लोबल अफेयर्स के वाइस प्रोवोस्ट और प्रोफेसर जे. गोंजालेज ने कहा, अपनी स्थापना के 120 वर्षों के बाद से जीजीयू ने इंडस्ट्री के दिग्गजों को तैयार करने की लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखा है।

# प्रदेश सरकार बाजरे को 2350 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदेगी


सोहना अनाज मंडी में किसान द्वारा बिक्री के लिए लाए बाजरे को साफ करते मजदूर।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**प्रदेश** सरकार किसान की बाजरे की फसल को 2350 रुपये क्विंटल में खरीदेगी। अभी तक बाजरे की अनाज मंडी में 2520 क्विंटल आवक हो चुकी है। जिसे निजी एजेंसियों ने खरीदा है।

प्रदेश सरकार ने इस बार बाजरे की सरकारी खरीद में किसानों के हित में 100 रुपये की बढ़ोत्तरी करते हुए समर्थन मूल्य 2350 रुपये की घोषणा की है। वर्ष 2021 में प्रदेश सरकार ने बाजरे का समर्थन मूल्य 2250 रुपये रखा था। स्थानीय अनाज मंडी में बाजरे की आवक शुरू हो गई है। अभी तक किसानों द्वारा 2520 क्विंटल बाजरा निजी एजेंसियों को बेचा है, क्योंकि अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद के लिए अभी तक सरकारी एजेंसी को जिम्मेदारी नहीं सौंपी है।

> **किसानों** की बाजरे की फसल को बिक्री कराने के लिए मंडी परिसर में सभी तैयारियां कर ली गई हैं। किसानों की सुविधा को हर संभव तैयारियां कर ली गई हैं।
>
> **कृष्ण कुमार**
> **(सचिव मार्केट कमेटी)**

**औने-पौने में बेचने को विवश है किसान** : क्षेत्र का किसान अपनी बाजरे की फसल को निजी एजेंसियों को औने-पौने भाव में बेच रहा है। किसान के बाजरे को स्थानीय आढ़ती समर्थन मूल्य से 500 से लेकर 600 रुपये तक कम कीमत में खरीद रहा है, लेकिन अगले सप्ताह मौसम खराब होने की आशंका से किसान अपनी फसल को औने-पौने भाव में बेचना अधिक पसंद कर रहा है।

# युद्ध प्रभावित क्षेत्र कारगिल में दिल की बीमारियों के शिकार हो रहे बच्चे

## बच्चों की स्वास्थ्य जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के पारस अस्पताल में कारगिल क्षेत्र के इन बच्चों की हुई सर्जरी।

**वह** कारगिल क्षेत्र जहां वर्ष 1999 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को युद्ध में हराकर अपनी जांबाजी का परिचय दिया था, उसी कारगिल क्षेत्र से चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वहां तीन दिन तक लगाए हेल्थ चेकअप कैंप में पता चला कि बच्चों में दिल की बीमारी बढ़ रही है। कई बच्चे तो दिल की बीमारी से मृत्यु के बहुत निकट थे, जिनका समय रहते उपचार करके बचा लिया गया।

कारगिल का क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में पिछड़ा है। वहां पर इतनी स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं कि हर किसी को अच्छा उपचार मिल सके। वहां के बच्चों को चिकित्सा सुविधा देने के उद्देश्य से गुरुग्राम के पारस अस्पताल के पीडियाट्रिक कार्डियक साइंस डिपार्टमेंट ने ड्रीम फॉर चेंज फाउंडेशन और एलएएचडीसी (लद्दाख ऑटोनोमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल, कारगिल) के सहयोग से स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया। यह कैंप जिला अस्पताल कुबार्थांग कारगिल में लगाया गया। तीन दिन के लिए लगाए गए इस कैम्प में युद्ध प्रभावित क्षेत्र कारगिल में स्वास्थ्य सेवा से वंचित लोगों और बच्चों में हार्ट की बीमारियों का डायग्नोसिस किया गया। इस दौरान जांच टीम के सामने चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कार्डियक सर्जरी चीफ डा. महेश वाधवानी व पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डा. दीपक ठाकुर के मुताबिक तीन दिन में 300 बच्चों की जांच में करीब 50 बच्चों के जन्मजात ह्दय की बीमारी से पीड़ित होने का पता चला। यह चिंताजनक है कि बच्चे मां के गर्भ से ही ह्दय रोग लेकर पैदा हो रहे हैं। इन 50 बच्चों में 7 बच्चों में हार्ट की बीमारी इतनी गंभीर हो चुकी थी कि उन्हें जल्द ही उपचार ना दिया जाए तो उनकी जान को खतरा हो सकता था। बिना कोई देरी किए उन बच्चों को गुरुग्राम स्थित पारस अस्पताल में लाया गया। यहां उनकी ओपन हार्ट सर्जरी की गई और कार्डियक इंटरवेंशन दिया गया।

**तत्काल सर्जरी करना था जरूरी: डा. वाधवानी** : डा. महेश वाधवानी के मुताबिक बच्चों में ह्दय की बीमारी के स्पेक्ट्रम अलग-अलग होते हैं। साधारण ह्दय की समस्याओं में दवा की जरूरत होती है। गंभीर जन्मजात ह्दय बीमारी के लिए उनका एक बार अच्छे से इलाज करने और ह्दय की बीमारी को शुरूआती उम्र में ही रोकने के लिए सर्जरी करने की जरूरत होती है। बच्चों के हार्ट में जब कोई कमी या बीमारी होती है तो उसको ठीक करने के लिए अक्सर कार्डिएक सर्जरी कराने की सलाह दी जाती है।

# पांचवें दिन हुई मां स्कंदमाता की भव्य पूजा-अर्चना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



तिकोना पार्क स्थित सिद्ध पीठ श्री महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में नवरात्र के अवसर मंदिर में पूजा करते भक्तगण।



सिद्व पीठ महाकाली मंदिर मे नवरात्र के अवसर कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

**नवरात्रों** के पांचवें दिन शहरभर के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की भव्य पूजा-अर्चना की गई। प्रात:कालीन आरती के दौरान हवन में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली। वहीं महिलाओं ने भजन-कीर्तन गाकर माता का गुणगान किया। इस दौरान संतान की सुख-समृद्धि की उपासना हुई।

**स्कंदमाता की पूजा :** पार्क स्थित महारानी वैष्णो देवी मंदिर में पांचवें दिन स्कंदमाता की हुई। श्रद्धालुओं ने माता को नारियल व चुनरी भेंट की। इस मौके पर सुबह हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशेष रूप से प्रधान सेवक जगदीश भाटिया के साथ दर्शनलाल मलिक, सुरेंद्र, विजय, अनिल ग्रोवर, संजय वधवा, केसी लखानी, वेद, सुभाष, रवि कपूर, प्रताप आदि मौजूद रहे। जगदीश भाटिया ने कहा कि स्कंदमाता को मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। संतान प्राप्ति के लिए स्कंदमाता की आराधना करना लाभकारी माना गया है। मान्यता है कि मंदिर में जो भी माता के समक्ष मनोकामना मांग कर जाता है। उसकी मनोकामना महारानी के दरबार में अवश्य पूरी होती है।

**पूजन से अलौकिक तेज की प्राप्ति :** सिद्धपीठ काली मंदिर के प्रधान राकेश ने बताया कि स्कंदमाता के पूजन से साधक को अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है। जब भी दानवों का अत्याचार बढ़ता है माता संतों की रक्षा के लिए सिंह पर सवार होकर आती है। इन्हें माहेश्वरी और गौरी नाम से भी जाना जाता है। पवर्त राज की पुत्री होने की वजह से इन्हे पार्वती कहा गया है और महादेव की पत्नी होने की वजह से इन्हे माहेश्वरी कहते हैं।

## आज होगी मां कात्यायनी की पूजा

**फरीदाबाद।** नवरात्रों में छठें दिन मां दुर्गा की छठी विभूति मां कात्यायनी का पूजन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कात्यायन ऋषि की पुत्री होने की वजह से इनका ये नाम कात्यायनी पड़ा। जो भी भक्त इनकी आराधना करते हैं उनपर माता की कृपा दृष्टि सदा बनी रहती है। एनएच-पांच स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के पुजारी मुनिराज जी ने बताया कि माता भगवती का षष्ठम नाम कात्यायनी है। प्रसिद्ध महर्षि कात्यायनजी ने कठोर तप कर मां भगवती से अपनी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा था। जिस प्रकार से नन्द बाबा ने परब्रह्म को पुत्र रूप में पाने के लिए कठोर तप किया और भगवान कृष्ण उनके पुत्र बनकर आये। इसी प्रकार कात्यायन ऋषि ने भी कठोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर मां ने उनकी इच्छा को पूरा किया। ऋषि कात्यायन की पुत्री देवी कात्यायनी कहलाईं। मां कत्यायनी देवी चार भुजा धारी हैं। मां कात्यायनी सिंह की सवारी करती है। अपने एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में अपना प्रिय पुष्प कमल लिए हुए हैं। अन्य दो हाथों में से एक हाथ में वरमुद्रा और दूसरे में अभय मुद्रा में है। इन्हीं मां कात्यायनी के आशीर्वाद से राधा, रुक्मिणी आदि रानियों ने भगवान कृष्ण जैसे पति को प्राप्त किया एवं सीता जी ने भी राम जी को मां के आशीर्वाद से ही प्राप्त किया। इसलिए सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए मां का पूजन करें। कन्याएं सुन्दर वर प्राप्ति के लिए मां का विधिवत् पूजन करें। माता कात्यायनी के पूजन में मधु (शहद) का प्रयोग करना चाहिए एवं नील कमल का फूल, नारियल मां को अर्पण करना चाहिए। इसके प्रभाव से साधक सुंदर रूप प्राप्त करता है। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी मानी जाती है। विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्ति के क्षेत्र में अच्छे प्रयास के लिए माता की उपासना करनी चाहिए। उन्होंने अंत में कहा कि नवरात्रों में मां की पूजा विशेष रूप से करें।

# बीके : 45 मिनट तक स्ट्रेचर न मिलने से तड़पता रहा मरीज, बाद में किया रेफर

### मरीज को ट्रीटमेंट के तुरंत बाद ही उसे रेफर कर दिया था : डा. प्रभुजोत

कविता। फरीदाबाद



अपातकालीन कक्ष के बाहर वैन में लेटा मरीज।





अपातकालीन कक्ष के बाहर स्ट्रेचर का स्थान खाली

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में जहां दवाओं का भारी अभाव था। वहीं अब मरीजों को यहां स्ट्रेचर तक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसा ही अस्पताल में शुक्रवार को देखने को मिला। जहां एक व्यक्ति की जान बचाने के लिए लाया गया, लेकिन यहां आधे घंटे तक उसे निजी वाहन में ही रहना पड़ा, क्योंकि अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में स्ट्रेचर नहीं था। ऐसे में उसकी जान बचाना मुश्किल हो गया। जब तक चिकित्सक तक मरीज इलाज को पहुंचा, तब तक उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। जिसे देखते हुए चिकित्सक ने मरीज को दिल्ली के लिए रेफर कर दिया।

**यह था मामला :** डबुआ कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों को लेकर तेजाब पी लिया। जिसे आनन फानन में उसकी पत्नी, मां और एक पड़ोसी बीके अस्पताल में निजी वैन में लेकर पहुंच गए, लेकिन यहां दोपहर साढ़े 12 बजे पहुंचने पर अस्पताल में स्ट्रेचर नहीं मिला। स्ट्रेचर न मिलने पर उन्होंने अस्पताल में तैनात स्टाफ से गुहार लगाई। स्टाफ और परिजन स्ट्रेचर खोजते रहे। लेकिन करीब 45 मिनट तक स्ट्रेचर नहीं मिला। मौके पर कर्मचारी न होने के कारण अकेला परिजन बिना स्ट्रेचर के व्यक्ति को अंदर नहीं ला सके। जिसके कारण व्यक्ति के इलाज में लगातार देरी होती चली। चिकित्सक ने व्यक्ति की जांच के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया।

**चिकित्सक का कथन:** आपातकालीन कक्ष में ड्यूटी पर तैनात डॉ. प्रभुजोत से इस विषय में बात की गई तो उन्होंने बताया कि मरीज उनके पास आया था। उन्होंने ट्रीटमेंट के तुरंत बाद ही उसे रेफर कर दिया था। उन्होंने बताया कि इस मरीज को स्ट्रेचर काफी समय तक न मिलने के बारे में उन्हें नहीं पता। क्योंकि उनके पास मरीज के बारे में कोई जानकारी नहीं पहुंची। अगर साढ़े 12 बजे ही सूचना मिलती कि मरीज बाहर वैन में हैं तो वह स्वयं जाकर मरीज की जांच करती।

**परिजनों का कथन :** मरीज के पड़ोसी ने बताया कि साढ़े 12 बजे से सवा एक बजे तक पत्नी और मां को स्ट्रेचर नहीं मिला। अपाताकलीन कक्ष के बाहर भी स्ट्रेचर नहीं रखे हुए थे। ऐसे में स्टाफ को उन्होंने बताया था। लेकिन मौके पर मौजूद स्टाफ ने भी यहां वहां फोन करने शुरू कर दिए। इसके बावजूद भी 45 मिनट तक स्ट्रेचर नहीं मिला। ऐसे में हमे काफी परेशानी उठानी पड़ी।

# डीसी ने किया मोहना तहसील का औचक निरीक्षण



गांव मोहना में तहसील व अनाज मंडी का औचक निरीक्षण करते उपायुक्त विक्रम।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### मोहना गांव स्थित अनाज मण्डी का भी लिया जायजा

**डीसी** विक्रम ने आज शुक्रवार दोपहर बाद मोहना तहसील का औचक निरीक्षण किया। मोहना तहसील में हो रही रजिस्ट्रियो तथा अन्य कामकाज की बारीकी से जांच की। तत्पश्चात उपायुक्त विक्रम मोहना में ही अनाज मंडी का भी निरीक्षण किया।

डीसी विक्रम सबसे पहले अनाज मंडी के मार्केटिंग बोर्ड के कार्यालय में जाकर वहां का रिकॉर्ड की जांच की। इसके बाद मंडी का निरीक्षण किया और वहां पर अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। डीसी विक्रम ने व्यापारियों से अनाज मंडी में पेयजल सप्लाई, बिजली आपूर्ति तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली और व्यापारियों से आन लाइन बिक्री और पूंजी की अदायगी की भी विस्तार पूर्वक जानकारी ली। व्यापारियों को आश्वासन दिया कि प्रशासन की तरफ से हर संभव मदद व्यापारियों को दी जाएगी। इसके बाद डीसी विक्रम ने मंडी का निरीक्षण कर वहां पर धान की बिक्री की भी बारीकी से जानकारी ली। किसानों से भी मंडी में फसल बेचने आने पर आ रही कठिनाइयों तथा मंडी में मिल रही सुविधाओं वारे भी जानकारी ली। आपको बता दें सरकार की हिदायतों अनुसार सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में खरीफ फसल की 1 अक्टूबर से खरीद शुरू की जानी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में भानुप्रिया को हुआ चयन



भानुप्रिया पराशर को बधाई देते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बबली।

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के बाढ़ मोहल्ले में रहने वाली भानुप्रिया पाराशर का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में चयन होने पर देश भर में फरीदाबाद का नाम रोशन हुआ है। भानुप्रिया पराशर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली की भतीजी है। भतीजी की इस उपलब्धि पर पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली भानुप्रिया पराशर के निवास पहुंचे और भानुप्रिया पराशर को उनकी इस उपलब्धि पर बुके भेंट करके तथा मुंह मीठा कराकर बधाई दी। सुरेंद्र बबली ने कहा कि भानुप्रिया ने अपनी मेहनत के बल पर पूरे फरीदाबाद का नाम देश भर में रोशन किया है। आज हर फरीदाबादवासी उन पर गर्व महसूस कर रहा है। बबली ने कहा सभी लड़कियों के लिए भानुप्रिया प्रेरणा स्रोत बनी है। भानुप्रिया पराशर का 6 महीने पहले सब इंस्पेक्टर के पद पर हरियाणा पुलिस में नियुक्त हुई थी।

### लापरवाही से खोदे गए गड्ढे में गिरकर व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** पल्ला इलाके में सड़क निर्माण के दौरान खोदे गए गड्ढे में पैर फिसलने से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान वह परिवार के साथ कहीं से लौट रहा था। सड़क निर्माण के कारण वह किनारे चल पर चल रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। युवक परिजन किसी तरह उसे गड्ढे बाहर निकाल कर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक व्यक्ति के परिजन ने नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ शिकायत दी है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी बबीता ने निगम अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही की शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### खंदावली में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**फरीदाबाद।** खंदावली गांव के सामुदायिक भवन के प्रांगण में जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद व ग्राम पंचायत के सौजन्य से एवं सर्वोदय अस्पताल सेक्टर 8 फरीदाबाद के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेक्टर 58 एसएचओ भारतेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि प्राचार्या शशि यादव ने रिबन काटकर किया। शिविर के मुख्य संयोजक निवर्तमान सरपंच निसार ने मुख्य अतिथि एसएचओ सेक्टर 58 भारतेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि प्राचार्या शशि यादव का फूल मालाओं से अभिनंदन कर स्वागत किया। मैमोग्राफी की जांच के लिए नि:शुल्क कूपन भी दिए गए। इस अवसर पर सर्वोदय अस्पताल सेक्टर 8 फरीदाबाद के कैंसर विभाग के निदेशक डॉक्टर दिनेश पेंडाहरकर ने कहा कि अक्टूबर माह को स्तन कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाएगा। संस्था के प्रधान संत सिंह हड्डा ने कहा कि संस्था समय-समय पर आपसी सहयोग व विशेष रूप से सर्वोदय अस्पताल के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाती रहती है। शिविर में 256 व्यक्तियों की नि:शुल्क जांच कर दवाइयां वितरण की गई। शिविर में मुख्य रूप से जनहित सेवा संस्था के प्रधान संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, खंदावली सरकारी विद्यालय की प्राचार्या शशि यादव, निवर्तमान सरपंच निसार, सर्वोदय से डॉक्टर अभिषेक, डॉक्टर मिथिला, राकेश त्यागी, जाकिर अली, मोतीराम, इस्माइल खान, खुशी मोहम्मद, लेहरु, अरशद, निवर्तमान सरपंच कैली सागर एवं गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से मौजूद थे।

### 52 खिलाड़ियों को किया अम्बाला रवाना



**फरीदाबाद।** राज्यस्तरीय सब जूनियर कैडट ताइक्कांडो प्रतियोगिता से जिले के 52 खिलाड़ी अम्बाला में भाग लेंगे। सेक्टर 12 खेल परिसर में राज्य स्तरीय सब जूनियर कैडट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले के 52 खिलाड़ियों को आज खेल परिसर सेक्टर 12 में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को जिला तायक्कोंडो के जिला प्रधान दुष्यंत शर्मा एडवोकेट व बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने सभी 52 खिलाड़ियों को आशीर्वाद व शुभकामनाओं के साथ टीम को अंबाला के लिए रवाना किया। यह प्रतियोगिता 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अम्बाला में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद के 52 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच रामधन बघेल, हंसराज कुंडू, तथा टीम प्रबंधक कुमकुम गौतम तथा प्रियंका साथ जा रहे हैं।

### रेलवे अंडर ब्रिज की मंजूरी दिलाने पर जताया आभार

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का मुजेसर रेलवे अंडर ब्रिज को मंजूरी दिलवाने पर मुजेसर गांव के लोगों ने आभार व्यक्त किया। गांव के लोगों ने आज शुक्रवार सायं परिवहन मंत्री के कार्यालय पहुंचकर खिलाई मिठाई खिलाकर खुशी जताई। ग्रामीणों ने कहा मंत्री मूलचंद शर्मा ने चुनावों में जनता से किया था वादा जो अब पूरा होता नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार प्रकट किया। बल्लभगढ़ के प्रदेश में माननीय परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष 2018 में रखी गई एक और मांग अब जल्द पूरी होगी। इस मौके पर गांव मुजेसर से प्रधान सुभाष लांबा, मुजेसर मंडल के अध्यक्ष अनुराग गर्ग,कुलदीप मथारू, हरे राम प्रधान ,देवेंद्र गोदारा, धन सिंह लांबा, दीपांशु अरोड़ा, रवि भगत, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, पंकज पोद्दर, रवि सोनी भी मौजूद रहे।

### सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मियों को दी शुभकामनाएं

**फरीदाबाद।** पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं पूरी करने के पश्चात आज 3 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त इन पुलिसकर्मियों में निरीक्षक मोहर सिंह, सबइंस्पेक्टर यादवेन्द्र सिंह तथा मुख्य सिपाही राम निवास का नाम शामिल हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में फरीदाबाद पुलिस विभाग के सेवानिवृत्ति पाने वाले निरीक्षक मोहर सिंह, सहायक सबइंस्पेक्टर प्रेम दत्त तथा मुख्य सिपाही राम निवास की सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई। सहायक पुलिस उपायुक्त मुख्यालय ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की समारोह में आने पर हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया। निरीक्षक मोहर सिंह को अपने 36 साल की लम्बी सेवा पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त हुए हैं। वही सहायक उप निरीक्षक प्रेम दत्त ने पुलिस विभाग में 31 साल की लम्बी सेवा के उपरान्त पुलिस विभाग में सेवानिवृत्त हुए हैं। मुख्य सिपाही राम निवास 16 साल भारतीय थल सेना की लंबी सेवा के उपरांत पुलिस विभाग में 22 साल की सेवा देकर सेवानिवृत्ति हुए हैं।

### ऑफिस का तनाव युवाओं में बढ़ा रहा हृदय रोग

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल में विश्व हार्ट डे के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन किया गाय। शिविर का शुभारंभ अस्पताल चेयरमैन डॉ. प्रबल रॉय ने किया। जिसमें 200 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। युवाओं में बीपी और हृदय रोग संबंधी सबसे ज्यादा समस्याएं सामने आई। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट चैयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने बताया कि ऑफिस में काम का प्रेशर, काम को अगले दिन पर टाल देना, ऑफिस स्ट्रेस से बचने के लिए सिगरेट और शराब का सेवन बीपी और हृदय रोग के प्रमुख कारण हैं। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सिम्मी मनोचा ने कहा शिविर 50 प्रतिशत युवा शामिल थे।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स बनी दुनिया की छठी सबसे बडी ज्वैलरी ब्रांड



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ऑल** इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक कौन्सिल (जीजेसी) ने मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स को दुनिया के छठे सबसे बड़े ज्वैलरी समूह के रूप में चुने जाने पर सम्मानित किया, जो भारतीय ब्रांड को विश्व स्तर पर ले गया।

एमपी अहमद, चेयरमैन, मलाबार ग्रुप, ओ आशेर, मैनेजिंग डायरेक्टर-इंडिया ऑपरेशंस, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और ए के निषाद, डायरेक्टर, बी2बी एंड मैन्युफैक्चरिंग (इंडिया), मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक कौन्सिल के चेयरमैन आशीष पेठे से पुरस्कार प्राप्त किया। मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में सैयम मेहरा, उपाध्यक्ष, जीजेसी, नीलेश शोभावत और सुनील पोदार, निदेशक, ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक कौन्सिल की उपस्थिति रही।

# आरएलजी सिस्टम्स और जीआईजेड इंडिया का ई-सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### ई-कचरा प्रबंधन के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के लिए एक पहल

**डॉयचे** गेसेलशाफ्ट फर इंटरनेशनेल जुसामेनरबीट (जीआईजेड) जीएमबीएच और आरएलजी सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सेटिंग अप इनोवेटिव वैल्यू चेन फॉर ई -वेस्ट मैनेजमेंट नामक तीन साल लंबी सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना के कार्यान्वयन के लिए साथ आये हैं। इसको ई-सफाई पहल के रूप में भी जाना जाता है। परियोजना को develoPPP कार्यक्रम के माध्यम से वित्त पोषित किया जा रहा है जिसे जीआईजेड जर्मन संघीय आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय (बीएमजेड) की ओर से लागू करता है। राधिका कालिया, प्रबंध निदेशक, आरएलजी सिस्टम्स इंडिया ने इस अवसर पर कहा इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), स्कूलों, खुदरा विक्रेताओं और थोक उपभोक्ताओं सहित विभिन्न हितधारकों के बीच ई-कचरे के सुरक्षित और टिकाऊ प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करना है। ई-सफाई पर्यावरण की दृष्टि से ई-कचरे के नवीनीकरण, निराकरण और पुनर्चक्रण की प्रक्रिया पर जोर देता है। आईटी उद्योग के विस्तार और आधुनिक तकनीकों के बढ़ते अंगीकरण से उत्पादन में वृद्धि के साथ साथ इ-कचरे में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। बढ़ते ई-कचरे के कारण गंभीर स्वास्थ्य और पर्यावरणीय जोखिम पैदा होते हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि तकनीकी प्रगति द्वारा उत्पाद के जीवनकाल को कम किया जाता है; इस प्रकार उत्पाद जल्दी जल्दी नए उत्पादों द्वारा प्रतिस्थापित होते हैं। इससे ई-कचरा का उत्पादन और बढ़ता है। हमें गैर-जिम्मेदार ई-कचरे के निपटान के परिणामों को समझना चाहिए और समझना चाहिए कि एक प्रभावी ई-कचरा प्रबंधन कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से लागू करने की आवश्यकता है। किसी भी प्रभावी ई-अपशिष्ट प्रबंधन पहल में उपभोक्ताओं का व्यवहार और उनकी जागरूकता केंद्रीय है।

# पेयजल समस्या को लेकर निगम के एसई से की शिकायत

**फरीदाबाद।** पीने के पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नए ट्यबवैल लगवाने, सीवरेज व स्ट्रीट लाइट की समस्या की समस्या के समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को सेक्टर-3 रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमबीर सिंह से मुलाकात की।

फेडरेशन ने एसई को इन समस्याओं का एक ज्ञापन भी सौंपा और पीने के पानी, सीवरेज व स्ट्रीट लाइट की विक्राल होती जा रही समस्याओं का अविलंब समाधान करने की मांग की। फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा के नेतृत्व में मिले इस प्रतिनिधिमंडल में सचिव रतनलाल राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल चहल, देवी सिंह व राजबहादुर सिंह शामिल रहे।

# इस साल पुलिस ने 269 लापता लोगों को घर पहुंचाया : पुलिस आयुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सीपी, विकास कुमार अरोड़ा।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा लापता हुए व्यक्तियों की तलाश के लिए गठित की गई क्राइम ब्रांच कैट टीम ने वर्ष 2022 में लापता हुए 269 व्यक्तियों को उनके परिजनों के पास वापस पहुंचाकर उनकी टूटी हुई उम्मीद फिर से संजोने का सराहनीय कार्य किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि जब परिवार का कोई सदस्य लापता हो जाता है तो परिजनों की सारी खुशियां रूठ जाती हैं। उन्हें लापता हुए परिवार के अपने सदस्य की हर समय चिंता रहती है वह न तो कुछ सोच पाते है और ना ही अपने काम पर ध्यान दे पाते हैं। लापता हुए व्यक्तियों में सबसे ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और लड़कियों की होती है क्योंकि वह खेलते खेलते या आसानी से किसी के बहकावे में आकर उनके साथ चले जाते हैं परंतु बाद में उन्हें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लापता हुए व्यक्ति के परिजन भी उसकी तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं जिससे उनपर मानसिक तनाव रहता है। वह कोई भी कार्य में अपना ध्यान नहीं लगा पाते। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए गठित की गई क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए 1 जनवरी 2022 से 29 सितम्बर 2022 तक 269 गुमशुदा नाबालिग लड़कियों, मानसिक रूप से कमजोर बच्चों, वृद्ध पुरुषों व महिलाओं को उनके परिजनों से सकुशल मिलवाया। जिसमें 105 नाबालिक लड़कियां, 12 नाबालिग लड़के, 88 महिलाएं, 49 पुरुष व 15 मानसिक रूप से कमजोर बच्चे शामिल हैं। इनमें से कुछ बच्चे तो ऐसे हैं जिन्हें उनके परिजन वापिस पाने की उम्मीद तक को चुके थे। ऐसे बच्चों को भी फरीदाबाद पुलिस ने उनके परिजनों तक सकुशल वापस पहुंचाया है।


पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस लापता हुए व्यक्तियों की तलाश करने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। फरीदाबाद पुलिस टीम लापता हुए सदस्यों को तलाश करने का हर संभव प्रयास करती है और इसके लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने देश भर के अनाथ आश्रम, बाल कल्याण समिति इत्यादि समाजसेवी संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित कर रखा है। यदि फरीदाबाद से कोई भी व्यक्ति लापता हो जाता है तो वह इन संस्थाओं से संपर्क स्थापित करते हैं ताकि लापता व्यक्ति की सूचना उन्हें जल्द से जल्द प्राप्त हो सके। इसके साथ ही यदि फरीदाबाद पुलिस को कोई लापता बच्चा, लड़की या बुजुर्ग दिखाई पड़ता है तो वह इन संस्थाओं के माध्यम से ही उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। फरीदाबाद पुलिस का यह प्रयास लगातार जारी रहेगा और वह इसी प्रकार लापता हुए बच्चों, बुजुर्गों, लड़कियों तथा महिलाओं को उनके परिजनों तक वापस पहुंचाकर उनके जीवन की खुशियां लौटाने का सराहनीय कार्य करती रहेगी।

# ऑनलाइन बिल भरें और पांच प्रतिशत की छूट पाएं

**फरीदाबाद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने लोगों को जल संरक्षण को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व की 18 प्रतिशत आबादी हमारे देश में रहती है। वहीं हमारे पास मात्र 4 प्रतिशत पानी उपलब्ध है और बारिश के पानी का मात्र 8 प्रतिशत पानी ही हम संचय कर रहे हैं। भारत में 1911 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि विश्व के 20 शहर जहां पानी की किल्लत है। उस सूची में भारत के 5 शहर शामिल है। नंबर दो पर दिल्ली, छठे स्थान पर कोलकाता, 18वें स्थान पर चेन्नई, 19वें स्थान पर बेंगलुरु और 20वें स्थान पर हैदराबाद है। वहीं अगर हम कैथल जिले की बात करें तो कैथल जिले के सात खंडों में से 2 खंड राजौंद और गुहला को केंद्रीय भू-जल विभाग द्वारा डार्क जोन घोषित कर दिए गए हैं। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पेयजल के बिल का ऑनलाइन पेटीएम, गूगल पे, भीम पे, फोन पे आदि के माध्यम से भुगतान करने से 5 प्रतिशत की छूट मिलती है।

# भारतीयों में बैड कोलेस्ट्रॉल का अनियमित है स्तर





पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**10 में** से छह भारतीयों में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर अनियमित है। 31 से 40 की उम्र में स्तर के अनियमित होने की आशंका सबसे ज्यादा रहती है। हेल्थ-टेक फर्म हेल्थियंस की ओर से किए गए इस तरह के सबसे बड़े अध्ययन में यह बात सामने आई है। स्वास्थ्य जांच के क्षेत्र में अग्रणी हेल्थियंस को घर बैठे स्वास्थ्य जांच की सुविधा देने वाली फर्म के रूप में जाना जाता है।

भारत में लोगों के दिल के स्वास्थ्य को लेकर हेल्थियंस ने 'दिल की बात' अध्ययन को अंजाम दिया। इसमें पिछले कुछ महीनों के दौरान 250 से ज्यादा शहरों व कस्बों में 20 साल से ज्यादा की उम्र के 26.6 लाख लोगों के ब्लड टेस्ट के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष दिया है। एलडीएल को आमतौर पर बैड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। धमनियों में प्लेक जमा होने का इसे अहम कारण पाया गया है। जंक फूड और खराब डाइट के कारण लोगों के खून में एलडीएल का स्तर बढ़ रहा है। डायबिटीज, मोटापा और दिल की बीमारी के साथ भी इसका स्तर बढ़ता है। हेल्थियंस के संस्थापक एवं सीईओ दीपक साहनी ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि इस व्यापक अध्ययन से भारत में दिल की सेहत को लेकर स्थिति का आकलन आसान होगा।' इस तरह के डाटा का विश्लेषण न केवल सामान्य लोगों के लिए सहायक है, बल्कि इससे स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों और नीति निर्माताओं को भी समाधान तलाशने एवं इस दिशा में कदम उठाने में मदद मिलेगी

## मुफ्त राशन योजना का विस्तार

**भारत सरकार** ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएम-जीकेवाई का तीन महीने और विस्तार कर इसे अक्टूबर से दिसंबर, 2022 तक लागू करने के आदेश दिए हैं। लेकिन यह निर्णय खैरातों के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के विपरीत लगता है। वित्त मंत्रालय द्वारा विस्तार के विपरीत दी गई राय को देखते हुए यह विसंगति ज्यादा गंभीर लगती है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जाता है। पीएम-जीकेवाई को कोविड-19 की पहली लहर के दौरान दो साल पहले गरीब व जरूरतमंद लोगों तथा संकटग्रस्त परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। महामारी के कमजोर पड़ने तथा सामान्य स्थिति बहाल होने के बावजूद सरकार इस योजना को लगातार विस्तार देती रही। वित्त मंत्रालय ने भी राय दी थी कि वैश्विक महामारी की स्थितियों में काफी कमी आने के कारण वह तनाव की स्थिति भी काफी कम हुई है जिसके लिए राहत दी जा रही थी। अब तक इस योजना के कारण केन्द्र सरकार पर 3.45 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ा है। योजना के नवीनतम विस्तार के कारण लगभग 44,762 करोड़ रुपये का बोझ और पड़ेगा। आधिकारिक प्रेस बयान में इस योजना के नवीनतम विस्तार को एक 'कल्याणकारी योजना' का विस्तार बताया गया है। हालांकि, कुछ लोगों की राय में यह बहुत सही विश्लेषण नहीं है क्योंकि अर्थव्यवस्था पटरी पर आ गई है तथा लोगों और बिजनेसों पर लगभग कोई नियंत्रण नहीं रह गए हैं। सरकार ने योजना विस्तार के लिए तर्क दिया है कि बड़े त्योहार, जैसे नवरात्रि, दशहरा, मीलादुन नबी, दीपावली, छठ पूजा, गुरु नानक देव जयंती, क्रिसमस, आदि आ रहे हैं। योजना के एक और विस्तार से लोगों को 'पूरी शानोशौकत से इन त्योहारों को मनाने का अवसर मिलेगा।'



इस तर्क को मोटेतौर से सतही कहा जा सकता है क्योंकि त्योहार हर साल आते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि केन्द्र या राज्यों की सरकारें एक या दूसरी चीज मुफ्त बांटना शुरू कर दें। सरकार का काम सुशासन है, खैरातें बांटना नहीं, खासकर ऐसे समय जब अर्थव्यवस्था पर वैश्विक व घरेलू नकारात्मक दबाव पड़ रहे हों। यही कारण है कि वित्त मंत्रालय ने रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पड़ने वाले दबाव का उल्लेख किया था जिसका असर ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है तथा अन्य मदों पर भी सब्सिडी खर्च में बढ़ोत्तरी हो रही है। वित्त मंत्रालय को इस बात की भी चिन्ता है कि इस योजना को लंबे समय तक जारी रखने का अर्थ इसे स्थाई या लगातार जारी रहने वाली योजना समझना हो सकता है। वित्त मंत्रालय के नौकरशाह संभवत: विख्यात अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन के लोकप्रिय संदर्भ की ओर इशारा कर रहे हैं कि 'सरकार के किसी अस्थाई कार्यक्रम जितना स्थाई कुछ भी नहीं होता है।' संभवत: वित्त मंत्रालय ने बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए थे लेकिन उसकी बात नहीं मानी गई। इसका जवाब बहुत सहज नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार तथा सत्तारूढ़ पार्टी खैरातों के बारे में जो शोर मचा रही है, उसका कारण राजनीति है। लगता है कि खैरातों पर लगाम लगाने की वास्तविक इच्छाशक्ति का कोई प्रमाण सामने नहीं आ रहा है। यदि ऐसा होता तो सरकार मुफ्त राशन की इस योजना का तीन महीने तक और विस्तार न करती। संभवत: दो साल पहले जो उपाय कल्याणकारी था, वह आज 'खैरात' बन चुका है। ऐसे में केवल यही उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में अब पीएम-जीकेवाई योजना को एक और विस्तार नहीं मिलेगा।

# आप द्वारा खैरात बांटने के दुष्परिणाम

### दिल्ली की स्थिति देश में खैरातों की राजनीति की सभी बीमारियों से ग्रस्त है, जबकि अनेक लोग अभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, डीएवी कालेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं।)




खैरातें बांटने का विरोध करने से निश्चित रूप से वे लोग नाराज होंगे जिनको इनसे लाभ मिल रहा है। जब हम कहते हैं कि बिजली, पानी व यात्रा मुफ्त नहीं होनी चाहिए या राजनीतिक पार्टियों द्वारा टेलीविजन सेट या अन्य चीजें मुफ्त बांटने के लालच का अंत होना चाहिए तो हो सकता है कि अनेक ऐसे लोग इसका विरोध करें जो ऐसी 'खैरातों' के संभावित परिणामों से अनजान हों। देश की स्वतंत्रता के बाद आमतौर से विकास, गरीबी उन्मूलन, बेहतर सामाजिक सेवाओं, पेयजल, सड़क, रेल, आदि पर जोर दिया जाता रहा है। लेकिन आज कुछ राजनीतिक पार्टियों ने बिजली, पानी, परिवहन, टेलीविजन सेट व यहां तक कि महिलाओं को मंगलसूत्र मुफ्त देने के वादे शुरू कर दिए हैं, जबकि राज्यों की आर्थिक स्थिति खराब है।

ऐसी खैरातों का नतीजा यह है कि राज्यों पर कर्ज का भारी बोझ बढ़ता जा रहा है जिसका सबसे बुरा असर सार्वजनिक सेवाओं पर पड़ता है। महत्वपूर्ण बात है कि दिल्ली देश का एक समृद्ध क्षेत्र है। यहां की प्रति व्यक्ति आय देश में गोवा के बाद दूसरे स्थान पर सर्वाधिक है। इसके कारण दिल्ली को मिलने वाला राजस्व भी बहुत अधिक है। दिल्ली में बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं जो अन्य राज्यों से रोजगार की तलाश में वहां गए हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी उतनी अच्छी नहीं है। इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि वैश्विक महामारी के कारण लाकडाउन के फौरन बाद बड़ी संख्या में लोगों को वापस अपने गांवों की ओर पलायन करना पड़ा था। बड़ी संख्या में प्रवासी पैदल, साइकिलों से या बसों द्वारा चले जा रहे थे और उनके पास केवल एक झोला था। ये दृश्य आज भी हमें व्यथित करते हैं। इनमें से अधिकांश या तो दिहाड़ी मजदूर थे या अत्यन्त लघु बिजनेसों में काम कर रहे थे। इनकी बड़ी संख्या भयानक स्थितियों में रहती थी जहां मूलभूत सुविधाओं की भी कमी थी।

ऐसी स्थिति में परिवारों का उनके साथ रहने का सवाल ही नहीं उठता है। दिल्ली में ऐसे प्रवासी श्रमिकों की संख्या 50 लाख से कम नहीं है। परिवारों को अपने साथ रखने वाले श्रमिक अत्यन्त दयनीय दशा में हैं। उनको व उनके परिवारों को स्कूलों, कालेजों या अन्य शिक्षण संस्थाओं की जरूरत है। इसके साथ ही बेहतर सीवेज सिस्टम तथा अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है। उनके आवागमन के लिए सड़कों, फ्लाईओवरों, आदि की जरूरत है। लेकिन इन सब कामों के लिए पैसे की जरूरत है। बताया जाता है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी-सरकार के पास बजट की कमी है जिसे वह विकास व रखरखाव पर खर्च कर सके। 2015 में सत्ता में आने के बाद से आज तक आप की दिल्ली सरकार कोई नया स्कूल, कालेज, अस्पताल, फ्लाईओवर, आदि नहीं बना सकी है। ऐसी स्थिति में गरीबों की दयनीय दशा की कल्पना की जा सकती है। सड़कों, पानी व सीवेज व्यवस्थाओं का समुचित रखरखाव भी नहीं हो रहा है। इसका मुख्य कारण पैसे की कमी है। इसका कारण दिल्ली में राजस्व की कमी नहीं है।

तथ्य यह है कि दिल्ली का प्रति व्यक्ति राजस्व बाकी भारत की तुलना में काफी अधिक है और वह लगातार बढ़ रहा है। दिल्ली का कुल राजस्व 2021-22 में लगभग 53,070 करोड़ था जो सभी राज्यों के राजस्व का 3 प्रतिशत है। 2019-20 में यह

> **54.5 लाख उपभोक्ताओं में से 43.2 लाख को मुफ्त या आधे दाम पर बिजली दी जा रही है। इनका बड़ा हिस्सा आसानी से भुगतान कर सकता है, पर उसे भी मुफ्त बिजली मिल रही है। इस प्रकार मुफ्त बिजली की खैरात को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।**

47,136 करोड़ तथा 2014-15 में केवल 29,584 करोड़ था। लेकिन इस बढ़ते राजस्व के साथ ही मुफ्त बिजली, पानी व परिवहन पर दिल्ली सरकार का खर्च बढ़ रहा है। मुफ्त बिजली पर खर्च 2015-16 में 1,639 करोड़ था जो 2021-22 में बढ़ कर 2,968 करोड़ हो गया। बिजली विभाग ने दिल्ली सरकार से 2022-23 में बिजली सब्सिडी के लिए 3,200 करोड़ रुपये की मांग की है। इससे दिल्ली सरकार के बजट पर मुफ्त बिजली के कारण पड़ने वाला बोझ समझा जा सकता है जो 2015-16 की तुलना में 2022-23 में लगभग दूना हो गया है। मुफ्त बिजली, पानी व परिवहन पर भारी खर्च के कारण आवश्यक नागरिक सुविधाओं के लिए बजट की कमी हमेशा अनुभव की जा रही है। दिल्ली सरकार द्वारा पानी के बिल शून्य करने की तरफ बढ़ने के कारण दिल्ली जल बोर्ड का घाटा और कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। केजरीवाल सरकार के पहले तीन साल में दिल्ली जल बोर्ड का घाटा तीन गुना हो गया है जो 2015-16 में 220.19 करोड़ से बढ़ कर 2018-19 में 663 करोड़ हो गया।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, 1998-99 में दिल्ली जल बोर्ड को 26,620 करोड़ रुपये उधार दिए गए थे जिसमें से केवल 351 करोड़ ही 31 मार्च, 2018 तक वापस मिले और इस प्रकार 26,269 करोड़ बकाया थे। इस बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड को पिछले पांच साल में 41,000 करोड़ रुपये कर्ज दिए। दिल्ली जल बोर्ड की बिगड़ती स्थिति विकास कार्यों की धीमी गति व खराब जल सप्लाई से स्पष्ट है। विश्वास किया जाता है कि दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय स्थिति दिल्ली सरकार की मुफ्त पानी सप्लाई नीति के काराण बहुत खराब हो गई है। दिल्ली जल बोर्ड की खराब वित्तीय स्थिति के कारण वह दिल्ली की अनियमित कालोनियों में पानी के कनेक्शन बहुत धीमी गति से दे पा रहा है और सीवर सिस्टम की हालत भी बहुत खराब है। विपक्षी दल दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगा रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा दिल्ली सरकार द्वारा दी जा रही एक और खैरात है। खैरातों के माध्यम से सरकार हजारों करोड़ रुपये गंवा चुकी है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से खैरातों की योजना ने दिल्ली की वित्तीय स्थिति पर भारी दबाव डाला है जिससे अनेक आवश्यक खर्च बंद हो गए हैं।

वर्तमान समय में सत्तारूढ़ आप सरकार ने वर्ष 2015 में अपने चुनाव घोषणापत्र में दिल्ली में 20 नए कालेज खोलने, मुफ्त वाईफाई देने, 20,000 सार्वजनिक शौचालय बनवाने, महिला सुरक्षा बल का गठन करने, तीन लाख सीसीटीवी कैमरे लगवाने, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने जैसे अनेक अन्य वादे किए थे। कुल मिला कर ऐसे 69 वादे किए गए थे जिनमें आठ लाख रोजगार सृजित करने तथा हर साल दिल्ली स्किल मिशन के माध्यम से एक लाख नौजवानों का कौशल प्रशिक्षण करने के वादे शामिल हैं। लेकिन या तो ये वादे भुला दिए गए या उनकी प्रगति बहुत धीमी रही। उल्लेखनीय है कि आप सरकार आने से पहले 15 साल में 1999-2000 से 2014-15 तक हर साल पूंजीगत खर्च में 19.6 प्रतिशत वृद्धि हुई थी और यह 510.5 करोड़ से बढ़ कर 7430 करोड़ हो गया था। लेकिन आप सरकार के दौरान इसमें पिछले पांच साल में मुश्किल से 9.2 प्रतिशत वृद्धि हुई और यह 7,430 करोड़ से बढ़ कर मुश्किल से 11,549 करोड़ हुआ। आसानी से समझा जा सकता है कि इसका मुख्य मारण दिल्ली का विकास संसाधनों की कमी के कारण ठहर जाना था क्योंकि ज्यादा से ज्यादा संसाधन खैरातें बांटने में खर्च किए जा रहे थे।

यह कहना उचित नहीं होगा कि खैरात योजनाओं का लक्ष्य गरीब हैं। 2021-22 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान मूल्यों पर प्रति वर्ष 4,01,982 रुपये थी। इनमें 54.5 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 43.2 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त या आधे दाम पर बिजली दी जा रही है। इनका बड़ा हिस्सा आसानी से बिजली के दाम दे सकता है, पर उसे भी मुफ्त बिजली मिल रही है। इससे सुविधायें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं तथा सरकार पर तेजी से कर्ज बढ़ता जा रहा है। इस प्रकार मुफ्त बिजली की खैरात को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। केवल इतना ही नहीं, हर महीने 20,000 लीटर पानी मुफ्त 5.3 लाख परिवारों को दिया जा रहा है।

# मोदी के खिलाफ़ कौन?

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



विपक्ष एकता का सपना देखता है लेकिन उसे निर्णायक नुकसान होता है क्योंकि वह अभी भी नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाले नेता की तलाश में है। ऐसी स्थिति में फिलहाल यह स्वाभाविक लगता है कि भाजपा अगले आम चुनाव में 'मोदी के खिलाफ कौन?' का मुद्दा पूरे जोरशोर से उठाएगी।

भारत में राजनीतिक दलों ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अग्रिम योजना बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि, यह अभी भी चुनाव के लिए काफी जल्दी है, पर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी दल अपनी-अपनी तैयारियों में परस्पर होड़ कर रहे हैं। वे वर्तमान राजनीतिक माहौल के मुताबिक रणनीतियां बना रहे हैं और उनमें बार-बार हेरफेर भी कर रहे हैं। इस प्रकार मोटेतौर से कहा जा सकता है कि 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव के लिए मंच तैयार है। क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को डरा सकते हैं। जहां सत्तारूढ़ भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हैट्रिक लगाने की योजना बना रही है, वहीं विपक्ष उन्हें सत्ता से बेदखल करने की जीतोड़ कोशिश करता दिख रहा है। दोनों पक्ष मोदी-बनाम-सभी परिदृश्य में 350 से अधिक के लक्ष्य के साथ मजबूत हो रहे हैं। विपक्ष एकता का सपना देखता है लेकिन उसे निर्णायक नुकसान होता है क्योंकि वह अभी भी मोदी को तगड़ी चुनौती देने वाले नेता की तलाश में है। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार की यह कमी विपक्ष को आहत कर सकती है- और भाजपा मोदी-बनाम-कौन का सवाल उठाएगी।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में नीतीश कुमार, दक्षिण में के चंद्रशेखर राव, एमके स्टालिन और उत्तर में अरविंद केजरीवाल के साथ, भाजपा के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय दलों के नेताओं की ओर से चुनौतीपूर्ण मुकाबले हैं। विपक्ष के गढ़ में 200 से ज्यादा सीटें हैं। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में इस साल के अंत में मतदान होगा और अगले साल छह प्रमुख राज्यों- कर्नाटक, त्रिपुरा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होंगे।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों (129 सीटों) पर अभी जीत हासिल करनी है। जहां आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पीएम को निशाने पर लेते हैं, वहीं अन्य दलों के नेता महंगाई और बेरोजगारी पर बीजेपी को घेरने की योजना बनाते हैं। दूसरे, सही या गलत हो, पर भाजपा अपनी विचारधारा के बारे में स्पष्ट है। उसके पास एक सम्मोहक कथा या विमर्श और चुनाव की तैयारी, सक्रिय कार्यकर्ता और चुनाव लड़ने के लिए बड़े पैमाने पर धन का भंडार है। मोदी के पास सरकारी मशीनरी और कल्याणकारी योजनाएं हैं और दिखाने के लिए काम हैं, जबकि कई क्षेत्रीय क्षत्रप अपने राज्यों में काफी मजबूत हैं।

मोदी ने न केवल अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं को एक साथ रखने में सफलता पाई है, बल्कि आलोचनाओं के बावजूद, भाजपा ने अन्य दलों को भी तोड़ दिया है और उनके अनेक प्रभावशाली नेताओं को भाजपा में शामिल कर लिया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर, कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने और तीन तलाक समाप्त करने जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उनके सहयोगी संगठनों के मुख्य एजेंडे को पूरा किया है। ऐसा लगता है कि आरएसएस, उसके आनुषांगिक संगठन व भाजपा जल्द ही समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा सकते हैं। ये सब भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाताओं को उसके साथ पूरी मजबूती के साथ जोड़े रखेंगे।

हालांकि, हाल ही में भाजपा के संसदीय बोर्ड में सुधार हुआ है और पिछले महीने बिहार में जद (यू) के राजग गठबंधन से बाहर निकलने से भाजपा के भीतर कुछ अशांति फैल गई। फिर भी, नेता सुधार करने की भाजपा की क्षमता पर भरोसा करते हैं। भाजपा को और सहयोगी दलों की भी अपने साथ जोड़ने की जरूरत है। पार्टी ने आम चुनाव के लिए आक्रामक तैयारी शुरू कर दी है। इसने हाल ही में दिल्ली में 144 लोकसभा के कमजोर निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक खाका तैयार करने के लिए एक खास बैठक की। पार्टी ने उन 70 लोकसभा सीटों पर भी खासतौर से ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव रखा है जो उसने कभी नहीं जीतीं।

दूसरी ओर, विपक्ष सुगठित नहीं है और वहां विभिन्न विचारधाराओं का मिश्रण है। सफलता के लिए सभी विपक्षी नेताओं को लेन-देन की मुद्रा अपनानी चाहिए। हालांकि कई क्षेत्रीय नेताओं ने अपने-अपने राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया है, मगर उन्हें भविष्य में संभावित विपक्षी गठजोड़ के लिए सभी भागीदारों हेतु स्वीकार्य एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करना चाहिए।

अपने कमजोर स्वास्थ्य के बावजूद, देवगौड़ा, लालू यादव, नीतीश कुमार और शरद पवार पूर्व जनता दल घटकों को एकजुट करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वे हरियाणा, कर्नाटक, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे बहुदलीय राज्यों में मजबूत भी हो सकते हैं जहां करीब 200 लोकसभा सीटें हैं। राहुल गांधी की वर्तमान भारत जोड़ो यात्रा अगर अपना असर छोड़ती है तो यह कांग्रेस को मजबूत करने तथा विपक्षी नेताओं के बीच उसका कद बढ़ाने में उसकी मदद कर सकती है।

समाजवादी पार्टी, जो यूपी में एक ठोस क्षेत्रीय पार्टी है, अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान लगाए हुए है। दूसरी ओर, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भाजपा के लिए 75 सीटों का लक्ष्य रखा है, जिसमें 80 लोकसभा सीटें हैं। बसपा ने पहले चरण के रूप में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 75,000 सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान शुरू किया है। बसपा प्रमुख मायावती पिछले एक दशक में, एक के बाद एक, हार का सामना कर रही हैं, लेकिन उनके पास एक मजबूत दलित वोट बैंक है। बसपा नेताओं को उम्मीद है कि वे इस दलित बैंक के आधार पर अपनी संभावनायें बेहतर बना सकते हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपने विधायकों को, या तो बेहतर प्रदर्शन करो या बर्बाद हो जाओ, अथवा दूसरे शब्दों में 'करो या मरो' की चेतावनी दी है। उन्होंने अपने विधायकों का घर-घर जाकर दौरा करने का कार्यक्रम भी शुरू किया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भी एक राष्ट्रीय पार्टी बनाने की योजना बनाई है, जो राष्ट्रीय भूमिका निभा सके। 2024 तक, यह सभी पार्टियों के लिए रोमांचकारी यात्रा होगी।

मोदी के पीछे दस साल की सत्ता विरोधी लहर होगी, लेकिन भाजपा उनके जादू पर निर्भर है। हालांकि कई सवाल हैं, जैसे क्या मोदी हैट्रिक करेंगे? क्या एकजुट होगा विपक्ष? क्या राहुल एक सफल चुनौतीकर्ता बनकर उभरेंगे? राजनीति में एक हफ्ता लंबा समय कहा जाता है। 2024 के चुनावों से पहले हमारे पास 18 महीने हैं। चुनाव नजदीक आते ही तस्वीर साफ हो जाएगी। तब तक राजनीतिक विश्लेषक अंधेरे में ही तीर चलाते रहेंगे।

## आप की बात

### भारत-आर्मीनिया दोस्ती

**हाल** ही में भारत ने आर्मेनिया के साथ रक्षा निर्यात में सौदा किया जो कई मायनों में महत्वपूर्ण है। भारत आर्मीनिया को न केवल मिसाइल, रॉकेट व गोला बारूद बेचेगा बल्कि पहली बार भारत में डिज़ाइन व उत्पादित पिनाका रॉकेट लॉन्चर भी देगा। साल 2020 में भी लगभग 350 करोड़ की रडार भारत आर्मीनिया को दे चुका है लेकिन यह सौदा इससे कई गुना बड़ा है और इसे जल्द से जल्द पूरा करने व बिचौलियों से बचने के लिए गवर्न्मेंट टू गवर्न्मेंट रास्ते का इस्तेमाल किया गया है। यह सौदा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आर्मीनिया को इन हथियारों की आवश्यकता अजरबेजान से मुक़ाबला करने के लिए चाहिए, जो तुर्की व पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत का विरोध करता रहा है। अज़रबैजान ने न केवल कश्मीर मामले पर पाकिस्तान का साथ दिया बल्कि संयुक्त राष्ट्र व ओआईसी जैसी वैश्विक संस्थाओं में भी भारत के विरुद्ध खड़ा रहा है। इसलिए इस प्रकार के सौदे से न केवल भारत का रक्षा निर्यात बढ़ेगा बल्कि अपने विरुद्ध खड़े देशों पर लगाम लगाम लगाने में भी सहायता होगी। यह भारत-आर्मीनिया संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

–**पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### विश्व शांति जरूरी

**आज** युद्ध के नुकसान और शांति की वैश्विक जरूरत को समझा जा सकता है। पिछले 6 माह से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में किसी महाशक्ति ने रुचि नहीं दिखाई है। इसके पीछे उनकी युद्धरत देशों को हथियार पूर्ति की मंशा रही है जबकि भारत सदैव विश्व शांति का पक्षधर रहा है। चाहे युद्ध ईरान इराक में हो या अफगान या रूस-यूक्रेन में, इन सबको खत्म करने में रुचि रखने के पीछे भारत का निस्वार्थ भाव रहा है। एक गौर करने वाली बात यह भी है कि भारत ने युद्ध रोकने की अपील नहीं की, अपितु प्रधानमंत्री ने पुतिन को युद्ध की विभीषिका से चेताया है। यूक्रेन शुरू से ही रूस को कड़ी टक्कर देता आया है। भले ही रूस ने बारूद बरसा कर खंडहर और लाशों के ढेर लगा दिये हों पर आज के हालातों में रूस महाशक्ति होने के बावजूद जेलेंस्की की हिम्मत के आगे बौना साबित हो गया है। बहुत हो चुका युद्ध, अब अगर शांति चाहिए तो रूस को समझौते की मेज पर बैठना ही होगा। एक खास बात यह भी है कि यूक्रेन के पास अब खोने के लिए कुछ नहीं बचा है परंतु जो सबक रूस को मिला है उसे वह दशकों तक याद रखेगा।

–**अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर

### विघटनकारी सोच

**देश** के लोग समय समय पर समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से सूचना प्राप्त करते रहते हैं। ताज़ा प्रकरण दुर्गा पूजा के पंडाल का है जहां मूर्ति को खंडित कर दिया गया। हालांकि सरकार हरकत में आई और कार्यवाही शुरू हुई। पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया एवं उसके अन्य सहयोगी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया क्योंकि ये भी देश को खंडित करना चाहते थे। आज हिन्दू युवतियों के धर्म को लव जिहाद के नाम पर खंडित करने की खबरें भी आम हैं। अभी एक युवती का गला केवल इसलिए रेत दिया गया क्योंकि वो स्वेच्छा से जीना चाहती थी, न की शरिया के अनुसार। सवाल ये है कि इस विनाशकारी और खंडित करने की मानसिकता का मूल कहां है, क्योंकि पत्तों और टहनियों को काटने से वृक्ष धाराशाही नहीं होते, फिर खाद पानी और अनुकूल मौसम मिलते ही ये वृक्ष पुन: फलीभूत एवं हरा भरा हो जायेगा। ऐसे में इस खंडित और विकृत मानसिकता के उद्गम स्रोत पर काम करना आवश्यक हो जाता है अर्थात जड़ों पर प्रहार होगा तभी समाधान होगा।

–**मनोज**, मेरठ


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमने** कभी आसान प्रगति के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन सुधारों को हमेशा के लिए टाला नहीं जा सकता है।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**हम** मित्रों व साझीदारों के साथ मिल कर रूस व जमीन पर कब्जा करने के इच्छुक लोगों पर दबाव डालते रहेंगे।

– **नेड प्राइस**
अमेरिकी विदेश विभाग प्रवक्ता



**वाड्रा** परिवार की बहू होने के नाते अब प्रियंका भारतीय परंपरा के अनुसार गांधी परिवार का हिस्सा नहीं हैं।

– **अब्दुल ख़ालिक**
कांग्रेस सांसद

# प्रदेश की नई औद्योगिक नीति का प्रारूप तैयार

## प्रगतिशील, अभिनव और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर है केंद्रित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण निर्धारित किया है।

**प्रदेश** में सर्वांगीण एवं संतुलित सामाजिक-आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के अपने अनवरत् प्रयासों के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार वैश्विक निवेशक समुदाय के लिए अनुकूल व आकर्षक वातावरण का सृजन करने के लिए प्रदेश की विकासोन्मुख नीतियों की समीक्षा कर रही है। इस दिशा में, संबंधित हितधारकों के परामर्श एवं भारत में विभिन्न राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं के विश्लेषण के बाद नई औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 का ड्राफ्ट तैयार किया गया है।

प्रस्तावित नीति के मसौदे का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना है, जिससे रोजगार सृजित हो तथा प्रदेश में स्थायी और समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले। प्रस्तावित नीति मुख्य रूप से 01 ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के राज्य के उद्देश्य को साकार करने के लिए एक प्रगतिशील, अभिनव और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अरविंद कुमार ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, उत्तर प्रदेश भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में उभरा है तथा मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ के सुदृढ़ नेतृत्व में सक्रिय शासन के माध्यम से औद्योगिक निवेश के लिए एक उत्कृष्ट गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है। राज्य की अनंत क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण निर्धारित किया है। प्रस्तावित नीति की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए, 'इन्वेस्ट यूपी' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), अभिषेक प्रकाश ने बताया कि प्रस्तावित नीति के अंतर्गत सभी सेक्टर्स के उद्योगों हेतु राज्य को प्रतिस्पर्धी और आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए 'विकल्प आधारित प्रोत्साहन मॉडल' का प्राविधान किया गया है। जिसके अंतर्गत निवेशक या तो 'पूंजीगत् सब्सिडी' या 'नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति' या 'पीएलआई (उत्पादन आधारित प्रोत्साहन) टॉप-अप सब्सिडी' का विकल्प चुन सकते हैं। पूंजीगत् सब्सिडी के विकल्प को जिस क्षेत्र में निवेश किया जा रहा है, उस क्षेत्र के आधार पर वर्गीकृत किया गया है तथा यह उत्पादन क्षमता के उपयोग पर आधारित है। ड्राफ्ट में रोजगार बूस्टर सहित विभिन्न बूस्टरों को भी प्रदान किया गया है, जो रोजगार सृजन एवं निर्यात प्रोत्साहन के लिए पूंजीगत सब्सिडी में वृद्धि करते हैं। 'पीएलआई टॉप-अप सब्सिडी' के माध्यम से भारत सरकार की पीएलआई योजना के अंतर्गत चयनित निवेशकों द्वारा उत्तर प्रदेश को अपने निवेश गंतव्य के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। विकल्प-आधारित सब्सिडी के अतिरिक्त, नीति अन्य प्रोत्साहनों के साथ-साथ स्टांप शुल्क में छूट, अनुसंधान एवं विकास के लिए सब्सिडी तथा बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) प्राप्त करने, अनुसंधान एवं विकास इकाइयों एवं उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना के लिए भी प्रोत्साहन प्रदान करती है। नीति के माध्यम से स्वच्छ मैन्युफैक्चरिंग के उपायों को भी बढ़ावा दिया गया है तथा सर्कुलर अर्थव्यवस्था में निवेश आकर्षित करने हेतु प्राविधान किए गए हैं।

# ओवरऑल टूरिज्म डेवलपमेंट योजना के तहत बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोरः जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वाराणसी** में ओवरऑल टूरिज्म डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत विभिन्न पावन पंथों का निर्माण 24.4 करोड़ रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। इसके अलावा पंचकोसी परिक्रमा यात्रा मार्ग का पर्यटन विकास 39.21 करोड़ रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। इसी प्रकार जनपद मिर्जापुर में विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर का निर्माण 127.29 करोड़ रु. की धनराशि से कराया जा रहा है।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज अपने आवास पर दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण पर्यटन क्षेत्र में पैनल ऑफ कन्सलटेन्ट चयनित कर ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी प्रकार इको टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए इको टूरिज्म बोर्ड का गठन कर लिया गया है। इसके अंतर्गत एक राष्ट्रीय उद्यान, 11 वन्यजीव अभ्यारण्य, 24 पक्षी अभ्यारण्य तथा 9 इकोटूरिज्म सर्किट भी विकसित किये जायेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि ब्रजतीर्थ विकास परिषद ने चालू वित्तीय वर्ष में सड़क एवं परिवहन राजमार्ग भारत सरकार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों के साथ दिल्ली में साझा बैठक कर ब्रज में 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण कराने के साथ.साथ लम्बित योजनाओं को लागू कराया गया।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि हॉल में ही सम्पन्न संघाई सहयोग संगठन ने काशी को पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी घोषित किया है। इस संघ में 08 देश शामिल हैं। इन देशों के प्रतिनिधि मण्डल को अगले वर्ष 16 जनवरी को वाराणसी भ्रमण पर आने की सम्भावना है, ये देश काशी की प्राचीनता, सांस्कृतिक महत्व एवं अन्य गतिविधियों से परिचित होंगे, इसके लिए मुख्यमंत्री ने काशी को सजाने एवं संवारने तथा स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए हैं। इन 08 देशों में रूस, चीन, तजकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान तथा भारत शामिल हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि अगले माह अक्टूबर एवं नवम्बर में कई त्योहार पड़े रहे हैं। वाराणसी के प्रसिद्ध रामलीला के 200 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसके साथ ही नवम्बर में देव दीपावली का आयोजन होगाए जिसमें देश-विदेश से घरेलू एवं विदेशी पर्यटक आयेंगे। इसके लिए, पर्यटन विभाग को पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके माध्यम से उ़प्र के पर्यटन की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग किए जाने का प्रयास किया जायेगा।

## स्वाइन फ्लू के चार मरीज मिलते ही अलर्ट जारी पुख्ता इंतजाम के निर्देश

**लखनऊ।** पिछले एक सप्ताह में स्वाइन फ्लू के चार मरीजों के मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सरकारी अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के इलाज के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जांच से लेकर दवाओं तक की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को निर्देश सभी सीएमओ और अस्पतालों के सीएमएस को जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कानपुर,लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में स्वाइन फ्लू के मरीज पाए गए हैं। इसके मद्देनजर सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। इन अस्पतालों में संक्रमितों की भर्ती के उचित इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक अस्पताल में आठ से 10 बेड का स्वाइन फ्लू वार्ड बनाया जाए। टेमीफ्लू समेत दूसरी जरूरी दवाओं की व्यवस्था की जाए। जांच में लगे कर्मचारियों के लिए पीपीई किट, दस्ताने समेत दूसरे संसाधन जुटा लिए जाएं।

## बीफार्मा के लिए 100 सीट, डी फार्मा के लिए 60 सीट आवंटित

**लखनऊ।** लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज को फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सत्र 2022-23 के लिए बीफार्मा की 100 सीट और डीफार्मा 60 के लिए मान्यता प्रदान की गई है। मान्यता के लिए पीसीआई की तरफ से विगत 7 सितम्बर 2022 को सभी तैयारियों का भौतिक निरीक्षण किया गया था। तदुपरांत आज पीसीआई की 376वीं एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग के द्वारा लिये गये निर्णयों में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा चलाए गए कोर्सेज की सभी सीटों पर प्रवेश हेतु मान्यता दे दी गयी।

# पावर कारपोरेशन अध्यक्ष ने धीमी प्रगति पर बिजली कम्पनियों को लगाई फटकार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने गुरुवार कोप्रदेश की बिलिंग व्यवस्था को अपग्रेड कर रही कम्पनियों को उनकी धीमी प्रगति के लिये जमकर पेंच कसे। उन्होंने कहाकि आपका काम अत्यन्त धीमा है। इसे सहन नहीं किया जायेगा। अध्यक्ष ने कहाकि अगर इसी तरह धीमा काम रहा तो कार्यवाही के लिये तैयार रहिए। उन्होंने कार्य की प्रगति पर अत्यन्त असंतोष व्यक्त किया।

उन्होंने नोएडा स्थित डीआर सेन्टर का निरीक्षण किया। यह बिलिंग डाटा सेन्टर के रूप में कार्य करता है। यहाँ पर उन्होंने प्रदेश की बिलिंग व्यवस्था की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को समय से सही रीडिंग का बिल मिले यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने रेवेन्यू मैनेजमेन्ट सिस्टम के सन्दर्भ में आयोजित मीटिंग में कहा कि इसे शीघ्र अपग्रेड करें जिससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों तरह के उपभोक्ता एक ही प्लेटफार्म पर अपना कार्य करा सकें और उन्हें आसानी से सही रीडिंग का बिल प्राप्त हो सके।

अध्यक्ष ने कहा कि हमें बिलिंग की ऐसी व्यवस्था बनानी है जिससे उपभोक्ताओं को हम बेहतर सुविधा दे सकें और उनकी सभी शिकायतों का हम ऑनलाइन शीघ्र समाधान कर सकें।

## किसान को परेशान करने के आरोप में कार्यकारी सहायक निलम्बित

**लखनऊ।** ग्रामीण उपभोक्ता को नलकूप कनेक्शन के प्राक्कलन में विलम्ब करने एवं उपभोक्ता को परेशान कर विभाग की छवि धूमिल करने के आरोप में जनपद सुल्तानपुर के विद्युत वितरण खण्ड के कार्यकारी सहायक मुईद अहमद को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम0 देवराज के निर्देश के बाद निलम्बित कर दिया गया है। इस प्रकरण की शिकायत ग्रामीण उपभोक्ता तेजप्रताप सिंह ग्राम पलहीपुरए ब्लाक दूबेपुर ने अध्यक्ष से की थी कि लगातार सम्पर्क करने के बाद भी निजी नलकूप का प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है और कई बार मैं मुईद अहमद से मिल चुका हूँ। वे परेशान कर रहे हैं। अध्यक्ष ने उपभोक्ता से दूरभाष पर बात की। वहाँ के स्थानीय अधिशासी अभियन्ता से भी बात की। प्रकरण में कार्यकारी सहायक को प्रथम दृष्टया आवेदक को प्राक्कलन उपलब्ध न कराना अनावश्यक परेशान करना तथा विभाग की छवि धूमिल करने का दोषी पाये जाने पर निलम्बन के आदेश दिये।

# त्यौहारों पर चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के लिए चलेगा विशेष सुरक्षा अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्वोत्तर** रेलवे लखनऊ मण्डल की मण्डल रेल प्रबन्धक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री ने आसन्न पर्वों के दौरान चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के संचालन एवं यात्री सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए मण्डल में दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संरक्षित गाड़ी संचालन एवं यात्री सुरक्षा हेतु विशेष संरक्षा अभियान चलाने हेतु निर्देश दिये है। इस विशेष संरक्षा अभियान के अन्तर्गत मण्डल के रेलवे ट्रैक एवं स्टेशनों के मध्य विभिन्न समपारों, निकटवर्ती गावों व बाजारों एवं मेला वाले स्थानों को चिन्हित कर रेलवे समपार को पार करने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में शिक्षा अदालतों द्वारा, तथा पम्पलेट व हैण्डबिल वितरण के माध्यम से जनमानस को संरक्षा अधिकारी एवं संरक्षा सलाहकारों द्वारा जागरूक किया जा रहा है। सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार फाटकों पर गाड़ी के लिए बन्द होने की स्थिति में धैर्यपूर्वक फाटक के खुलने तक प्रतीक्षा करने हेतु काउंसिलिंग की जा रही है।

मण्डल प्रशासन द्वारा सुरक्षित यात्रा के परिप्रेक्ष्य में यह अपील की जाती है कि यात्री स्टेशनों पर रेलवे ट्रैक को निर्धारित स्थान से ही पार करें इसके लिए स्टेशनों पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिजों का प्रयोग करें। स्टेशनों पर तथा फुट ओवर ब्रिज पर भीड़ न इकठ्ठा करें। ज्वलनशील/विस्फोटक सामग्री लेकर ट्रेनों में यात्रा न करें, यह पूर्णतः वर्जित है। गाड़ी की छतों एवं पावदानों पर यात्रा न करें।

## पटरी किनारे स्कूलों के बच्चों को किया गया जागरूक

**पूर्वोत्तर** रेलवे लखनऊ मण्डल की मण्डल रेल प्रबन्धक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में आज लखनऊ मंडल के लखनऊ-सीतापुर रेलखंड के मध्य बख्शी का तालाब रेलवे स्टेशन के नजदीक लाइन के किनारे सरैया प्राथमिक, विद्यालय में संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को संरक्षा सलाहकारों द्वारा संरक्षा ज्ञान दिया गया। इसके अंतर्गत उपस्थित बच्चों को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पर न जाकर केवल रेलवे फाटको अथवा उपरिगामी पुल से ट्रैक पार करने और गेटमैन पर अनाधिकृत दबाव नहीं डालने, क्षतिग्रस्त रेलवे फाटकों पर सावधानी बरतने एवं विद्युतीकृत रेलवे ट्रैक के खम्भों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा लाइन किनारे जानवरों को न चराने के संबंध में संरक्षा जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर बच्चों में 400 संरक्षा पोस्टर एवं पंपलेट का वितरण भी किया गया।

# जब यूपी से भाजपा भागेगी तभी केंद्र से होगा उसका सफायाः सपा प्रमुख

## सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा, आगे की लड़ाई के लिए रहें तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2024 में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए हमें आगे की लड़ाई के लिए तैयार रहना है। उत्तर प्रदेश की इस लड़ाई में मुख्य भूमिका होगी। जब उत्तर प्रदेश से भाजपा भागेगी तभी केन्द्र से उसका सफाया होगा। इसके लिए हमें बूथस्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाना और जनता के बीच अपनी नीतियां व कार्यक्रम पहुंचाना होगा। भाजपा की कुनीतियों और अन्याय के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा।

अखिलेश यादव शुक्रवार का समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के लोहिया सभागार में एकत्र विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में आए पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू है। भाजपा की अनीतिकता इस हद तक है कि वह सत्ता का दुरुपयोग करके निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को भी प्रदूषित करती है। जरूरत इस समय लोकतंत्र को बचाने के लिए समा यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नोटबंदी करके और जीएसटी लागूकर देश में आर्थिक संकट पैदा कर दिया है। इसका लाभ गरीबों और व्यापारियों को नहीं मिला है। किसान और नौजवानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई और भ्रष्टाचार से समाज का हर वर्ग आक्रोशित है। आरएसएस की शिक्षा संस्थानों में दखलंदाजी है। दो सौ देशों में स्थापित एयर इण्डिया की सम्पत्ति को भाजपा सरकार ने बेच दिया है। भाजपा की मंशा चंद पूंजीपतियों के हाथों में पूरी ताकत केन्द्रित कर देने की है। इस अवसर पर तमाम प्रदेश अध्यक्षों ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि अखिलेश यादव ही देश में परिवर्तन लाएंगे। उनका नेतृत्व बेदाग है और वे समाज के हर वर्ग को स्वीकार्य है। उत्तर प्रदेश की जनता का उन पर पूरा भरोसा है। वे सब मिलकर अखिलेश के हाथों को मजबूत करेंगे और समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय दल की मान्यता दिलाने तथा सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हटाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

**लगातार** तीसरी बार समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर अखिलेश से मिलकर उन्हें बधाई देने वालों का शुक्रवार को तांता लगा रहा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि न सिर्फ यूपी के विभिन्न जिलों बल्कि अन्य प्रदेशों के पदाधिकारियों ने भी प्रदेश सपा मुख्यालय पर अखिलेश से मिलकर उन्हें अपने समर्थन और सहयोग का भरोसा दिलाया। विभिन्न प्रदेशों के सपा अध्यक्षों ने पार्टी को राष्ट्रीय मान्यता दिलाने के लिए मजबूती से जुटने का संकल्प लिया। अखिलेश यादव से मिलने वालों में प्रमुख रूप से यूपी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के अतिरिक्त महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल, पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष मानस भट्टाचार्य, उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष एसपी. पोखरियाल, कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष एनमनजप्पा, केरल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. साजी पोथेन थामस एवं झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फरंजन यादव प्रमुख थे।

# संविधान बचाने की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाएंगे अखिलेश यादवः फतेह बहादुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने अखिलेश यादव के पुनः समाजवादी पार्टी का निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने जिस तरह से संविधान बचाने और बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए अपने संकल्पों को दोहराया है उससे दलितों व बहुजन समाज के लोगों में इस बात को लेकर उम्मीद बंधी है कि उनके अधिकारों के लिए भी कोई दल सड़क पर आंदोलन चलाने की बात कर रहा है। फतेह बहादुर ने कहा कि अखिलेश ने पिछड़ी जातियों की जातीय जनगणना की मांग को लेकर केंद्र व यूपी सरकार के खिलाफ सड़क पर आंदोलन चलाने की बात भी कही है। उससे पिछड़े वर्ग भी काफी आशान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में संविधान विरोधी ताकतें भारतीय संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रहीं हैं। संविधान को बचाने की खातिर सपा ने सड़क पर उतरकर आंदोलन करने का फैसला लिया है। यह स्वागतयोग्य कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान से ही दलितों पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों के सारे अधिकार सुरक्षित हैं। ऐसे में संविधान की रक्षा करना पूरे बहुजन समाज की जिम्मेदारी है और उनकी यह भी जिम्मेदारी बनती है कि वे भारतीय संविधान बचाने के लिए, संघर्ष करने वाले दल के साथ खड़े हों।

# पीएफआई पर बैन राजनीतिक साजिश



**लखनऊ।** केंद्र सरकार की तरफ से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को बैन किये जाने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे राजनीतिक बताते हुए कहा कि चुनाव से पहले पीएफआई को टारगेट किया गया है। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट कर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि केन्द्र द्वारा पीपुल्स फ्रंट आफ इंडिया पर देश भर में कई प्रकार से टारगेट करके अंततः अब विधानसभा चुनावों से पहले उसे उसके आठ सहयोगी संगठनों के साथ प्रतिबंध लगा दिया है, उसे राजनीतिक स्वार्थ व संघ तुष्टीकरण की नीति मानकर यहां लोगों में संतोष व बेचैनी ज्यादा है। मायावती ने कहा कि यही कारण है कि विपक्षी पार्टियां सरकार की नीयत में खोट मानकर इस मुद्दे पर भी आक्रोशित व हमलावर है और आरएसएस पर भी बैन लगाने की खुलेआम मांग हो रही है कि अगर पीएफआई देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है तो उस जैसी अन्य संगठनों पर भी बैन क्यों नहीं लगना चाहिए।

# पूर्व में की गई इन्वेस्टर्स समिट से यूपी को नहीं मिला कोई आर्थिक लाभः कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एक बार फि र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कराने जा रही है। इससे पहले जनवरी 2022 में ग्राउंडब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेशवासियों को सपना दिखाया गया था कि प्रदेश में 80 हजार करोड़ का निवेश होगा। उससे पहले भी दो समिट कराई जाए चुकी है, जो कुल मिलाकर लगभग तीन लाख करोड़ के निवेश किए जाने की बात कही गई। मगर धरातल पर देखा जाए तो तीन लाख करोड़ के निवेश के बावजूद भी उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी और पलायन चरम पर है।

कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने आगे कहा कि इससे पहले जो तीन इन्वेस्टर्स समिट कराई गई। अगर उसका जमीन पर कोई असर होता तो नीति आयोग की जो रिपोर्ट आई है, उसमें उत्तर प्रदेश देश के निर्धन राज्यों में प्रथम स्थान पर न होता। चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद खाली सरकारी पदों को तुरंत भरा जाएगा। मगर सरकार रोजगार के लिए अपने वादे पर ध्यान नहीं दे रही है। इन्वेस्टर समिट के नाम पर नौजवानों को गुजरात की नकल करते हुए रोजगार के नाम पर झांसा दिया जा रहा है। सरकार का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट और मेक इन इंडिया का जुमला भी रोजगार देने में फेल होता दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज उत्तर प्रदेश लचर कानून व्यवस्था, महिला अत्याचार, बढ़ते अपराध, भुखमरी और निर्धनता में नंबर वन प्रदेश बन चुका है जो कि कभी देश के अग्रणी राज्यों में हुआ करता था। प्रवक्ता ने कहा कि योगी सरकार से निवेदन है की इन्वेस्टर समिट के नाम पर उत्तर प्रदेश में गुजरात मॉडल प्रस्तुत करने, प्रदेशवासियों के टैक्स के पैसे से फि जूलखर्ची करने के बजाय धरातल पर काम करें और उत्तर प्रदेशवासियों, युवाओं, किसानों और गरीबों के लिए काम करें।

# सेना के त्याग व समर्पण से ही देशवासी खुली हवा में ले रहे हैं सांसः धर्मवीर

● होमगार्ड्स मुख्यालय में हुआ डिफेंस डायलॉग्स-2022 का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के होमगार्ड्स व कारागार मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सेना के त्याग व समर्पण की वजह से ही देशवासी खुली हवा में चैन की सांस ले रहे हैं। उन्होंने युवाओं का आवाह्न किया कि वे देश की रक्षा करने वाले वीरों को नमन करें और अपनी संस्कृति और संस्कारों की रक्षा का संकल्प लें।

प्रजापति शुक्रवार को होमगार्ड्स मुख्यालय में आयोजित डिफेंस डायलॉग्स-2022 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन एंब्रियोनिक फाउंडेशन के सेक्रेटरी समर्थ सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी रितिक सिंह, अक्षत श्रीवास्तव, दिव्यांश श्रीवास्तव, मुख्य सलाहकार संदीप कुमार की ओर से किया गया। प्रजापति ने कहा कि सेना और वायु सेना की वजह से आज हिंदुस्तान की तरफ कोई भी देश आंख उठा कर देखने की हिमाकत नहीं कर पा रहा है। सेना में काम करने वालों से अधिक तपस्या तो उनके परिजन करते हैं, मैं सभी को सैल्यूट करता हूं। मंत्री ने कहा कि आज यहां हाल में मौजूद बच्चों का सौभाग्य है कि उनके सामने फोर्स के एक नहीं कई नायक मंच पर बैठे हैं। आप लोग इनके अनुभव से बहुत कुछ सीख सकते हो। मंच पर एंबेसडर, तीन देशों के प्रधानमंत्री के सलाहकार दीपक वोहरा, एयर मार्शल अमित तिवारी, ब्रिगेडियर पंकज सिन्हा, डीजी बी के मौर्य, डीआईजी रंजीत सिंह, एच एन सिंह चीफ एडवाइजर लायंस क्लब मौजूद थे। मंत्री ने स्कूली छात्रोंए जवानों से कहा को आप लोग जल संरक्षण करें और बड़ी संख्या में पौधरोपण करें। उन्होंने कहा की प्रकृति हमें जीवन देती है और हम लोग उसे क्या दे रहे हैं, समय आ गया है कि हम सब देश और समाज की सेवा करें न की राजनीति। हमारे लिए देश पहले है समाज बाद में, बच्चों को जागरूक होना पड़ेगा। कार्यक्रम में एंबेसडर दीपक वोहरा द्वारा युवाओं को 75 वर्षों की देश की सफलता से अवगत कराया गया और प्रेजेंटेशन के माध्यम से बच्चों को नया भारत बनाने का संदेश दिया। वहीं जूम मीटिंग से जुड़े लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हुसैन द्वारा देश की आंतरिक सुरक्षा के बारे में कई खास बातों के बारे में बताया। एयर मार्शल अमित तिवारी ने भू राजनैतिक, भू आर्थिक विषय पर पश्चिम देशों को भारतीय विदेश नीति पर पढ़ने वाले असर के बारे में जानकारी प्रदान की। मेजर अजय चौधरी और ब्रिगेडियर पंकज सिन्हा ने आंतरिक सुरक्षा के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की।

# पत्र से हुआ उजागर, जनप्रतिनिधियों की नहीं सुनते अधिकारी

● डीएम अनुज सिंह को कार्यालयाध्यक्षों को लिखना पड़ा पत्र

● जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर लोकार्पण/शिलान्यास कराने के दिए निर्देश शिकायत पाए जाने पर दी चेतावनी, होगी कठोर कार्रवाई

संवाददाता। सीतापुर

**राज्यमंत्रियों की** कैबिनेट मंत्री नहीं सुनते, जनप्रतिनिधियों की अधिकारी। जी हां पिछले दिनों जलशक्ति मंत्री दिनेश खटिक ने कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पर उनकी न सुनने का आरोप लगाकर मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर योगी सरकार में जो हड़कंप मचाया था, लखनऊ से दिल्ली तक की इनकी दौड़ मीडिया की सुर्खिया बना था। उसी दौरान यह कई राज्यमंत्रियों को पीड़ा थी कि उनकी कैबिनेट मंत्री नहीं सुनते। ऐसे ही एक कार्यक्रम में कारागार विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जब अपने राज्यमंत्री सुरेश राही का नाम नहीं लिया तो वह उठकर चल दिए, यह मामला भी मीडिया की सुर्खिया बना था। जिलों में तो जनप्रतिनिधियों का और भी बुरा हाल है। कोई भी बैठक हो वह अधिकारियों पर न सुने जाने का आरोप लगाते रहते है, चूंकि बैठके बंद कमरों में होती है। इसलिए बहुत सारी बाते बाहर नहीं आ पाती है। लेकिन सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा सभी कार्यालयध्यक्षों को लिखे गए एक पत्र ने अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों की न सुने जाने को उजागर कर दिया है। जिलाधिकारी ने पत्र में कार्यालयध्यक्षों को लिखा है कि 24 सितम्बर को आहूत जिला विकास समन्वय एंव निगरानी समिति दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार इस आशय की शिकायत की जा रही है कि उनके द्वारा मोबाइल फोन करने पर जनपद के अधिकांश अधिकारियों द्वारा कॉल रिसीव नहीं किए जाते है और न ही वापस सम्पर्क स्थापित किया जाता है। जिससे जनप्रतिनिधियों के समक्ष जनता में असहज स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं अभियंतागण को स्पष्ट निर्देश पूर्व में दिए जा चुके है कि कार्य प्रारम्भ कराने के पूर्व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से शिलान्यास कराया जाए। तथा कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण कराया जाए। इसके लिए जनप्रतिनिधि से समन्वय करके उनकी सुविधा अनुसार कार्यक्रम के आयोजन हेतु तिथि निर्धारित करा ली जाए। अपने स्तर से कार्यक्रम के आयोजन हेतु तिथि का निर्धारण न किया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार की शिकायत पाए जाने पर सम्बन्धित का उत्तर दायित्व निर्धारित करते हुए सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रावधानों के अन्तर्गत कठोर प्रतिकूल कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारी से लगाये गये हैण्डपम्पों की स्थिति की जानकारी करते हुये कहा कि जहां पर हैण्डपम्प स्थापित किये गये हैं वहां पर बनाये गये चबूतरों की समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था की जाये ताकि कूड़ा व गंदगी आदि वहां पर एकत्र न होने पाये। उन्होंने स्कूल के पास की नालियों की स्थिति की जानकारी करते हुये कहा कि नालियों के आस-पास विशेष तौर पर साफ-सफाई रखी जाये एवं जहां पर बाहर से आने वाले लोगों के ठहरने की व्यवस्था की जाती है वहां पर स्थापित नांलियों की साफ-सफाई पर भी विशेष फोकस किया जाये।

उन्होंने कहा कि मंदिरों में जो फूल आदि चढ़ाये जाते हैं तो वहां भी इसके कम्पाजिट के लिये उचित व्यवस्था की जाये। गांव में जो कूड़े का ढेर लगाया जाता है, के निस्तारण हेतु भी उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि इसके लिये हम सबको एक रूपरेखा बनानी होगी ताकि हमारा गांव ओडीएफ प्लस की श्रेणी में आ सके। उन्होंने कहा कि शहर के किनारे गांव में जो भी सीसी सड़कें बनायी गयी है उसमें नालियों की उचित व्यवस्था की जाये ताकि नलियों में गिरने वाला पानी की निकासी आसानी हो सके व जलभराव को रोका जा सके। सड़कें ऐसी बनायी जायें जिस पर गिरने वाला पानी इकट्ठा न हो व पानी सड़क से उतरकर कहीं पास में आसानी गिर सके। गांव में बनाये गये सामुदायिक शौचालय उसी दशा में क्रियाशील किये जायें जब उसमें पानी, बिजली, टंकी आदि की आधार मूलभूत समस्त सुविधाएं उपलब्ध हों तथा जो भी कार्य कराये जाये उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी जान्हवी मोहन सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानदेय, समायोजन को लेकर विकास भवन के सामने नारेबाजी

**सीतापुर।** अपनी मांगो को लेकर विकास भवन के सामने धरने पर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त स्वच्छता ग्रहियों ने उस समय नारेबाजी कर दी जब उनका कई सालों से मानदेय नहीं मिला और वह आक्रोशित हो गए। आक्रोशित स्वच्छता ग्रहियों ने मांग की है कि उनको समायोजित करते हुए नियमित कार्य व समय से मानदेय दिया जाए। धरने पर बैठे स्वच्छता ग्रहियों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से लगाकर सरकार तक अपनी मांग पहुंचाई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है जिससे क्षुब्ध होकर वह धरने पर बैठ गए है। धरने पर बैठे स्वच्छता ग्रहियों ने कहा कि गांवो को स्वच्छ बनाने को लेकर हम लोग बहुत प्रयास किए, लेकिन आज हम लोगो को समस्याएं है तो सरकार भी हमारी मद्द करें। जिलाध्यक्ष शिवा, नीरज कुमार, सीमा भारती, जय वर्मा, कृपा शंकर, इन्द्रमोहन शुक्ला, रविकान्त गौतम, मो. रिजवान, वीरेन्द्र पाल, अनुराग सिंह सहित तमाम स्वच्छता ग्रहियों ने धरने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय में अपना ज्ञापन सौंपा।

## क्विक न्यूज

### एसपी से मिलने पहुंची महिलाएं, लगाई न्याय की गुहार

**सीतापुर।** धोखाधड़ी करने वालों के लिए सीतापुर पुलिस भले ही सख्त रूख अपना रही हो लेकिन मछरेहटा थाना क्षेत्र में एक युवक समूह की महिलाओं से लाखों की धोखाधड़ी करने के बाद वह आराम से घूम रहा है, शिकायत कर्ताओं की शिकायत पर भी पुलिस बिलकुल अंजान बनी हुइ है जिससे परेशान महिलाओं ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। बताते चलें कि समूह की महिलाओं से एक युवक ने लाखों रूपये निकलवाकर उनसे धोखाधड़ी कर रूपये हड़प लिए। महिलाएं न्याय पाने के लिए मछरेहटा थाने के चक्कर लगाने के बाद एसपी आफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। आपको बता दें कि मछरेहटा क्षेत्र के परसदा गांव की पीड़िता रेखा पत्नी पवन, गोल्डी पत्नी कालू, प्रेमा देवी पत्नी हरी बाबू, सुशीला पत्नी श्याम किशोर, मायावती पत्नी मंगल ने गांव के ही नैमिष पुत्र रामखेलावन पर बैंक कर्मियों की मिलीभगत से धोखधड़ी करने लाखों रूपये हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नैमिष ने लाभ देने की बात कहकर उनसे समूह से रूपये निकलवा लिए, जब काफी दिन हो गए तो वह पैसे मांगने पर महिलाओं को धमकी देने लगा। समूह की महिलाओं का कहना है कि नैमिष ने बैंक के अधिकारियों के साथ लाखों रूपये की ठगी कर ली है जिसपर कार्रवाई की मांग को लेकर वह एसपी आफिस पहुंची है और न्याय की गुहार एसपी घुले सुशील चन्द्रभान से लगाई है।

### घायलों की कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुंचे डीएम

**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ओयल स्थित जिला चिकित्सालय पहुंचेए जहां उन्होंने ऐरा पुल सड़क हादसे में घायलो से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसडीएम ;सदरद्ध श्रद्धा सिंह के संग चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो में भर्ती घायलों से एक.एक कर मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य लाभ व मेडिकल ट्रीटमेंट की जानकारी ली। इस दौरान डीएम ने घायल मरीजो को फल ;केला व सेबद्ध वितरित किए। डीएम ने घायलों का बेहतर से बेहतर उपचार के निर्देश दिए। घायलों से बातचीत करते हुए डीएम ने भोजन मिलने के संबंध में जानकारी लीए जिस पर उन्होंने भोजन मिलने की बात कही। डीएम ने भर्ती मरीजों से कहा कि चिकित्सकों की निगरानी में बेहतर इलाज से जल्द ठीक हो जाएंगे। भ्रमण के दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह सीएमएस डॉ एससी श्रीवास्तव डॉ चंदानी नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह शहीद चिकित्सकों की टीम मौजूद रही।

### श्री राम लीला में अखिल भारतीय विराट दंगल का हुआ समापन

**मोहम्मदी खीरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित मेला श्री राम लीला में अखिल भारतीय विराट दंगल का दो दिवसीय दंगल का हुआ समापन। दंगल का शुभारंभ दंगल के आयोजक विनोद तिवारी ने फीता काटकर किया था। शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष ने पहलवानों का हाथ मिलाकर पहली कुश्ती कराई। अखाड़े में खालिक पहलवान चंदौसी व रॉकी पहलवान हरियाणा के बीच हुई जिसमें खालिद पहलवान विजय हुए। दूसरी कुश्ती शीलू पहलवान मथुरा बा जालिम सिंह पहलवान राजस्थान जिसमें शीलू पहलवान विजई हुए। तीसरी कुश्ती देवा थापा पहलवान नेपाल काठमांडू वाह गोल्टा पहलवान राजस्थान के बीच हुई जिसमें थापा पहलवान विजई हुए। चौथी कुश्ती शोभित यादव मोहम्मदी बा छोटू पहलवान कानपुर के बीच हुई जिसमें मोहम्मदी पहलवान शोभित यादव विजई घोषित किए गए जिसके बाद अखाड़े में तमाम अन्य कुश्तियां भी हुई। कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था। टिकट के माध्यम से लेकिन इस बार निशुल्क जिसके आयोजक विनोद तिवारी को बनाया गया था। वहीं हर साल की भांति इस साल भी जमाल मंसूरी ने जीते और हारे हुए सभी पहलवानों को अंग वस्त्र भेंट किए।

### अग्रवाल सेवा समिति ने अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य जयंती उत्सव का किया आयोजन



**बरेली** । आईएमए हॉल बरेली में अग्रसेन जयंती उत्सव का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कैंट विधायक माननीय संजीव अग्रवाल , ममता अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि अशोक अग्रवाल (अध्यक्ष शाजहांपुर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आई आई ए ),अध्यक्ष अशोक गोयल (अशोका फोम ),महामंत्री राजीव बूबना ने दीप प्रज्वलन करके किया। इसके पश्चात राधा माधव पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना अग्रसेन महाविद्यालय द्वारा, शांति अगरवाल सरस्वती विद्या मंदिर, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसके पश्चात मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह किया गया कार्यक्रम में राजकुमार अग्रवाल मेयर एवं राम प्रकाश अग्रवाल जी को अग्र शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया श्री दौलत राम गोयल श्री विष्णु अग्रवाल जी, डॉ केशव अग्रवाल जी, राकेश अग्रवाल को अग्र भामाशाह से सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात राजकुमारअग्रवाल ( पुलिस अधीक्षक ग्रामीण), ऋषि रंजन गोयल (संयुक्त आयुक्त उद्योग), राजेंद्र अग्रवाल सर्राफ,श्री गिरीश कुमार अग्रवाल सर्राफ, अशोक अग्रवाल, रासबिहारी अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल,संतोष अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, उमेश नेमानी दिनेश गोयल जी, श्री अमित कुमार अग्रवाल रवि नेमानी योगेश गोयल जी, डॉ राजीव गोयल, श्री अनिल कुमार अग्रवाल जी, डॉक्टर लतिका अग्रवाल को अग्र रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल(फसिटी), अजय अग्रवाल ( कोरल मोटर्स ), कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, डॉ प्रवीण अग्रवाल, सीए श्री कुमार अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक रिशुल अग्रवाल, सुरेन्द्र लाला, रमेश चंद्र अग्रवाल, पियूष अग्रवाल, सीमा गोयल, आदि शहर के गणमान्य लोग एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित्त रहे।

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बरेली।** खेत पर गए एक युवक की लाश घर से कुछ ही दूरी पर स्थित आम के एक बाग में फांसी पर लटकी पाई गई ।सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बागान निवासी मोहनलाल के 20 वर्षीय बेटे ओमवीर की लाश गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित आम के एक पेड़ पर लिपटी गिलोय की बेल के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई ।पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के पिता ने बताया कि ओमबीर सोमवार की सुबह रोजाना की तरह अपने खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वह खेत पर नहीं पहुंचा। शाम तक घर के लोग उसका इंतजार करते रहे और जब उसका कुछ पता नहीं चला तो उसे तलाशने की कोशिश भी की गई ।लेकिन देर रात तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। कल सुबह उसकी लाश घर से कुछ ही दूरी पर स्थित आम के पेड़ पर गिलोय की बेल के सहारे फांसी पर लटकी मिली। जंगल में जा रहे बच्चों ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और घटना की जानकारी घर वालों को दी ।

## सगी बहनों की दुष्कर्म व हत्या का मामला

# प्रियंका ने परिवार की मदद को दिए चार लाख रुपये

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**विगत दिनों** लखीमपुर खीरी जिले के निघासन विधानसभा क्षेत्र के तमोलीपुरवा गांव में दो सगी बहनों के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर पेड़ से लटका देने की घटना से पीड़ित परिवार को अखिल भारतीय काँग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी के निर्देशानुसार 4,00,000 रुपये की सहायता राशि का चेक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पूर्व विधायक सतीश अजमानी और जिला अध्यक्ष प्रह्लाद पटेल द्वारा सौंपा गया।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और कांग्रेस पार्टी की विधायक व नेता विधानमंडल माननीय आराधना मिश्रा ष्मोनाष् और विधायक वीरेंद्र चौधरी ने पार्टी की तरफसे 200ए000 रुपये की और अपना एक. एक माह का वेतन सहायता राशि के तौर पर देने का वादा किया था। इसी क्रम में पीड़ित परिवार को पार्टी की तरफसे रुपए 4,00,000 का चेक सौंपा गया और आगे भी हरसंभव मदद करने की बात कही गयी। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष इकबाल अहमद खान प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्माए जिला महासचिव प्रेम कुमार वर्मा राकेश विश्वकर्मा रघुनंदनराज पासी राम अवध लोधीए राहुल वर्मा नवाज खान इरफान किदवई आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएमओ ने छापा, सीज किया हॉस्पिटल

● सांई सेवा हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था अवैध क्लीनिक, हॉस्पिटल संचालक के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

**सीतापुर।** ऐलिया ब्लॉक के कस्बा इमलिया सुल्तानपुर में अवैध तरीके से चल रहे साईं सेवा हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा। जिसमे एक मरीज था जो डिलेवरी के लिए भर्ती था। उसे ग्लूकोज चढ़ रहा था। भर्ती मरीज मिथलेश वर्मा पत्नी सर्वेश निवासी उदयपुर को एम्बुलेंस से ऐलिया सीएचसी में सिप्ट किया गया। वहीं अवैध हॉस्पिटल को सीज करके विधिक कार्रवाई की जा रही है। छापा मारने वाली टीम में डिप्टी सीएमओ मुरारी लाल गंगवार,सीएचसी ऐलिया से डॉ. सुमित शुक्ला,फार्माशिस्ट धीरेंद्र श्रीवास्तव, एसआई बाबू खां मय फोर्स मौजूद रहे। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि हॉस्पिटल के संचालक का पता लगाया जा रहा है। यह हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा है। जो अवैध था। सीज करने के बाद संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# पूर्व विधायक के आवास के सामने से शिक्षक की बुलेट चोरी

● पीले रंग की शर्ट पहने चोर, बुलेट ले जाता हुआ सीसीटीवी कैमरे में कैद

● जांच पड़ताल करने तो पहुंची पुलिस लेकिन नहीं दर्ज की एफआईआर

संवाददाता। सीतापुर

**शहर में** बाइक चोरों का बढ़ता जा रहा आतंक नगर के पूर्व विधायक राकेश राठौर के आवास के सामने गली से दिन दहाड़े बेखौफ चोर ने बुलेट उड़ाई, सीसीटीवी कैमरे में बुलेट ले जाता हुआ, चोर हुआ कैद, शिक्षक की बुलेट चोरी होने से मची सनसनी। पुलिस को सूचना देने के बाद भी नहीं दर्ज हो सकी एफआईआर, बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं में एफआईआर दर्ज करने की पुलिस द्वारा की जा रही हीला हवाली से बाइक चोरों के हो रहे हौंसले बुलंद। शहर में आए दिन बाइक चोरी की घटनाएं होने से बाइक मालिको में दहशत का माहौल। शुक्रवार को शहर कोतवाली इलाके के विजय लक्ष्मी नगर मे रहने वाले दुष्यन्त जायसवाल के घर आए प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक गुड्डू सिंह की लाल और काले कलर की बुलेट यूपी 34-बीए-0387 को चोर ने पार कर दिया। बुलेट ले जाता हुआ चोर सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। पीले कलर की शर्ट चोर ने पहन रखी है। मामले की सूचना पाने के बाद रोडवेज पुलिस चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे तो लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की।

# छात्र छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली



**मैगलगंज-खीरी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत भारतीय इंटर कालेज के छात्र.छात्राओं ने कस्बे में रैली निकाल कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई। भारतीय इंटर कालेज प्रबंधक अनित्य अवस्थी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस जागरूकता रैली में प्रधानाचार्य राजेश पांडेय व सभी अध्यापक उपस्थिति रहे।

# एक ही दिन में टीबी के 416 मरीज लिए गए गोद

● प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी के मरीजों को लिया गया गोद

● उपलब्ध कराई गई पोषण किट

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**टीबी मुक्त** भारत अभियान के अंतर्गत टीबी से ग्रसित 416 रोगियों को पूरे जनपद में एक ही दिन में गोद लिया गया हैए जोकि जिले के लोगों की इच्छा शक्ति को दर्शाता है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एक क्रम में गरीब मरीजों को गोद लेने का एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिससे इलाज के दौरान उन्हें बेहतर खानपान उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक मरीज को जो भी इलाज पर हैं और जब तक इलाज लेंगेए उनको गोद लेने वाले व्यक्ति के द्वारा प्रतिमाह पोषण हेतु किट को उपलब्ध कराई जाएगी। जोकि समाजसेवी या संस्था द्वारा वितरित की जाएगी। जिसमें प्रतिमाह एक किलो गुडए एक किलो चनाए एक किलो सत्तूए एक किलो मूंगफली के दाने एवं




प्रोटीन पाउडर या अन्य खाद्य सामग्री वितरित की जाएगी। इसी क्रम में शुक्रवार को पूरे जनपद में 416 मरीज गोद लिए गए हैं। जिसमें 226 भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा लिए गए हैं। 20 मरीज रमेश अग्रवाल स्वयंसेवी के द्वारा लिए गए हैं। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से 190 मरीजों को गोद लिया गया है। सरकार द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय पोषण योजना में 500 प्रति माह डीबीटी के माध्यम से सीधे मरीज के अकाउंट में स्थानांतरित कर दिया जाता है। जिन सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा मरीजों को गोद लिया गया है। उनको निक्षय मित्र के रूप में निक्षय पोर्टल पर रजिस्टर करने के पश्चात मरीजों से लिंक किया जाएगा। इसी क्रम में सभी संभ्रांत समाजसेवीए संगठनों एवं संस्थानों से अनुरोध किया जाता है कि अधिक से अधिक टीबी के रोगियों को गोद लेकर उनको पोषण किट उपलब्ध कराएंए ताकि उनके खान.पान का भी ध्यान रखा जा सके एवं उनके मनोबल को भी बढ़ाया जा सके और गरीबी से किसी भी मरीज के इलाज में किसी भी तरह का व्यवधान ना होए क्योंकि टीबी के मरीज को बेहतर खानपान की आवश्यकता होती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुरोध किया गया है कि कोई भी टीबी का रोगी अपने आपको समाज से अलग ना समझे। हम सब साथ मिलकर उनकी देखभाल करेंगे और उनका मनोबल बढ़ाएंगें।

**कहां कितने मरीजों को लिया गया गोद:** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के क्रम में विशेष अभियान चलाकर टीवी के मरीजों को गोद लिया गया है। इनमें जिला टीवी अस्पताल में 20, गोला में 15, कुंभ में 5, नकहा में 25, रमियाबेहड 10, खमरिया 5, बेहजम 15, मोहम्मदी 9, धौरहरा 10, खीरीटाउन 18, मितौली 10, पसगवां 10, निघासन 24, फरधान 10, बांकेगंज 4 और बीजेपी पदाधिकारियों द्वारा 226 मरीजों को गोद लिया गया है।

# पेज एक का शेष

## हाईकमान ने...

हो रहा है। एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अधिक उम्र होने के कारण खड़गे की बहुत अधिक महत्वाकांक्षाएं नहीं होंगी, जो राहुल गांधी के रास्ते में रोड़ा बनें। इनके सहारे पार्टी अपने पुराने दलित वोट बैंक को वापस लाने में भी कामयाब हो सकती है। इसका सबसे अधिक फायदा आगामी कर्नाटक विधानसभा चुनाव में मिल सकता है। अधिकतर वरिष्ठ नेताओं से मल्लिकार्जुन खड़गे के अच्छे संबंध हैं। इससे आलाकमान को गुटों में बंटी पार्टी को एकजुट करने में भी मदद मिलेगी। वह अपने अनुभव का इस्तेमाल कर इन नेताओं के मतभेद दूर कर सकते हैं। वह एक-एक नेता के बारे में जानते हैं कि कैसे उनसे काम लेना है। ऐसा माना जा रहा है कि राज्ससभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी का समर्थन प्राप्त है। हालांकि पार्टी के मुख्य चुनाव प्रबंधक मधुसूदन मिस्त्री ने स्पष्ट किया कि तीनों मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और केएन त्रिपाठी में से कोई भी पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार नहीं है। वे सभी अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। मिस्त्री ने यह भी कहा कि गांधी परिवार ने किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया है। मिस्त्री ने कहा कि उन्हें कुल 20 नामांकन फॉर्म मिले हैं, जिनमें से 14 मल्लिकार्जुन खड़गे, पांच शशि थरूर और एक झारखंड के नेता केएन त्रिपाठी का है। मिस्त्री ने कहा कि शनिवार को फॉर्म की जांच की जाएगी और फिर वैध उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी। खड़गे की उम्मीदवारी का प्रस्ताव पार्टी नेताओं अशोक गहलोत, दिग्विजय सिंह, प्रमोद तिवारी, पीएल पुनिया, एके एंटनी, पवन कुमार बंसल और मुकुल वासनिक ने किया। तिवारी ने कहा कि खड़गे पार्टी के सबसे अनुभवी व्यक्तियों में से एक हैं और एक दलित नेता भी हैं। दो दशकों में यह पहली बार होगा जब कोई गैर-गांधी नेता राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का नेतृत्व करेगा। राहुल गांधी के पास समय है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार का कोई भी सदस्य पार्टी अध्यक्ष का चुनाव नहीं लड़ेगा। गैर गांधी को अध्यक्ष पद सौंपकर पार्टी राहुल पर लगातार लग रहे वंशवाद के आरोप को कुंद करने की कोशिश में है। एक दिन पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह को गांधी परिवार द्वारा चुनाव की दौड़ में शामिल होने और नामांकन दाखिल करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि सप्ताह भर से रोज नई-नई करवट ले रही कांग्रेस की राजनीति में शुक्रवार को एक और दिलचस्प मोड़ उस समय आया जब सिंह ने ऐलान कर दिया कि वह पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके बजाय वह मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रस्तावक बनेंगे। विशेष यह कि सिंह ने स्वयं पार्टी के शीर्ष पद का चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी और गुरुवार को उन्होंने नामांकन पत्र के 10 सेट एकत्र किए थे। खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए स्पष्ट रूप से पसंदीदा उम्मीदवार उभर कर सामने आए हैं, क्योंकि एआईसीसी मुख्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उनके पक्ष में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बाद में खड़गे ने संवाददाताओं से कहा कि मुझे सभी नेताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रमुख राज्यों के प्रतिनिधियों ने चुनाव लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। मैं उन लोगों को धन्यवाद देता हूं जो नामांकन पत्र दाखिल करने के समय मेरी तरफ से मौजूद थे।

## शशि थरूर...

पद के उम्मीदवार भारत के टुकड़े-टुकड़े करने पर तुले हुए हैं। शायद वह सोचते होंगे कि इससे उन्हें गांधी परिवार का समर्थन हासिल करने में मदद मिलेगी। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने भी एक ट्वीट कर थरूर को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि यह ना तो कोई गलती है और ना ही भयंकर भूल है, बल्कि जम्मू एवं कश्मीर को लेकर कांग्रेस की निर्धारित नीति है। कांग्रेस ने इस मसले से दूरी बनाते हुए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर भाजपा द्वारा किए जा रहे हमले का जवाब दिया। कांग्रेस के संवाद प्रमुख जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक में प्रवेश कर गई है और स्पष्ट है कि अब भाजपा बौखला गई है। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि आई ट्रोल सेल (आईटी सेल) भारत जोड़ो यात्रा को निशाना बनाने के लिए स्तरहीन आरोप लगा रही है। इस बारे में केवल डॉ. थरूर और उनकी टीम बता सकती है कि गलती कैसे हुई।

## नोएडा में...

उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पहले तो उन्होंने सोसाइटी का मुख्य गेट बंद कर दिया, लेकिन इसके बाद भी जब कार्रवाई शुरु हुई तो सभी अधिकारियों के सामने हाथ पैर जोड़ते दिखे। इसके साथ ही श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर लगे पेड़ों को भी हटाया गया। इस दौरान त्यागी की पत्नी अनु बुलडोजर के सामने आ गई और पेड़ गिराने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जांच के बाद मेरा घर तोड़ा गया और अब मेरे पेड़ों के साथ भी यही किया जा रहा है। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। बता दें कि सोसाइटी के लोगों को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से दिया गया 48 घंटे का अल्टीमेटम शुक्रवार को समाप्त हो गया। प्राधिकरण के नियोजन विभाग व सर्किल टीम ने एक दिन पहले ही 132 फ्लैटों का सर्वे कर आवंटियों को बता दिया था कि मानचित्र के विपरीत क्या क्या निर्माण किया गया है, जो प्राधिकरण के हिसाब से अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। सर्वे टीम ने सोसाइटी के लोगों से पहले ही अतिक्रमण हटाने को कहा था। ऐसा न करने पर प्राधिकरण की ओर से बुलडोजर चलाने की बात कही गई थी। सोसाइटी के लोगों ने प्राधिकरण के अल्टीमेटम को नहीं माना और 48 घंटे बाद भी अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया। इसके बाद अतिक्रमण हटाया गया।

## गुजरात को...

अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी थे। महाराष्ट्र और गुजरात की राजधानियों को जोड़ती है यह ट्रेन वंदे भारत ट्रेनों की श्रृंखला में तीसरी ट्रेन है, जो देश में संचालित की गई हैं। इस श्रृंखला की पहली ट्रेन नई दिल्ली और वाराणसी के बीच आरंभ की गई थी जबकि दूसरी ट्रेन नई दिल्ली से माता वैष्णो देवी, कटरा के बीच शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि यह ट्रेन यात्रियों को बेहतर और विमान यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करेगी तथा इसमें सुरक्षा के आधुनिक उपाय हैं जिसमें कवच प्रौद्योगिकी भी शामिल है। यह स्वदेशी रूप से विकसित ट्रेन टक्कर-रोधी प्रणाली- कवच सहित अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस है।

## पुरानी गाड़ी...

होने पर सरकार द्वारा पंजीकृत स्क्रैपिंग सेंटर द्वारा सर्टिफिकेशन ऑफ डिपॉजिट जारी किया जाएगा। गैर-परिवहन वाहनों के लिए रियायत नए वाहन की कीमत और ईंधन के प्रकार के आधार पर 8 फीसदी से 25 फीसदी तक होगी। सर्टिफिकेशन ऑफ डिपॉजिट पेश करने पर नए परिवहन (वाणिज्यिक) वाहनों की खरीद पर मोटर वाहन कर रियायत, नए वाहनों के पंजीकरण के समय भुगतान किए गए कुल मोटर वाहन कर का 15 प्रतिशत है। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा उन्हें भरोसा है कि यह नीति दिल्ली में वाहन मालिकों को अपने पुराने वाहनों को त्याग कर यूरो-6 मानकों के नए वाहनों से बदलने और स्क्रैप करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## प्रदूषण पर...

कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन (सी एंड डी) पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। इसी प्रकार 5000 वर्ग मीटर से ज्यादा के निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग गन लगाना जरूरी कर दिया गया है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में 233 एंटी-स्मॉग गन लगाई जा चुकी हैं। सरकार ने पहले ही पटाखों के भंडारण, वितरण और खरीद पर प्रतिबंध की घोषणा की है। अब इसकी निगरानी के लिए 210 दलों का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सड़क साफ करने के लिए 80 मशीनों के अलावा पानी के छिड़काव के 581 यंत्र और 150 सचल एंटी-स्मॉग टावर भी लगाएगी। केजरीवाल ने मार्गों में परिवर्तन के जरिए 203 सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने की योजना का भी एलान किया, ताकि यातायात जाम के कारण वाहन से होने वाला उत्सर्जन कम हो। उन्होंने कहा कि सरकार ने खुले में कचरा जलाने से रोकने के लिए 611 दल गठित किए हैं। सरकार ने 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्रों का सख्त निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए 380 टीमों का गठन किया है। लोगों से आगे आने और पर्यावरण मित्र बनने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि 3,500 से अधिक स्वयंसेवक इसके लिए पंजीकरण करा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में चिन्हित 13 हॉटस्पॉट पर कड़ी नजर रखेंगे और ग्रैप को सख्ती से लागू करेंगे। इसके अलावा केंद व एनसीआर के राज्यों के साथ मिलकर प्रदूषण को रोकने की कोशिश करेंगे। मुझे पूरी उम्मीद है कि दिल्ली वासियों के साथ मिलकर हम इस बार भी प्रदूषण पर काबू पाने में सफल होंगे।

# नड्डा ने पुरी मंदिर का दौरा किया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**भाजपा** द्वारा अगले विधानसभा चुनाव में श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्नभंडार को मुद्दा बनाए जाने की संभावना का संकेत देते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को पुरी मंदिर का दौरा किया और मंदिर के खजाने के स्थान के बारे में जानकारी ली। अध्यक्ष पद संभालने के बाद पहली दो-दिवसीय ओडिशा यात्रा पर आए नड्डा ने अपने साथ आए सेवायत से उन्हें रत्न भंडार बाहर से दिखाने के लिए कहा। इस खजाने के आंतरिक कक्ष की चाबी कथित तौर पर गायब है। नड्डा ने बृहस्पतिवार को एक पार्टी की बैठक में रत्नभंडार की गुम चाबी का मुद्दा उठाया था और इसके लिए नवीन पटनायक सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा था, यहां तक राज्य में भगवान जगन्नाथ का खजाना भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने

## ● भगवान जगन्नाथ के रत्नभंडार के स्थान के बारे में जानकारी ली

कहा था, कुछ लोग कहते हैं कि रत्नभंडार की चाबी खो गई है और दूसरों का कहना है कि अधिकारियों के पास डुप्लीकेट चाबी है। ऐसे हालात में लोग क्या उम्मीद कर सकते हैं? लोग डुप्लीकेट सरकार से सिर्फ डुप्लीकेट चाबी की ही उम्मीद कर सकते हैं।

नड्डा ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने को कहा था, जो भगवान जगन्नाथ के खजाने की रक्षा करने में भी विफल थी। उन्होंने कहा था कि ओडिशा में डबल इंजन सरकार (केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार) का समय आ गया है। रत्नभंडार आखिरी बार 1984 में



खोला गया था, जबकि श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम में हर तीन साल में इसके निरीक्षण का प्रावधान है। वर्ष 2018 में इसे खोलने का राज्य सरकार का प्रयास सफल नहीं हो सका था, क्योंकि डीएम की अभिरक्षा में जिला कोषागार में रखी जाने वाली आंतरिक कक्ष की चाबी कथित तौर पर गायब थी। पटनायक ने इसकी तहकीकात के लिए एक-सदस्ईय न्यायिक आयोग का गठन किया था, जिसकी जिम्मेदारी उड़ीसा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को दी गई थी तथा तत्कालीन जिलाधिकारी ने कुछ महीने बाद कहा था कि आंतरिक कक्ष की डुप्लिकेट कुंजी मिल गई है। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष जेएन मिश्रा ने कहा कि आयोग की रिपोर्ट अभी विधानसभा में पेश नहीं की गई है।रत्नभंडार की गुम चाबी के रहस्य ने लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है कि क्या भगवान जगन्नाथ का खजाना सुरक्षित है, क्योंकि यह 38 वर्षों से खुला नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ को नमन किया और मां बिमला और महालक्ष्मी के मंदिरों का दौरा किया।

बाद में वह भद्रक जिले के तिहिड़ी गए, जहां उन्होंने दिवंगत भाजपा विधायक विष्णु सेठी की स्मृति में आयोजित बैठक में भाग लिया। सेठी का इस महीने की शुरुआत में निधन हो गया था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली रवाना होने से पहले नड्डा कटक में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिहेबिलिटेशन ट्रेनिंग एंड रिसर्च राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के पुनर्वास विस्तार भवन का उद्घाटन करेंगे, भाजपा के कई मोर्चों के सदस्यों को संबोधित करेंगे और भाजपा की प्रदेश इकाई की कोर टीम से मुलाकात करेंगे।



नई दिल्ली में नए चीफ ऑफ डिफेंस लेफ्टिनेन्ट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए।

## अपने क्षेत्र सिल्लोड में स्थानीय चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं : सत्तार

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के मंत्री अब्दुल सत्तार ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने विधानसभा क्षेत्र सिल्लोड में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। सत्तार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना धड़े का हिस्सा हैं और राज्य की गठबंधन सरकार में मंत्री हैं। सत्तार ने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि उन्होंने अपने रुख से शिंदे को अवगत करा दिया है और इस संबंध में शिंदे फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, मैंने सिर्फ अपने सिल्लोड निर्वाचन क्षेत्र के बारे में बात की है। हमारे बीच कोई उथल-पुथल नहीं होनी चाहिए। इसलिए ग्राम पंचायत, जिला परिषद और नगर पालिका जैसे स्थानीय निकाय चुनावों में (भाजपा के साथ) दोस्ताना मुकाबला होना चाहिए। सत्तार ने कहा, मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत करा दिया है। अंतिम फैसला वही करेंगे।

## पन्ना में दो दिन में 35.86 कैरेट वजन के 15 हीरे श्रमिकों को मिले

**भाषा।** पन्ना

**मध्यप्रदेश** के बुंदेलखंड क्षेत्र में पन्ना की उथली खदानों में पिछले दो दिनों में श्रमिकों ने 15 कीमती हीरों का खनन किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन हीरों का कुल वजन 35.86 कैरेट है और आधिकारिक नीलामी के दौरान इनकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए होगी।

खनन विभाग के निरीक्षक अनुपम सिंह ने कहा कि श्रमिक प्रकाश मजूमदार को बुधवार को जरुआ पार खदान में 3.64 कैरेट वजन का हीरा मिला। इसी प्रकार कृष्णा कल्याणपुर पाटी की खदानों से कल्लू सोनकर को 6.81 कैरेट तथा राजेश जैन को 2.28 कैरेट, राहुल अग्रवाल को 4.32 कैरेट का और राजाबाई रायकवार ने 1.77 कैरेट का हीरा निकाला।

अधिकारी ने कहा कि कृष्ण कल्याणपुर पाटी की उथली खदानों से बृहस्पतिवार को अलग अलग वजन के कम से कम दस हीरे निकाले गए। उन्होंने कहा कि दुकमान अहिरवार सबसे भाग्यशाली खनिक बन गए क्योंकि उन्हें लगभग 2.46 कैरेट वजन के छह हीरे मिले। इसी तरह अशोक खरे ने 6.37 कैरेट के दो हीरे निकाले जबकि जगन जड़िया को 4.74 कैरेट का और लखन केवट को 3.47 कैरेट का हीरा मिला।

उन्होंने कहा कि इन कीमती हीरों को हीरा कार्यालय में जमा कर दिया गया है और 18 अक्टूबर से इनकी नीलामी की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि कच्चे हीरे की नीलामी की जाएगी और सरकारी रॉयल्टी और करों की कटौती के बाद प्राप्त राशि उन लोगों को दी जाएगी जिन्हें ए हीरे मिले हैं।

## राज्यपाल के पद से सेवानिवृत्ति के बाद न किसी दल में शामिल होऊंगा और न ही चुनाव लड़ूंगा : मलिक

**संवाददाता।** मेरठ (उप्र)

**मेघालय** के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान पद से सेवानिवृत्ति के बाद वह न तो किसी राजनीतिक दल में शामिल होंगे और न ही किसी पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मलिक ने अपनी इस टिप्पणी से उन अटकलों पर विराम लगा दिया है कि वह राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो सकते हैं। मेघालय के राज्यपाल के रूप में शुक्रवार (30 सितंबर) को मलिक का कार्यकाल पूरा हो रहा है। सेवानिवृत्त के बाद की योजनाओं को लेकर दूरभाष पर पीटीआई-भाषा से बातचीत में मलिक ने कहा, अभी तक मेरे पास कोई योजना नहीं है। मैं केवल उन गतिविधियों में भाग लूंगा जो किसानों से जुड़ी होंगी। मैं न तो किसी दल में शामिल होउंगा और न ही कोई चुनाव लड़ूंगा। इससे पहले यह अटकलें लगाई जा रही थी कि मलिक राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में शामिल हो सकते हैं। यह कयास उन विज्ञापनों को देखने के बाद लग रहे थे, जिनमें दिखाया गया था कि वह तीन अक्टूबर को शामली जिले में आयोजित एक किसान सम्मेलन में भाग लेंगे और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के साथ मंच साझा करेंगे।

मलिक ने स्पष्ट किया शामली की सभा एक गैर राजनीतिक थी और किसानों के लिए आहूत की गई थी, हालांकि धारा 144 लागू होने के चलते अब इसे रद्द कर दिया गया है। मेघालय के राज्यपाल के पद पर रहते मलिक ने केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन करने वाले किसानों का समर्थन किया और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया जिसके बाद वह सुर्खियों में आए। उन्होंने राज्यपाल रहते किसानों का मुद्दा उठाया और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। उन्होंने जम्मू कश्मीर का राज्यपाल रहते हुए कथित भ्रष्टाचार का मामला उठाया था।

मलिक 30 सितंबर 2017 को बिहार के राज्यपाल के नियुक्त हुए थे। इसके बाद उन्हें अगस्त 2018 में जम्मू-कश्मीर और फिर 2020 में मेघालय में राज्यपाल पद पर भेजा गया। सत्यपाल मलिक 24 जुलाई 1946 को बागपत जिले में पैदा हुए और भारतीय क्रांति दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जनता दल, लोक दल और समाजवादी पार्टी आदि राजनीतिक दलों से जुड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। मलिक 1989 में अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गए और इसके पहले 1980 से 1989 तक राज्यसभा के भी सदस्य रहे थे।

## घोषणापत्र में भारत का विकृत नक्शा दिखाने पर भाजपा ने थरूर को लिया आड़े हाथ

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने अपने घोषणापत्र में भारत का जो नक्शा दिखाया है, वह विकृत है, जिसमें जम्मू एवं कश्मीर के हिस्से नहीं हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि गांधी परिवार का समर्थन प्राप्त करने के लिए नक्शे के साथ छेड़छाड़ किया गया है। थरूर ने पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। अपना एक घोषणापत्र भी जारी किया। इस घोषणापत्र में भारत के नक्शे में जम्मू एवं कश्मीर के कुछ हिस्सों को उचित तरीके से नहीं दिखाया गया था और उसमें लद्दाख नदारद था।

बाद में थरूर के कार्यालय ने कहा कि भारत के नक्शे को अब सुधार दिया गया है। मालवीय ने एक ट्वीट में कहा, एक तरफ जहां माना जा रहा है कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष पद के उम्मीदवार भारत के टुकड़े-टुकड़े करने पर तुले हुए हैं। शायद वह सोचते होंगे कि इससे उन्हें गांधी परिवार का समर्थन हासिल करने में मदद मिलेगी।

भाजपा प्रवक्ता आर पी सिंह ने भी एक ट्वीट कर थरूर को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, यह ना तो कोई गलती है और ना ही भयंकर भूल है, बल्कि जम्मू एवं कश्मीर को लेकर कांग्रेस की निर्धारित नीति है। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में थरूर का मुकाबला राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से है।

## गहलोत ने ओबीसी आरक्षण में विसंगतियों को दूर करने के निर्देश दिए

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ओबीसी आरक्षण में विसंगतियों का सकारात्मक हल करें। गहलोत ने ट्वीट किया, ओबीसी आरक्षण के संबंध में पैदा हुई विसंगतियों का सकारात्मक हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके अनुसार विभागीय एवं कानूनी राय लेकर इस मुद्दे का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा जिससे यह न्यायिक प्रक्रिया में ना अटके। ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति के आह्वान पर आरक्षण में हुई विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां शहीद स्मारक पर धरना दिया गया और इस प्रदर्शन में राज्य भर से ओबीसी वर्ग से आए लोग शामिल हुए। आंदोलनकारियों की मुख्यमंत्री कार्यालय में अधिकारियों के साथ चर्चा भी हुई। आंदोलनकारियों की ओर से पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी व जाट सभा के अध्यक्ष राजाराम मील भी शामिल हुए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट किया, ओबीसी आरक्षण विसंगति के विषय को लेकर युवा आंदोलनरत हैं। आंदोलनकारियों के प्रतिनिधि दल के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में हिस्सा लेकर इस विसंगति को दूर करने की सकारात्मक चर्चा की जा रही है। विश्वास है कि सरकार जल्दी न्यायोचित निर्णय लेगी। ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति की मांग है कि सरकार राज्य में भर्तियों के लिए जारी 2018 के परिपत्र में संशोधन करे और सही रोस्टर बनाए।

### सरना धर्म को मान्यता को लेकर आदिवासियों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता।** ओडिशा, बिहार, झारखंड, असम और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों से हजारों आदिवासियों ने आज शहर के रानी रश्मोनी एवेन्यू में एकत्र होकर केंद्र सरकार से सरना धर्म को मान्यता देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों के जुलूस के कारण शुक्रवार सुबह यातायात बाधित हुआ।



अगरतला में बुर्ज खलीफा की तरह सजाया गया दुर्गा पूजा पण्डाल।

## पीएफआई को देश विरोधी गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित किया गया: करंदलाजे

**भाषा।** मंगलुरु

**केंद्रीय कृषि** एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को देश विरोधी गतिविधियों, आतंकवादी गतिविधियों और हिंदू युवाओं की हत्या के लिए प्रतिबंधित किया है। उडुपी में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवकों को प्रशिक्षण दे रहा था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पिछले तीन साल के दौरान संगठन के खिलाफ सबूत एकत्र किए।


समान विचारधारा वाले संगठन एसडीपीआई पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा? इस सवाल पर करंदलाजे ने कहा कि यह एक राजनीतिक दल है जो निर्वाचन आयोग के तहत आता है। मंत्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिया है कि एसडीपीआई में कार्यरत पीएफआई कार्यकर्ताओं की संपत्ति जब्त की जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की कांग्रेस की मांग पर उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा लगता है विपक्षी दल का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि जिस दल ने अपने शासन में पीएफआई को प्रोत्साहित किया, उसे आरएसएस की साख पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर मंत्री ने कहा कि उन्हें पहले सीमा पर जाना चाहिए जहां उनकी पार्टी ने कई इलाकों को विभाजन के दौरान पाकिस्तानियों को दे दिया। मंत्री ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि वह अपना नाम बदलकर शोभा गौड़ा करने पर विचार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मेरे खिलाफ दुष्प्रचार है। उन्होंने यूथ कांग्रेस नेता मिथुन राय के उस बयान का मजाक उड़ाया जिसमें उन्होंने कहा है कि यदि कोई उडुपी में केंद्रीय मंत्री के साथ सेल्फी लेता है, तो वह उसे पांच हजार रुपए का इनाम देंगे। राय ने यह बयान देकर उडुपी में मंत्री की यदा-कदा उपस्थिति को ओर इशारा किया था, जिसका वह लोकसभा में प्रतिनिधित्व करती हैं।

मंत्री ने कहा, पहले उन्हें मेरे साथ सेल्फी लेने के लिए आने दीजिए, मैं इस पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगी, क्योंकि मैं उन्हें प्रचार पाने का मौका नहीं देना चाहती। हालांकि भाजपा के कई स्थानीय नेताओं ने मंत्री के साथ सेल्फी ली। इस दौरान महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष वीणा शेट्टी ने कहा कि मिथुन राय की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मैने मंत्री के साथ सेल्फी ली है।

## कांग्रेस के पीएफआई के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की बात छिपाने की कोशिश कर रहे सिद्दरमैया : बोम्मई

**हुबल।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्दरमैया इस तथ्य को छिपाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं कि उनके नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए थे। बोम्मई ने कहा कि आरएसएस जैसे देशभक्त संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। एक सवाल के जवाब में बोम्मई ने कहा, उनके (सिद्धारमैया) पास पीएफआई पर लगाए गए प्रतिबंध पर सवाल उठाने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने (मुख्यमंत्री के रूप में) पीएफआई के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए थे और अब इस तथ्य को छिपाने के लिए वह आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, वह यह नहीं



बता पा रहे हैं कि आरएसएस पर प्रतिबंध क्यों लगाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरएसएस एक देशभक्त संगठन है, जो दलित, गरीब और अनाथ बच्चों के लिए काम करता है और आपदा या बाढ़ आने की सूरत में मदद के लिए सबसे आगे रहता है। उन्होंने कहा कि वे (आरएसएस कार्यकर्ता) देश में देशभक्ति की भावना जगाते हैं।

बोम्मई ने कहा, एक ऐसे संगठन पर प्रतिबंध लगाने की मांग करना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। सिद्धारमैया को इतने निचले स्तर तक नहीं गिरना चाहिए था। केंद्र सरकार द्वारा पीएफआई और उसके कई सहयोगियों पर उनकी कथित आतंकी गतिविधियों के लिए प्रतिबंध लगाने के बाद सिद्धारमैया ने आरएसएस के खिलाफ इसी तरह की कार्वाई की मांग करते हुए आरोप लगाया कि यह संगठन भी सामाजिक शांति को भंग कर रहा है।

सिद्दरमैया ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इस आरोप को खारिज किया था कि उन्होंने कर्नाटक का मुख्यमंत्री रहते हुए पीएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए थे। बोम्मई ने कहा कि वह कांग्रेस के अध्यक्ष पद के चुनाव के संबंध में पार्टी के भीतर के घटनाक्रम पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है और हो सकता है कि वहां पहली बार चुनाव हो रहे हैं, इसलिए इस तरह के घटनाक्रम सामने आ रहे हैं।

## व्यापमं घोटाला, 2013 में आरक्षक भर्ती परीक्षा में अनियमितता के आरोप में पांच को सात साल कारावास

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के भोपाल में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने व्यापमं घोटाले के सिलसिले में पांच लोगों को सात-सात साल के करोठ कारावास की सजा सुनाई है। विशेष अदालत के न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को कमल किशोर, अमर सिंह, नागेंद्र सिंह, सुरेश सिंह और रवि कुमार राजपूत को मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित 2013 की पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में धांधली करने के मामले में दोषी करार देते हुए सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

सरकारी वकील मनुजी उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि अदालत ने प्रतएक मुजरिम के खिलाफ दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने सुनवाई के दौरान 220 दस्तावेजों और वस्तुओं के साथ 32 गवाहों की जांच की। उन्होंने बताया कि कमल, अमर, नागेंद्र और सुरेश ने सात अप्रैल 2013 को मप्र पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा लिखने के लिए लोगों को काम पर रखा था। रवि राजपूत ने नागेंद्र के लिए यह भर्ती परीक्षा लिखी थी।

सीबीआई के विशेष अभियोजक सतीश दिनकर ने बताया कि आरोपियों को भारतीय दंड संहिता की धारा 419 (प्रतिरूपण) 420 (धोखाधड़ी), 467 (मूल्यवान सुरक्षा का हस्तांतरण) 468 (जाली दस्तावेज) और 471 (जाली दस्तावेजों का वास्तविक रूप में उपयोग) के साथ-साथ मध्य प्रदेश परीक्षा मान्यता अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया। व्यापमं घोटाला 2013 में तब सुर्खियों में आया था जब यह खुलासा हुआ था कि व्यापमं द्वारा आयोजित कई परीक्षाओं में पैसे के एवज में धांधली की गई। 2015 में उच्चतम न्यायालय ने व्यापमं घोटाले की जांच सीबीआई को दे दी थी।

## पीएफआई प्रतिबंध: भाजपा ने संगठन के खिलाफ केरल सरकार के देरी के हथकंडे की आलोचना की

**कोझीकोडामलप्पुरम।** केरल में भाजपा ने शुक्रवार को लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार पर आरोप लगाया कि वह केंद्र द्वारा प्रतिबंधित किए जाने के दो दिन बाद भी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के खिलाफ अनुवर्ती कार्वाई करने में देरी का हथकंडा अपना रही है। भाजपा ने आरोप लगाया कि यह चरमपंथी इस्लामी संगठन के कार्यकर्ताओं को सत्ताधारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की तरफ आकर्षित करने के राजनीतिक एजेंडा का एक हिस्सा था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कोझिकोड में संवाददाताओं से कहा कि पीएफआई पर पाबंदी का फैसला कोई सियासी निर्णय नहीं था, बल्कि केंद्र सरकार और राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसियों को इस संदर्भ में मिले गंभीर तथ्यों के आधार पर की गई एक विधिक कार्वाई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर आरोप लगाया कि उन्होंने हाल ही में जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि प्रतिबंध के संबंध में अनुवर्ती कार्वाई करने में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाएं।


मुख्यमंत्री ने निर्देश देकर धार्मिक कट्टरपंथियों और आतंकी ताकतों को गलत संदेश दिया। 50 हजार से अधिक पीएफआई कार्यकर्ताओं को माकपा की तरफ आकर्षित करने के लिए उठाए गए रणनीतिक कदम का यह एक हिस्सा है। सुरेंद्रन ने कहा, राज्य सरकार पीएफआई जैसे चरमंथी समूह के खिलाफ देरी का हथकंडा अपना रही है। यह पीएफआई कार्यकर्ताओं को माकपा की तरफ आकर्षित करने के लिए उठाए गए रणनीतिक कदम का एक हिस्सा है, क्योंकि इस संगठन पर अब प्रतिबंध लग गया है। यह ठीक नहीं है, पुलिस के अनुसार राज्य में 50 हजार पीएफआई कार्यकर्ता हैं।

इस बीच पीएफआई पर प्रतिबंध का समर्थन करने वाली इंडियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने शुक्रवार को अपना रुख नर्म करते हुए कहा कि संगठन को प्रतिबंधित करने के केंद्र सरकार के एक पक्षीय फैसले को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। पार्टी के महासचिव पी एम ए सलाम ने कहा कि केवल पीएफआई को प्रतिबंधित करने के फैसले को लेकर लोगों के मन में संदेह है। आरएसएस ने पीएफआई से अधिक संख्या में हत्याएं की हैं, इसलिए सलाम ने पीएफआई को प्रतिबंधित करने के फैसले को एकपक्षीय करार दिया। किसी संगठन को एकपक्षीय रूप से प्रतिबंधित करना ठीक नहीं है। आईयूएमएल के नेता एम के मुनीर ने प्रतिबंध के तुरंत बाद कहा था, पीएफआई ना केवल युवकों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, बल्कि समाज मे नफरत फैलाने और इसे बांटने की कोशिश कर रही है।

# हिंद प्रशांत क्षेत्र में दुनिया के इतिहास का एक बड़ा हिस्सा लिखा जाएगा : बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि उनका देश एक मुक्त, खुले, स्थाई और सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में आगामी वर्षों में दुनिया के इतिहास का एक बड़ा हिस्सा लिखा जाएगा। राष्ट्रपति ने वाशिंगटन में बृहस्पतिवार को दर्जनभर प्रशांत द्वीपीय देशों के नेताओं को संबोधित किया। हिंद प्रशांत क्षेत्र को सुरक्षित रखने और इन द्वीपों को चीन के बढ़ते प्रभाव से बचाने पर विमर्श के लिए पहली बार एक सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें बाइडन ने अपने विचार व्यक्त किए। बाइडन ने कहा, आज प्रशांत और प्रशांत महासागर के द्वीपों की सुरक्षा हमारे लिए पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। अमेरिका और दुनिया की सुरक्षा आपकी सुरक्षा और प्रशांत द्वीपों की सुरक्षा पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य एक दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता को और प्रगाढ़ करना तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साझा भविष्य का निर्माण करना है। इस सम्मेलन में फिजी, सोलोमन आइलैंड्स, माइक्रोनिशिया, पापुआ न्यू गिनी, तुवालु, मार्शल आइलैंड, पलाउ, सामोआ, टोंगा, पालीनिशिया, न्यू कैलेडोनिया और कुक आइलैंड्स के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। बाइडन ने कहा, हम अमेरिका समेत दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन के परिणाम देख रहे हैं। आपके देश भी इसका अनुभव कर रहे हैं। आप सबके लिए यह अस्तित्व का संकट है।




उन्होंने कहा, कोविड-19 और रूस के युद्ध के आलोक में हम वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी फिर से खड़ा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि मुक्त, खुले, स्थाई, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत को सुनिश्चित किया जा सके।

## रूस के हमले में 23 की मौत, 28 घायल

**कीव।** यूक्रेन के जापोरिज्जिया शहर पर रूस के ताजा हमले में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हुए हैं। जापोरिज्जिया के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सांद्र स्तारुख ने शुक्रवार को एक ऑनलाइन बयान जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस की सेना ने रूस के कब्जे वाले क्षेत्र की ओर मानवीय सहायता लेकर जा रहे एक काफिले पर हमला किया। गवर्नर ने सड़क पर पड़े जले हुए वाहनों और शवों की तस्वीरें पोस्ट की। रूस ने अभी तक इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

यह हमला ऐसे समय हुआ है जब मास्को यूक्रेन के कुछ हिस्सों में जनमत संग्रह करवा रहा है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसकी निंदा की है। स्तारुख ने कहा कि काफिले में शामिल लोग रूस के कब्जे वाले क्षेत्र में जाकर अपने रिश्तेदारों को सुरक्षित लाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि हमले के स्थल पर बचावकर्मी पहुंच चुके हैं।

# पुतिन ने यूक्रेन के इलाकों को रूस का हिस्सा घोषित किया

भाषा। कीव

**अंतरराष्ट्रीय** कानूनों को दरकिनार करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को यूक्रेन के हिस्सों को रूस में शामिल करने संबंधी संधियों पर हस्ताक्षर किए और कहा कि नए शामिल किए गए इलाकों की सभी उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल कर रक्षा की जाएगी। उन्होंने यूक्रेन से शांति वार्ता के लिए बैठने का आग्रह किया लेकिन तत्काल ही आगाह किया कि रूस में शामिल किए गए यूक्रेनी इलाकों को वापस किए जाने पर वह चर्चा नहीं करेंगे। इसके साथ ही सात महीनों से दोनों देशों के बीच चल रही जंग के तेज होने की आशंका बढ़ गई है। कीव और पश्चिमी देशों ने यूक्रेन में जमीन पर रूसी कब्जे को खारिज किया है। यूरोपीय संघ के 27 सदस्य राष्ट्रों ने कहा कि वे रूस द्वारा आयोजित अवैध जनमत संग्रह को कभी मान्यता नहीं देंगे जो रूस ने यूक्रेन की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के और उल्लंघन के बहाने के रूप में आयोजित किया था। यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों के विलय की घोषणा के लिए भव्य सेंट जॉर्ज हॉल में क्रेमलिन द्वारा आयोजित समारोह में पुतिन ने पश्चिम पर शत्रुता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक पश्चिमी देशों की रूस को उपनिवेश और गुलामों की भीड़ में बदलने की योजना है। पुतिन के इस कड़े रुख से तनाव और बढ़ गया है। शीत युद्ध के बाद से इस स्तर पर तनाव नहीं देखा गया था। इस युद्ध में अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। पुतिन के इस नवीनतम कदम पर यूरोपीय संघ ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए संयुक्त बयान जारी कर चार क्षेत्रों- डोनेत्स्क,लुहांस्क, खेरसन और जापोरिज्जिया- के अवैध विलय को खारिज करते हुए उसकी निंदा की। वहीं यूक्रेन ने जंग जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री एरमक ने कहा, हम उनकी बातों पर ध्यान नहीं देते जिनका वक्त खत्म हो चुका है।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
उत्तराखण्ड जल संस्थान,
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1149/निविदा/2022-23 दिनांक: 30.09.2022

तिथि विस्तारण सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 1102 दिनांक 24.9.2022 से आमंत्रित 3 पेयजल योजनाओं की ई-निविदा दिनांक 30.09.2022 के स्थान पर दिनांक 03.10.2022 के सायं 5.00 बजे से पोर्टल से डाउनलोडिंग की जायेगी तथा दिनांक 17.10.2022 के सायं 5.00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड़ एवम निविदा के ओरिजनल डॉक्यूमेंट कार्यालय में जमा किये जायेंगे। टेक्निकल Bid दिनांक 18.10.2022 को 11.00 am पर खोली जाएगी। प्री-बिड मीटिंग 07 अक्टूबर के स्थान पर 10.10.2022 को होगी। निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

# प्रयुथ थाईलैंड के प्रधानमंत्री बने रह सकते हैं, लेकिन कार्यकाल सीमा का उल्लंघन नहीं कर सकते: अदालत

एपी। बैंकॉक

**थाइलैंड** की संवैधानिक अदालत ने शुक्रवार को फैसला दिया कि प्रधानमंत्री प्रयुथ चान ओचा अपने पद पर बने रह सकते हैं, लेकिन उस संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं कर सकते जो उनके कार्यकाल की आठ साल की सीमा तय करता है।

विपक्षी दलों के सांसदों ने अदालत में याचिका दाखिल करके कहा है, कि प्रयुथ ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल के लिए आठ साल की तय अवधि का उल्लंघन किया है, जिसे थाईलैंड के वर्ष 2017 के संविधान में पहली बार शामिल किया गया था। वर्ष 2014 में तख्ता पलट के बाद प्रयुथ सैन्य कमांडर के तौर पर सत्ता पर काबिज हुए थे। अगस्त 2014 में सैन्य सरकार में प्रयुथ आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री बन गए और वर्ष 2019 में उन्हें दोबारा प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया। वर्ष 2014 को शुरुआती तिथि माने तो उन्होंने पिछले महीने ही वैध कार्यकाल की सीमा पूरा कर ली।

प्रधानमंत्री और उनके समर्थक यह दलील दे रहे हैं कि कार्यकाल की वैध अवधि की शुरुआत अप्रैल 2017 से शुरू होनी चाहिए जब से मौजूदा संविधान अस्तित्व में आया। इस आधार पर यदि वह अगले आम चुनाव में पद पर फिर से वापसी करते हैं, तो उनका कार्यकाल वर्ष 2025 तक रहेगा। नौ सदस्ईय अदालत ने छह और तीन के अंतर से फैसला दिया कि प्रयुथ के कार्यकाल की गणना नए संविधान के लागू होने की तारीख से की जानी चाहिए। अदालत से इस तरह के निर्णय की उम्मीद पहले से थी, क्योंकि इसने कई राजनीतिक मामलों में आम तौर पर सरकार के पक्ष में फैसला दिया है। न्यायपालिका खासकर संवैधानिक अदालत और सेना देश के रूढ़िवादी सत्ता प्रतिष्ठान की मजबूत संरक्षक रही है, जिसका सर्वाधिक अहम स्तंब वे राजशाही को मानते हैं। थाईलैंड में अगले साल प्रधानमंत्री का चार साल का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और अनिवार्य रूप से नए सिरे से चुनाव कराने होंगे। ऐसे में प्रयुथ को अगले साल राजनीतिक चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि उनकी लोकप्रियता फिलहाल निम्न स्तर पर है और आलोचकों का आरोप है कि उन्होंने अर्थव्यस्था को ठीक से नहीं संभाला। वर्ष 2020 में हजारों लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रयुथ और उनकी कैबिनेट के इस्तीफे की मांग की थी। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि संविधान में संशोधन करने समेत राजशाही में भी बदलाव किए जाए। प्रदर्शनकारियों ने अदालत के प्रयुथ का पक्ष लेने पर नए विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। एमी के रूप में मशहूर संगीतकार और वरिष्ठ कार्यकर्ता चाई अमोरन काएविबूंपन ने कहा कि अदालत का फैसला चकित करने वाला नहीं है। उन्होने कहा, मुझे लगता है कि कल लोग सड़क पर उतरेंगे और उम्मीद है कि हमारे पास लोगों की संख्या अधिक होगी।



दक्षिण कोरिया के रक्षा विभाग ने तस्वीर साझा करते हुए दावा किया है कि अमेरिका, जापान व दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने संयुक्त रूप से युद्ध अभ्यास किया

PUBLIC NOTICE

The general public is hereby informed on behalf of my client M/s. Luxmi Southwest Enterprises Pvt. Ltd. having its registered office at A-145, Shivalik, New Delhi through its Director Mr. Chand Uppal

1. That my client M/s. Luxmi Southwest Enterprises Pvt. Ltd. having its registered office at A-145, Shivalik, New Delhi through its Director Mr. Chand Uppal (herein after referred to as the purchaser) entered in to agreement to sell and purchase dated 20-09-2020 with Mr. Rakesh Sabharwal S/o Sh. Shadi Lal & Mr. C.P. Kapoor S/o Late Sh. Suraj Prakash both R/o 6/111, Subhash Nagar, New Delhi (herein after jointly referred to as Sellers) to purchase their agricultural Land measuring **3 bigha 4 Biswas, bearing khasra number 1/17/2 (2-13) & 18 min. (0-11) situated in the revenue estate of village Dhulsiras, Tehsil Dwarka, New Delhi** for a total sale consideration of Rs. 56,00,000/- and the purchaser paid a sum of Rs. 44,00,000/- to the sellers through UTR/NEFT before 20-09-2020 and have paid 11,00,000/- through bank transfer on 13-09-2021 and 30-09-2021.

2. That the sellers handed over the peaceful possession of the land under sale to the purchaser on the date of execution of agreement to sale and purchase at 20-09-2020.

3. That the sellers have shown and given all the original documents excluding one registry to the purchaser and the sellers were to obtain the NOC, share the same with purchaser in original and to complete all the paper work before the sale deed could be executed or registered.

4. That the purchaser has always been ready and willing to pay the balance amount of sale consideration and have requested the sellers number of times to get necessary clearance, demarcation and permissions but the sellers have always evaded the same on one pretext or the other and in the meantime prices of the land also increased.

5. That the sellers have recently tried to interfere in the peaceful possession of the purchaser by encroachment, trespassing and are trying to disposes the purchaser without due recourse of law.

6. That the intentions of the sellers have become dishonest and greedy and they are trying to enter into another agreement to sale or to sale the above said land with intention to cheat some other person and fetch as much money as they can by forging the documents.

7. That through this notice it is informed to the public in general that no one should enter in to any agreement pertaining to the above said land, otherwise he/she will have to bear the burden of unnecessary litigation at their own responsibility.

**NITIN SAINI & ASSOCIATES**
**Chamber No. 152, SSS Block, District Courts, Gurugram**

## एयर इंडिया बर्मिंघम, लंदन, सैन फ्रांसिस्को के लिए 20 और साप्ताहिक उड़ानें शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया अगले तीन माह में बर्मिंघम, लंदन और सैन फ्रांसिस्को के लिए 20 अतिरिक्त साप्ताहिक उड़ानें शुरू करेगी। टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को मजबूत बनाने की योजना बनाई है, जिसके तहत ए उड़ानें शुरू की जा रही है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि सप्ताह में बर्मिंघम के लिए पांच अतिरिक्त उड़ानें, लंदन के लिए नौ अतिरिक्त उड़ानें और सैन फ्रांसिस्को के लिए छह अतिरिक्त उड़ानें शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही ग्राहकों को हर सप्ताह 5,000 से अधिक अतिरिक्त सीटों की पेशकश की जाएगी। एयर इंडिया अभी ब्रिटेन के लिए हर हफ्ते 34 उड़ानों का संचालन करती है, और अब इनकी संख्या बढ़कर 48 हो जाएगी। बयान में कहा गया कि सात भारतीय शहरों से अब ब्रिटेन की राजधानी के लिए एयर इंडिया की सीधी उड़ानें होंगी।

# भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2025-26 तक 120 अरब डॉलर होगा: राजीव चंद्रशेखर

- चंद्रशेखर ने महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में नई एवं अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई पेगाट्रन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही

भाषा। चेन्नई

**उद्यमशीलता**, कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 तक 120 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा और यह राज्य सरकारों की केंद्र के साथ साझेदारी से ही संभव होगा।

चंद्रशेखर ने यहां महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में नई एवं अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई पेगाट्रन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने बताया कि देश में अनुमानित 70-75 अरब डॉलर इलेक्ट्रॉनिक्स का विनिर्माण होता है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025-26 तक 300 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भारत 2014 तक 90 फीसदी मोबाइल आयात करता था और अब वह मोबाइल फोन की अपनी 97 फीसदी जरूरत को खुद ही पूरा कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री ने कहा, भारत 2014 तक मोबाइल फोन का निर्यात नहीं करता था। लेकिन अब 50,000 करोड़ रुपए मूल्य के आईफोन, सैमसंग फोन और अन्य फोन का निर्यात कर रहा है। हम 90 फीसदी मोबाइल फोन आयात करते थे और अब 97 फीसदी का उत्पादन घरेलू स्तर पर करते हैं, यह बीते आठ साल की यात्रा है। चंद्रशेखर ने इस महज एक शुरुआत बताते हुए कहा कि अभी 16-20 अरब डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात किया जा रहा है और वित्त वर्ष 2025-26 तक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों का निर्यात 120 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। मंत्री ने कहा कि यह राज्य सरकारों की केंद्र सरकार के साथ साझेदारी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुरू की गई योजनाओं की बदौलत संभव होगा। पेगाट्रन टेक्नोलॉजी इंडिया ताइवान की पेगाट्रन कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। इस संयंत्र की निर्माण लागत 1,100 करोड़ रुपए आई है और इसके जरिए क्षेत्र में 14,000 नए रोजगार का सृजन होगा।

## ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी से 19 ईयू देशों में मुद्रास्फीति 10 प्रतिशत के रिकॉर्ड पर

फ्रैंकफर्ट। यूरोपीय देशों में बिजली और प्राकृतिक गैस की कीमतों में उछाल के चलते मुद्रास्फीति दो अंक में पहुंच गई है। यूरोपीय संघ (ईयू) की सांख्यिकी एजेंसी यूरोस्टेट ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर माह में 19 देशों के यूरो क्षेत्र में उपभोक्ता कीमतें रिकॉर्ड 10 प्रतिशत पर पहुंच गईं, जो अगस्त में 9.1 प्रतिशत पर थीं। एक साल पहले तक महंगाई दर 3.4 प्रतिशत पर थी। वर्ष 1997 में यूरो के लिए रिकॉर्ड रखने का काम शुरू होने के बाद से मूल्यवृद्धि का यह स्तर सबसे उंचा है। महंगाई की मुख्य वजह बढ़ती ऊर्जा कीमतें हैं। यह एक साल पहले की तुलना में 40.8 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं भोजन, शराब और तंबाकू की कीमतों में 11.8 प्रतिशत का उछाल आया है।

## अगस्त में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर सुस्त पड़कर 3.3 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अगस्त में 3.3 प्रतिशत की सुस्त रफ्तार से बढ़ा है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह वृद्धि पिछले नौ महीने में सबसे कम है। एक साल पहले की इसी अवधि में यह आंकड़ा 12.2 प्रतिशत था। पिछला निचला स्तर नवंबर, 2021 में 3.2 प्रतिशत था। आठ बुनियादी उद्योगों उत्पादन इस साल अप्रैल-अगस्त में 9.8 प्रतिशत बढ़ा है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 19.4 प्रतिशत था।

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किलगण सरदार जग मोहन सिंह कोहली एवं सरदारनी सुरीन्दर पाल कॉर कोहली निवासीगण टावर-1, 303, पारसवनाथ प्लैटिनम, स्वर्ण नगरी, ग्रेटर नोएडा, रामपुर जागीर, गौतम बुद्ध नगर, उ0प्र0-201306 ने अपने पुत्र सरदार नवनीत सिंह कोहली, पुत्रवधु सरदारनी इन्दरवीर कॉर कोहली, एवं इनके पुत्र मास्टर करमन सिंह कोहली को इनके दुर्व्यवहार, लड़ाई-झगड़ा, प्रताड़ित करने नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए सभी पारिवारिक/समाजिक रिस्ते-नाते संबध-विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उनके किसी भी किया-कलापों, लेन-देन, दीवानी-फौजदारी, वाद-विवाद, पुलिस व अपराधिक कार्यवाही आदि के लिये मेरे मुवक्किलगण व उनके परिवार वाले उत्तरदायी नही होंगे।

PAWAN JAIN ADVOCATE
Ch. No. C-77, C.L. Joseph Block,
Tis Hazari Courts, Delhi-110054

PUBLIC NOTICE

My client Mr. Onil Bhatnagar S/O. Sh. J. P. Bhatnagar R/O. G-1105, VVIP Addresses, Raj Nagar Ext, Ghaziabad, U.P., Has breakup all his relations with his wife and sons namely Mrs. Madhu and Nakul & Rohan respectively because of their illegal acts & rude and non co operative behavior towards my client. Any person who will deal with Mrs. Madhu, Nakul & Rohan, in any manner, what soever, will be held responsible himself, not my client.

**Delhi** **(N.K. Rathi)**
**Dated: 27/09/2022** **Advocate D-896/97(R)**
**G-323, Karkardooma Courts, Delhi**
**M.9811263109,09990860333**
**Email: nkrathiadv@yahoo.com**

मौद्रिक नीति की घोषणा

# शेयर बाजार की गिरावट थमी, सेंसेक्स 1,017 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद शुक्रवार को विराम लग गया और बीएसई सेंसेक्स 1,000 अंक से अधिक चढ़कर बंद हुआ। उम्मीदों के अनुरूप ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि और भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति के अगले साल जनवरी से नियंत्रण में आने के अनुमान से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, रुपए की विनियम दर में सुधार का भी बाजार पर सकरात्मक प्रभाव पड़ा। डगमगाती शुरुआत के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,016.96 अंक या 1.80 प्रतिशत उछलकर 57,426.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,312.67 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 276.25 अंक या 1.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,094.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एयरटेल के शेयर में सबसे अधिक 4.49 प्रतिशत का उछाल आया। इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, एशियन पेंट्स, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। कुल मिलाकर मई से अबतक आरबीआई रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था में वृद्धि की गति में आरबीआई के भरोसे और ब्याज दरों में उम्मीदों के अनुरूप वृद्धि से घरेलू शेयर बाजार को पिछले सात कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति के अनुमान को 6.70 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय और अर्थव्यवस्था में सात प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि का अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत देता है। हालांकि, वैश्विक अर्थव्यवस्था से घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए मौजूदा जोखिमों के बारे में चेतावनी भी दी गई है। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, आरबीआई ने उम्मीद के अनुरूप ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की है। उन्होंने कहा, वैश्विक परिस्थिति, विश्व में आर्थिक मंदी और विभिन्न केंद्रीय बैंकों के आक्रामक रुख से उत्पन्न चिंताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती को देखते हुए यह वृद्धि की गई है। शुक्रवार को एक हजार अंक से अधिक की वृद्धि के बावजूद साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 672 या 1.15 प्रतिशत और निफ्टी 233 अंक 1.34 प्रतिशत गिरा है। इसके अलावा व्यापक बाजार में शुक्रवार को बीएसई का स्मॉलकैप 1.45 प्रतिशत और मिडकैप 1.39 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट नुकसान में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मजबूती के साथ बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मजबूती का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 89.54 डॉलर प्रति बैरल पर पंहुच गया। शेयर बाजार में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों का बिकवाली का सिलसिला जारी है।



THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I Devankit S/o Ajay Kumar** Mishra R/o D-5, Street No.4, Ashok Mohalla, Maujpur, Delhi-110053, declare that name of my father Ajay Kumar Mishra & Ajay Mishra are one and same person,which may be amended accordingly.
**PD(90179)A**

Public Notice

Notice is hereby given to the General public that Sh. Kesho Ram was absolute owner of Property Bearing No. 4571 area measuring 605 Sq. Yds., in Ward No. XII, Situates at Arya Pura, Subzi Mandi, Delhi- 110007 vide Relinquishment Deed Dated 19.03.1982 and Unfortunately, Late Kesho Ram expired 20.07.2020 and after his death Sh. Rajesh Choudhary (son of Kesho Ram) is intending to gift the above said property to his wife Mrs. Sarita and further Mrs. Sarita intending to sell above said property to Md. Ahsan Qureshi vide Sale Deed. Further Md. Ahsan Qureshi is mortgaging the above said property to Axis Finance Limited in case anyone has any objection, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Northex Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that my client Mrs. Shakuntla Rani, W/o. Late Shri Mehar Singh R/o. H.No. 94/C1, Ward No.2 Mehrauli, South Delhi Mehrauli Delhi-110030, that my client's son, Aashish Kumar is disobedient, is not according to my client temperaments, and is beyond control and supervision. That my above name client have also disowned and debarred her son, Mr. Aashish Kumar from all her moveable and immovable properties and severed all their relations with him. Anybody dealing with him (Aashish Kumar) will do so at own risk and responsible and my client would not be liable for any kind of act, deed, or dealing done by him (Aashish Kumar).

**Sd/-**
**For S and S Associates**
**Girish Kumar Advocate**
**D/4071/2014**

SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SANDEEP GARG, CS DJ 1010/18 | Vehicle No. UP14DA6801, Make and Model- RENAULT KWID, Manu Year- 2016 |
| ICICI BANK LTD VS ISHA KUMAR, CS No.498/22 | Vehicle No. DL9CAU9220, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD ALTO, Manu Year- 2016 Reserve Price: Rs.1,60,000/-, EMD Amount: Rs.16,000/- |
| ICICI BANK LTD VS NILOFER GHUMAN, CS (Comm) No. 5194 of 2021 | Vehicle No. PB10EN3713, Make and Model- TOYOTA KIRLOSKAR INDIA LTD FORTUNER, Manu Year- 2013 Reserve Price: Rs.5,80,000/- EMD Amount: Rs.58,000/- |

**Auction Date: October 07, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person– Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019, IA 2240/2019 | Vehicle No. - UP14GT8288, Make and Model – SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT, Manu Year – 2017 Reserve Price Rs.2,84,000/- EMD Rs.28,400/- |

**Auction Date: October 17, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Shriram Automall India Ltd., Pio Maniyaari Road, Opposite Kanya Gurukul school, Narela, New Delhi - 110040.
**Contact Person– Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS ASLAM KHA, CS (Comm) No. 3444 of 2021 | Vehicle No. UP14HT7751, Make and Model- ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year- 2019 Reserve Price: Rs.5,40,000/- EMD Amount: Rs.54,000/- |
| ICICI Bank Ltd. Vs. Babar & Anr., CS (Comm) No. 1377-21 | Vehicle No - UP14JT1939, Make & Model - ASHOK LEYLAND GURU 1010, Manu. Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS RAJA HUSAIN, CS (COMM) No.: 1094/21 | Vehicle No. UP14JT3784, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD GURU 1111, Manu Year - 2019 |

**Auction Date: Oct 7, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard,Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad- UP- 201102
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

| | |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RAMESH, CS SCJ No. 1928/18 | Vehicle No.- HR38U9071, Make and Model - TATA MOTORS LTD ACE, Manu Year- 2015 |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR, CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No.- UP16ET9417, Make and Model- HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year- 2017, Reserve price: Rs. 1,80,000/- EMD Amount: 18,000/- |

**Auction Date: October 17, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and EMD (wherein applicable) to participate in the auction. DD/PO of EMD amount is to be made in favor of ICICI Bank Limited payable at Delhi.

Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount (wherein applicable) will be forfeited.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# ईश्वर बेटी या बेटा जो भी दे, उसे स्वीकार करना चाहिए: राज्यपाल

भाषा। बलरामपुर



**उत्तर प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को समाज की विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि आज भी समाज में बेटी होने पर महिलाओं को दोषी माना जाता है जबकि लड़का या लड़की पैदा होना ईश्वर की देन है। ईश्वर हमें बेटी या बेटा जो भी दे उसे स्वीकार करना चाहिए न कि महिलाओं को गुनहगार बताना चाहिए। शुक्रवार को महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाओं को प्रसव अस्पताल में कराना चाहिए ताकि जच्चा-बच्चा दोनों की देखभाल ठीक से हो सके। उन्होंने कहा कि आज भी 16 प्रतिशत महिलाएं अस्पताल में प्रसव नही कराती हैं जिसे ठीक नही माना जा सकता है।

पटेल ने कहा, हम एक सितम्बर को हर वर्ष स्तनपान दिवस मनाते हैं लेकिन बहुत कम महिलाएं हैं जो अपने बच्चों का स्तनपान कराती है जबकि अगर प्रसव होने के एक घण्टे बाद महिलाएं अपने नवजात को स्तनपान कराए तो यह नवजात के लिए अमृत के बराबर होता है तथा स्तनपान यदि होता रहे तो हमें पोषण दिवस मनाने की आवश्यकता ही न पड़े। इससे पहले राज्यपाल के बलरामपुर पहुंचने पर पुलिस लाइन में जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश सक्सेना ने स्वागत किया। राज्यपाल ने कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसान उत्पादक संगठन केंद्र की शुरुआत की। आनंदी बेन पटेल ने समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का जायजा लिया। राज्यपाल ने जिला कारागार का भी भ्रमण किया और जेल में बंद विचाराधीन कैदियों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। राज्यपाल आंगनवाड़ी केन्द्र कलवारी भी पहुंची जहां उन्होंने बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात की। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण भी थे।

# न किसी दल में शामिल होऊंगा और न ही चुनाव लड़ूंगा: मलिक

**मेरठ (भाषा)।** मेघालय के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान पद से सेवानिवृत्ति के बाद वह न तो किसी राजनीतिक दल में शामिल होंगे और न ही किसी पद के लिए चुनाव लड़ेंगे। मलिक ने अपनी इस टिप्पणी से उन अटकलों पर विराम लगा दिया है कि वह राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हो सकते हैं। मेघालय के राज्यपाल के रूप में शुक्रवार (30 सितंबर) को मलिक का कार्यकाल पूरा हो रहा है। सेवानिवृत्त के बाद की योजनाओं को लेकर दूरभाष पर पीटीआई-भाषा से बातचीत में मलिक ने कहा, अभी तक मेरे पास कोई योजना नहीं है। मैं केवल उन गतिविधियों में भाग लूंगा जो किसानों से जुड़ी होंगी। मैं न तो किसी दल में शामिल होउंगा और न ही कोई चुनाव लड़ूंगा। इससे पहले यह अटकलें लगाई जा रही थी कि मलिक राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में शामिल हो सकते हैं। यह कयास उन विज्ञापनों को देखने के बाद लग रहे थे, जिनमें दिखाया गया था कि वह तीन अक्टूबर को शामली जिले में आयोजित एक किसान सम्मेलन में भाग लेंगे और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी के साथ मंच साझा करेंगे। मलिक ने स्पष्ट किया शामली की सभा एक गैर राजनीतिक थी और किसानों के लिए आहूत की गई थी, हालांकि धारा 144 लागू होने के चलते अब इसे रद्द कर दिया गया है। मेघालय के राज्यपाल के पद पर रहते मलिक ने केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन करने वाले किसानों का समर्थन किया और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया जिसके बाद वह सुर्खियों में आए। उन्होंने राज्यपाल रहते किसानों का मुद्दा उठाया और केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। उन्होंने जम्मू कश्मीर का राज्यपाल रहते हुए कथित भ्रष्टाचार का मामला उठाया था। मलिक 30 सितंबर 2017 को बिहार के राज्यपाल के नियुक्त हुए थे। इसके बाद उन्हें अगस्त 2018 में जम्मू-कश्मीर और फिर 2020 में मेघालय में राज्यपाल पद पर भेजा गया। सत्यपाल मलिक 24 जुलाई 1946 को बागपत जिले में पैदा हुए और भारतीय क्रांति दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जनता दल, लोक दल और समाजवादी पार्टी आदि राजनीतिक दलों से जुड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। मलिक 1989 में अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गए और इसके पहले 1980 से 1989 तक राज्यसभा के भी सदस्य रहे थे।

## क्विक न्यूज

### खड़े ट्रक में सफारी घुसी, एक की मौत, दो घायल

**सुलतानपुर (उप्र)।** सुलतानपुर जिले के चांदा कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक सफारी गाड़ी खड़े ट्रक में जा घुसी, जिससे सफारी में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रवि कुमार सिंह ने बताया कि चंदौली जिले के निवासी राजेश कुमार सिंह (60) अपने परिवार के साथ चारधाम की यात्रा कर घर लौट रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे कोतवाली चांदा के निकट फोरलेन पर जब इनकी गाड़ी पहुंची वैसे ही वहां खड़े एक ट्रक में जा घुसी। सिंह ने बताया कि गाड़ी में सवार राजेश कुमार सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा इनकी पत्नी सविता सिंह सहित दो लोग घायल हो गए। घायलों को मामूली चोटें आईं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तिंदवारी के पूर्व विधायक भाजपा नेता जगन्नाथ सिंह परमार का निधन

**बांदा।** तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे लोकतंत्र सेनानी भाजपा नेता जगन्नाथ सिंह परमार का गुरुवार की रात निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। वे अपने पीछे भरा.पूरा परिवार छोड गये हैं। स्वर्गीय परमार पिछले कई सालों से अस्वस्थ चल रहे थे। गुरुवार रात करीब 10.15 बजे उन्होने बांदा शहर के किरण कालेज चौराहा स्थित अपने मकान मे अंतिम सांस ली। उनकी अंत्येष्टि उनके गांव तिंदवारी क्षेत्र के लामा गांव मे शुक्रवार की दोपहर की गयी। अंत्येष्टि मे भाजपा और आरएसएस के तमाम नेताओं और स्वयं सेवकों ने शामिल होकर फूल मालाओं से उन्हे अंतिम बिदाई दी। इस मौके पर पुलिस जवानों ने मातमी धुन के साथ उन्हे सलामी दी। भाजपा नेता स्वर्गीय परमार वर्ष 1974 मे पहली बार तिंदवारी विधान सभा छेत्र से जनसंघ के टिकट पर विधायक चुने गये थे। इमर्जेन्सी के दौरान उन्हे करीब डेढ साल जेल मे रहना पडा था। वर्ष 1977 मे दूसरी बार वे जनता पार्टी से तिंदवारी के विधायक चुने गये थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र धर्मवीर सिंह परमार ने उनका अग्निदाह करके अंत्येष्टि की सारी धार्मिक और पारंपरिक औपचारिकतायें निभाईं।

### शराब के नशे में बड़े भाई की पीट-पीटकर हत्या

**सुलतानपुर (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र के तीर गांव में एक भाई ने नशे की हालत में कथित तौर पर अपने बड़े भाई को पटरे से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। धनपतगंज के थानाध्यक्ष श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि बृहपतिवार की शाम नशे की हालत में चंद्र विजय उर्फ बीक्षि सिंह ने अपने सगे बड़े भाई रणविजय सिंह (40) की पटरे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने कहा कि हत्या करने वाला भाई मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

### बीएसए ने सहायक अध्यापक को किया निलंबित

**संतकबीरनगर।** जिले के विकास खण्ड हैंसर बाजार अंतर्गत संविलियन विद्यालय डड़वा का खण्ड शिक्षा अधिकारी डड़वा स्कूल के सहायक अध्यापक द्वारा पहुंचकर अपशब्द कहते हुए गोली मारने की धमकी दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने तत्काल प्रभाव से सअ को निलंबित कर दिया है। इसकी जांच बीईओ बेलहर कला एवं बीईओ मेंहदावल को संयुक्त रूप सौपी गई है। बीएसए ने बताया कि जिले के खण्ड शिक्षा अधिकारी को प्रतिदिन 6-7 विद्यालय आवंटित करते हुए औचक निरीक्षण किये जाने एवं निरीक्षण विद्यालय का फोटो ग्रुप में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में 29, सितम्बर, 2022 को प्रात 8.05 बजे संविलियन विद्यालय डडवा का खण्ड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद के द्वारा किया गया जिसमें उक्त स्कूल बंद पाया गया। इसी स्कूल के सहायक अध्यापक रामकरन पासवान ने प्रावि औराड़ाड विकास खण्ड हैंसर बाजार पर निरीक्षण के दौरान आकर बीईओ को अपशब्द कहा और गोली मारने की धमकी दी। सअ का उक्त कृत्य अत्यन्त निन्दनीय एवं अच्छृखल प्रवृत्ति का है तथा कर्मचारी आचरण नियमावली का सर्वथा वितरित है। उन्होने बताया कि उक्त कृत्य को गम्भीरता से लेते हुए रामकरन पासवान सहायक अध्यापक संविलियन विद्यालय डड़वा विकास खण्ड हैंसर बजार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस प्रकरण की जांच बीईओ बेलहरकला एवं बीईओ मेंहदावल को संयुक्त रूप से सौंपी गई है।

### नाबालिग छात्र की हत्या, आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया

**बिजनौर ।** बिजनौर जिले के धामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक नाबालिग छात्र का शव बरामद किया है। छात्र की उसके ही जिगरी दोस्त ने हत्या की है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को पुलिस को नगीना मार्ग पर एक बाग में एक किशोर का शव होने की खबर मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से एक परिचय पत्र बरामद किया जिसके आधार पर किशोर की पहचान ग्राम काजीवाला निवासी रोहित (16) के रूप में की गई है। वह नगीना के एक इंटर कॉलेज का छात्र था। एसपी ने बताया कि रोहित के गले पर धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या की गई थी। उन्होंने बताया कि मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर रोहित के हम उम्र उसके गहरे दोस्त को हिरासत में लेकर जब पूछताछ की गई तो उसने हत्या का अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि रोहित उसकी बहन पर गलत नजर रखता था, इसलिए वह उसे बाग में ले गया जहां उसने रोहित की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी छात्र की निशानदेही पर उसके स्कूल बैग से घटना में प्रयुक्त चाकू और रोहित का मोबाइल बरामद कर लिया।

### भाजपा धनबल से सभी राजनीतिक दलों को कमजोर कर रही: टिकैत

**बहराइच (भाषा)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी धनबल के जोर पर सभी राजनीतिक दलो को कमजोर कर रही है ताकि वह अकेले देश पर शासन कर सके। शुक्रवार को श्रावस्ती जाते समय अपने काफिले को रोक कर यहां पत्रकारों से अनौपचाकि बातचीत में टिकैत ने एक सवाल के जवाब में कहा, ए (भाजपा) चाहते है कि पूरा विपक्ष खत्म हो जाए और देश में एक ही पार्टी का राज हो। ए पैसे की ताकत से सभी राजनीतिक दलो को कमजोर करेंगे। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून लाने, किसानों को फसलों के सही दाम दिलाने एवं जमीनों की लूट को लेकर किसान देश में एक बड़ा आंदोलन करेंगे। उन्होने कहा कि देश को किसान ही बचा सकता है इसलिए किसानो का संगठन काम करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानो का भुगतान समय से करने की बात कही है और यदि भुगतान नही हुआ तो किसान आंदोलन करेंगे। टिकैत ने सत्तारूढ़ दल पर बेईमानी से चुनाव जीतने का आरोप लगाया और दावा किया, विधानसभा चुनावों में अधिकारियो ने बेईमानी से सौ से अधिक सीटें भाजपा को जितवाई हैं। विपक्ष के जो प्रत्याशी 30-30 हजार वोट से जीत रहे थे उन्हे बेईमानी करके हरा दिया गया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के विषय में पूछे गए सवाल पर टिकैत ने कहा कि यात्रा निकालना सही है लेकिन इन्हे और पहले यात्रा निकालनी चाहिए थी। पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) पर सरकार के लगाए प्रतिबंध पर टिकैत ने कहा कि अगर कोई गलत काम कर रहा हो तो प्रतिबंध सही है, लेकिन अगर पक्षपात हुआ है तो यह सरकार की गलती है।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय में योगी के खिलाफ दायर याचिका खारिज

भाषा। प्रयागराज



**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने वर्ष 2018 में राजस्थान के अलवर जिले में चुनाव अभियान के दौरान कथित आपत्तिजनक भाषण देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश पारित करने के अनुरोध वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति समित गोपाल ने मऊ जिले के नवल किशोर शर्मा नाम के व्यक्ति द्वारा दायर याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इस मामले में सुनवाई का अधिकार क्षेत्र इस अदालत के पास नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ता पर 5,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। याचिकाकर्ता के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 नवंबर, 2018 को राजस्थान के अलवर जिले में चुनाव अभियान के दौरान एक भाषण दिया था जो याचिकाकर्ता के मुताबिक आपत्तिजनक था और उस भाषण से उसकी धार्मिक भावना आहत हुई थी। इससे पूर्व, याचिकाकर्ता ने इस संबंध में मऊ की जिला अदालत में शिकायत की थी जिसे निचली अदालत द्वारा खारिज कर दी गई। इसके बाद, उसने सत्र न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी और वह खारिज कर दी गई थी। याचिकाकर्ता ने निचली अदालतों के निर्णय के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसमें उसने अदालत से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का निर्देश पारित करने का अनुरोध किया था।

# रंजिश में गोलीबारी, एक युवक की मौत

**महोबा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के रावतपुरा गांव में शुक्रवार को पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुई गोलीबारी के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। कुलपहाड़ क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) उमेशचंद्र ने बताया कि कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के रावतपुरा गांव में शुक्रवार दोपहर पुरानी रंजिश को लेकर यादव बिरादरी के दो पक्षों में कहासुनी के बाद गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान गोली लगने से रावेन्द्र यादव (28) की मौके पर ही मौत हो गई है। सीओ ने बताया कि इस सिलसिले में मृतक के परिजनों की ओर से दो नामजद व्यक्तियों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।



पीएफआई पर प्रतिबंध लगाये जाने के बाद कानपुर में शुक्रवार को एहतियात के तौर पर सुरक्षा बलों ने गश्त की

# शिक्षा माफिया केएल पटेल की 10 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के अपराध से अर्जित संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रयागराज पुलिस ने शुक्रवार को शिक्षा माफिया कृष्ण लाल पटेल उर्फ केएल पटेल की यहां मंफोर्डगंज स्थित दो अचल संपत्तियों को कुर्क किया जिसका कुल अनुमानित मूल्य 10 करोड़ रुपए है। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 28 सितंबर को जारी कुर्की के आदेश के तहत शिक्षा माफिया केएल पटेल की दो अचल संपत्तियों को आज कुर्क किया गया। इन संपत्तियों का अनुमानित मूल्य करीब 10 करोड़ रुपए है। उन्होंने बताया प्रथम मकान का क्षेत्रफल 49.28 वर्ग मीटर है जिसकी अनुमानित कीमत ढाई करोड़ रुपए है, जबकि दूसरे मकान का क्षेत्रफल 150.74 वर्गमीटर है और इसकी अनुमानित कीमत 7.5 करोड़ रुपए है। मीणा ने बताया कि इन दोनों मकानों को केएल पटेल द्वारा स्वयं और अपने भाई नंदलाल के नाम पर खरीदा गया था।

# बीएसए ने किया औचक निरीक्षण कई के खिलाफ की गयी कार्रवाई

- प्राथमिक विद्यालय बीरकाजी के प्रधानाध्यापक के खिलाफ, जांच व सभी अध्यापकों का वेतन रोकने का दिया निर्देश

**प्रयागराज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने शुक्रवार को गंगापार के कई विधालयों का औचक निरीक्षण किया। गड़बड़ी मिलने पर कई के खिलाफ सख्त कारवाई किया। संविलियन विद्यालय बाबूगंज प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बीरकाजी का औचक निरीक्षण किया। इसमें प्राथमिक विद्यालय बीरकाजी के प्रधानाध्यापिका तसनीम अख्तर के खिलाफ जांच तथा सभी शिक्षकों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज ने शुक्रवार को संविलियन विद्यालय बाबूगंज में पहुंचकर वहां पर स्वच्छता बच्चों की संख्या सहित अन्य बिंदुओं पर निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षा कक्ष में पहुंचकर बच्चों से भी पठन पाठन के विषय में जानकारी हासिल करते हुए शिक्षण कार्य पर संतोष व्यक्त किया प्राथमिक विद्यालय बीरकाजी में पहुंचे तो वहां की पठन पाठन से लेकर साफ सफाई तक की व्यवस्था पूरी तरह से लचर दिखाई दी। प्राथमिक विद्यालय बीरकाजी में पंजीकृत बच्चों के अपेक्षा छात्रों की उपस्थिति बहुत कम रही। इसके अतिरिक्त गंदगी के साथ अन्य अभिलेख अपूर्ण पाए गए। उन्होंने गहनता से जांच पड़ताल करते हुए प्रधानाध्यापक तसनीम अख्तर के खिलाफ जांच तथा सभी शिक्षकों के वेतन रोकने का निर्देश दिया। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक विद्यालय बीरकाजी में पहुंचकर निरीक्षण किया। जहां पर बच्चों के पठन पाठन शिक्षण कार्य साफ सफाई तथा बच्चों की उपस्थिति बहुत अच्छा रहा। विद्यालय के वातावरण तथा शैक्षिक कार्य आदि के लिए शिक्षकों की सराहना की। क्षेत्र में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण से विद्यालयों में हड़कंप मचा रहा।

# छात्रा को कक्षा में बंद करने का एक और मामला सामने आया, शिक्षकों का होगा निलंबन

भाषा। बुलंदशहर

**शिक्षकों और** कर्मचारियों की लापरवाही से सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा दो की एक छात्रा को क्लास रूम में बंद करने का एक और मामला सामने आया है, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को निलंबित करने का फैसला किया है। बुलंदशहर के गुलावठी विकास खंड के सेगड़ा पीर स्थित संविलियन विद्यालय में बृहस्पतिवार को स्कूल स्टाफ की लापरवाही सामने आई, जब दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा इकरा को कक्षा में ही बंद करके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चला गया। गौरतलब है कि इससे पहले संभल जिले में भी इसी तरह का मामला सामने आया था। सेगड़ा पीर विद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा दो में पढ़ने वाली छात्रा बृहस्पतिवार को जब घर नहीं पहुंची तो उसकी तलाश शुरू हुई, उसके घरवाले स्कूल पहुंचे लेकिन स्कूल बंद मिला। इसमें कहा गया कि इसी दौरान कक्षा में बंद बच्ची के रोने की आवाज सुनकर वहां उसके होने का पता चला, जिसके बाद स्कूल के कर्मचारी को बुला कक्षा खुलवाकर छात्रा को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार, डरी सहमी बच्ची का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बीके शर्मा ने घटना की पुष्टि करते हुए शुक्रवार को बताया, जिले के गुलावठी विकास खंड के संबंधित विद्यालय में छुट्टी के बाद दूसरी कक्षा की छात्रा को स्टाफ कमरे में बंद करके चला गया। यह बहुत बड़ी लापरवाही है और इसमें हम पूरे विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारी को निलंबित करने जा रहे हैं। शर्मा ने बताया कि स्कूल में प्रधानाध्यापक के अलावा दो महिला शिक्षक और दो पुरुष शिक्षक हैं, इनके अलावा दो शिक्षामित्र और एक चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी तैनात है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रखंड स्तर पर यूनियन का चुनाव था, जिसमें शिक्षक चले गए थे। स्कूल में प्रधानाध्यापक रह गए लेकिन उनकी लापरवाही यह रही कि वह समय से पहले ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के हवाले बच्चों को छोड़कर चले गए। बीएसए ने कहा कि इसमें सभी की लापरवाही मानी जाएगी, बच्चों के प्रति पूरे स्टाफ की जिम्मेदारी बनती है, इसलिए हम सारे स्टाफ को निलंबित कर रहे हैं। गौरतलब है कि इसके पहले 20 सितंबर को संभल जिले के धनारी पट्टी बालू पट्टी गांव के सरकारी प्राथमिक विद्यालय में सात साल की एक छात्रा के रात भर स्कूल के एक कमरे में बंद रहने के मामले में वहां के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कड़ी कार्यवाही करते हुए दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया था।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला: मीना मस्जिद के अमीन सर्वे की सुनवाई 26 अक्टूबर को

भाषा। मथुरा

**मथुरा की** एक स्थानीय अदालत ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह को लेकर चल रहे वाद में मंदिर परिसर के एक कोने में स्थित मीना मस्जिद के अमीन सर्वे के अनुरोध वाली अखिल भारत हिंदू महासभा की याचिका पर सुनवाई के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की है।

मथुरा दीवानी अदालत में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह को लेकर चल रहे वाद में अखिल भारत हिन्दू महासभा ने मंदिर परिसर (13.37 एकड़ भूमि) के कोने में स्थित एक अन्य मस्जिद (जिसे मीना मस्जिद कहा जाता है) के अस्तित्व पर प्रश्न उठाते हुए शुक्रवार को अदालत से उसका अमीन सर्वे कराए जाने का अनुरोध किया था, जिसकी सुनवाई के लिए अदालत ने 26 अक्टूबर की तारीख तय की है। महासभा के अधिवक्ता देवकीनन्दन शर्मा एवं दीपक शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में उन्होंने वादी दिनेश चंद्र शर्मा की ओर से दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह की अदालत में अर्जी देकर अनुरोध किया है कि मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर बनी शाही ईदगाह के अलावा एक अन्य मस्जिद मीना मस्जिद की स्थिति का पता लगाने के लिए अदालत एक अमीन को नियुक्त कर स्थिति रिपोर्ट तलब करे, जिससे वास्तविकता का पता चल सकेगा। उल्लेखनीय है कि शर्मा ने इससे पूर्व अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से एक वाद प्रस्तुत कर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट स्थित मीना मस्जिद को हटाने के लिए अर्जी दी थी, जिस पर सुनवाई जारी है और 26 अक्टूबर को उनकी उस मांग पर भी बहस तय है। तब, उन्होंने दायर वाद में कहा कि मुगल शासक औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर स्थित भगवान श्रीकृष्ण के तत्कालीन भव्य मंदिर को तुड़वाकर शाही ईदगाह खड़ी करा दी थी, जो अवैध है तथा अतिक्रमण है।

# बेटियों के प्रति लोगों को अपनी सोच बदलनी होगी

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नवेली-बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता। बांदा







**मिशन शक्ति** अभियान.3 के अन्तर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के अन्तर्गत नवेली-बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आज जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल की अध्यक्षता में तथा उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में जनपद की कक्षा.10 व कक्षा.12 में शीर्ष दस में स्थान प्राप्त छात्राओं की उपस्थिति में महिला जिला अस्पताल के प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में शारदीय नवरात्रि के पंचम दिवस पर 7 नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया और सोहर गीत गाये गए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने टापर छात्राओं को उपहार भेंट कर उनकी प्रशंसा करते हुए सम्मानित किया। नवेली बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में नवजात बच्चियों का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ महिला जिला अस्पताल में मनाया गया और उन्हें उपहार तथा जन्म प्रमाण देकर एवं माताओं का माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना तथा मातृत्व शिशु हित लाभ एवं बालिका मदद योजना का लाभ भी दिलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल ने कार्यक्रम में नवरात्रि के अवसर पर जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं व उपस्थित छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए कहा कि नवेली बुन्देली कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि बालक बालिकाओं के बीच बढ रहे भेदभाव को कम करना तथा बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से लाभान्वित कराना है। उन्होंने कहा कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की छात्राओं ने उच्च श्रेणी के अंक प्राप्त कर जनपद में नाम रोशन किया है और इन बेटियों से अन्य छात्राओं को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने की सीख मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह छात्रायें आगे चलकर मेडिकल, इंजीनरिंग, खेल.कूद, संगीत व अपनी रूचि के अनुसार उच्च शिक्षा लेकर अपना व अपने अभिभावकों एवं जनपद का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने कहा कि बेटियों के प्रति लोगों को अपनी सोच बदलने की आवश्यकता है, क्योंकि अब बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढकर कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियांशी गुप्ता एवं शिवांगी सिंह ने नवेली.बुन्देली कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वह आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर आईएएस बनना चाहती हैं। उन्होंने अन्य छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी छात्रायें कडी मेहनत कर आगे बढें और सफलता हांसिल करें, जिससे कि उन्हें किसी के सहारे की आवश्यकता न हो। छात्रा शुभी अवस्थी ने कहा कि वह उच्च शिक्षा प्राप्त कर खुद की कम्पनी की सीईओ बनना चाहती हैं। उन्होंने छात्राओं को कहा कि वह अपनी प्रतिभा को निखारें तथा लक्ष्य प्राप्ति करने हेतु निरन्तर प्रयास करें। प्रीती ने कहा कि बेटियों को शिक्षित अवश्य करें क्योंकि बेटियों के शिक्षित करने से दो परिवार शिक्षित होते हैं। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कमार ने कहा कि नवेली बुन्देली कार्यक्रम जिलाधिकारी द्वारा चलायी गयी एक अनूठी पहल हैए जिसके अन्तर्गत बेटियों के जन्म लेने पर खुशियां मनाते हुए जन्मोत्सव मनाया जा रहा है।

# धावकों ने तोड़े नौ रिकॉर्ड ,यूपी की मुनीता की धाक

## गुजरात की शूटर इलावेनिल को स्वर्ण

**भाषा।** गांधीनगर

**गुजरात** की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान ने मेजबान टीम को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया जबकि ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू, स्टार तलवारबाज भवानी देवी और पहलवान दिव्या काकरान ने भी शुक्रवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों में दबदबा कायम रखते हुए सोने के तमगे जीते। हालांकि सुर्खियां आईआईटी गांधीनगर में एथलेटिक्स एरेना ने बटोरी जहां शुक्रवार को नौ नए रिकॉर्ड बने। एक मजदूर की बेटी मुनीता प्रजापति (उत्तर प्रदेश) और 17 वर्षीय परवेज खान (सेना) दिन के स्टार रहे। मुनीता ने महिलाओं की 20 किमी पैदल में इन खेलों का पहला रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने एक घंटा 38 मिनट और 20 सेकेंड का समय निकाला। परवेज खान ने पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में दिग्गज बहादुर प्रसाद के 28 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने तीन मिनट 40.89 सेकेंड के समय से अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय से लगभग दो सेकेंड समय कम लिया। एशियाई खेल 2018 की डेकाथलन चैंपियन स्वप्ना बर्मन ने यहां मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 1.83 मीटर के प्रयास से महिलाओं की ऊंची कूद स्पर्धा का खिताब जीता जबकि प्रवीण चित्रावेल (तमिलनाडु) ने शीर्ष खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 16.68 मीटर के रिकॉर्ड प्रयास से त्रिकूद में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की तार गोला फेंक स्पर्धा में दमनीत सिंह (पंजाब) और महिलाओं की गोला फेंक स्पर्धा में किरण बलियान (उत्तर प्रदेश) ने भी नए रिकॉर्ड बनाए। पुरुषों के 100 मीटर सेमीफाइनल में अमलान बोरगोहेन (असम) ने 2015 में तिरुवनंतपुरम में हरियाणा के धर्मबीर सिंह के राष्ट्रीय खेलों के 10.45 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अच्छी फॉर्म में चल रहे बोरगोहेन ने 10.28 सेकेंड का समय लिया।



### उत्तर प्रदेश ने जीते चार स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में शुक्रवार को चार स्वर्णए दो रजत व एक कांस्य जीतते हुए अपना अभियान शुरू किया। उत्तर प्रदेश इस सफलता के साथ राष्ट्रीय खेलों की तालिका (राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट पर अपडेट) में कुल सात पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश ने आज महिला एथलेटिक्स में तीन स्वर्ण जीते जिसमें किरन बालियान और मुनीता प्रजापति ने नया नेशनल गेम्स रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीते। दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान दिव्या काकरान ने भी महिला कुश्ती में उत्तर प्रदेश की झोली में स्वर्ण डाला। इसके अलावा पुरुष कबड्डी सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने फाइनल में पहुंच कर पदक पक्का किया। इसके अलावा महिलाओं के शॉट पुट में उत्तर प्रदेश की किरण बालियान ने भी नया गेम्स रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। किरन बालियान ने 17.14 मीटर का थ्रो करते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की । महिला हैमर थ्रो में तीसरा स्वर्ण उत्तर प्रदेश की सरिता रोमित सिंह ने 61.03 मीटर के थ्रो के साथ जीता। इसके अलावा पुरुष एथलेटिक्स में 1500 मीण् में उत्तर प्रदेश के अजय कुमार सरोज ने 3. 41.58 का समय निकालते हुए रजत पदक जीता। महिला कुश्ती में उत्तर प्रदेश की दिव्या काकरान ने 76 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। उनकी इस सफलता से हरियाणा पहले दिन दांव पर लगे सभी छह स्वर्ण पदक जीतने से चूक गया। दिव्या ने क्वार्टर फाइनल में हरियाणा की रीतिका को हराया। फिर तेलंगाना की रोहिणी सत्य शिवानी और फाइनल में हिमाचल प्रदेश की रानी को 4.0 से हराया। महिला कुश्ती के ही 62 किग्रा भार वर्ग में उत्तर प्रदेश की प्रीडम यादव को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष टीम जिम्नास्टिक में उत्तर प्रदेश ने रजत पदक जीता। पुरुष कबड्डी सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की टीम ने सर्विसेज को 42.37 से हराया।

### भारोत्तोलनः मीराबाई ने संजीता को पछाड़कर 49 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

**गांधीनगर।** ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू ने शुक्रवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलो मे महिलाओ की भारोत्तोलन स्पर्धा के 49 किग्रा वर्ग मे 191 किलोग्राम भार उठाकर अपेक्षित रूप से स्वर्ण पदक जीता। अगस्त मे बर्मिंघम मे राष्ट्रमंडल खेलो मे स्वर्ण पदक जीतने वाली मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एवं जर्क मे 107 किग्रा भार उठाकर खिताब अपने नाम किया। अपने दूसरे राष्ट्रीय खेलो मे भाग ले रही मीराबाई ने खुलासा किया कि उनकी बाईं कलाई मे चोट है इसलिए वह दोनो वर्गो मे अपने तीसरे प्रयास के लिए नही उतरी। मीराबाई ने कहा, हाल ही मे एनआईएस पटियाला मे प्रशिक्षण के दौरान मेरी बाईं कलाई मे चोट लग गई थी जिसके बाद मैने सुनिश्चित किया कि मै अधिक जोखिम नही लूं। विश्व चैंपियनशिप भी दिसंबर मे होनी है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलो मे मणिपुर का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व का क्षण है और जब मुझे उद्घाटन समारोह मे दल का नेतृत्व करने के लिए कहा गया तो उत्साह दोगुना हो गया। आम तौर पर उद्घाटन समारोह मे शामिल होना बहुत व्यस्त होता है क्योंकि मेरी स्पर्धाएं अगले दिन जल्दी शुरू होती है लेकिन मुझे लगा कि मुझे इस बार खुद को चुनौती देनी चाहिए। अगले साल एशियाई खेलों में पहला पदक जीतने का लक्ष्य रखने वाली मणिपुर की यह खिलाड़ी वर्तमान मे रहना पसंद करती है और उनका ध्यान विश्व चैंपियनशिप पर केंद्रित है जहां उनका सामना एशिया के बड़े भारोत्तोलकों से होने की उम्मीद है। इस 28 वर्षीय भारोत्तोलन ने कहा, हां मेरे पास एशियाई खेलो का पदक नही और यह कुछ ऐसा है जो मेरे दिमाग मे है। पीठ की चोट के कारण 2018 सत्र से बाहर होने के बाद यह मेरे पहले एशियाई खेल होंगे। एशियाड मे प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत अच्छा होगा लेकिन मेरा ध्यान अभी विश्व चैंपियनशिप पर है जहां मुझे उन्ही भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

# चोटिल बुमराह की जगह मोहम्मद सिराज भारतीय टीम में शामिल

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** के तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण उनकी जगह मोहम्मद सिराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बाकी बचे दो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बुमराह पीठ की गंभीर समस्या से परेशान हैं जिसके कारण वह आगामी टी20 विश्वकप में भी नहीं खेल पाएंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के बाकी मैचों के लिए मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में शामिल किया है। उन्होंने कहा, बुमराह पीठ की चोट से परेशान है और अभी बीसीसीआई की चिकित्सा टीम की निगरानी में है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज 28 वर्षीय सिराज ने अब तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने पांच विकेट लिए हैं। उन्होंने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ धर्मशाला में



खेला था। भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में अभी 1-0 से आगे चल रहा है। उसने तिरुवनंतपुरम में बुधवार को खेले गए पहले मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। दूसरा मैच दो अक्टूबर को गुवाहाटी और तीसरा मैच चार अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम - रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर, शाहबाज अहमद, मोहम्मद सिराज।

### गुवाहाटी में भारत–दक्षिण अफ्रीका मैच के सभी टिकट बिके

**गुवाहाटी।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को यहां होने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के सभी टिकट बिक चुके है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के सचिव देवजीत सेकिया ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया कि जिस पारदर्शी तरीके से टिकट बेचे गए उससे क्रिकेट प्रशंसको मे उत्साह भी बढ़ा है। उन्होने कहा, हम स्टेडियम के खचाखच भरा होने की उम्मीद कर रहे है। लगभग 38 हजार सीटों में से 21 हजार 200 टिकट आम जनता के लिए थे और टिकट दो चरणो मे ऑनलाइन बेचे गए थे। टिकट कुछ ही समय मे बिक गए। अन्य 12 हजार टिकट जिला संघो के माध्यम से जनता के लिए उपलब्ध कराए गए और उन्हें काउंटरों पर बेचा गया। सेकिया ने कहा, आमतौर पर जिलो को भेजे गए 40 से 50 प्रतिशत टिकट बिना बिके वापस आ जाते हैं। इस बार मुश्किल से 100 टिकट हमारे पास वापस आए है। उन्होने कहा कि बाकी टिकट राज्य संघो को भेजे जाते है और कुछ विशेष मेहमानो और आमंत्रित लोगों को मानार्थ पास के रूप मे दिए जाते है। गुवाहाटी मे एसीए स्टेडियम की क्षमता 39 हजार 500 दर्शकों की है।,500 सीट ऐसी है जहां से मैदान का दृश्य नही दिखता।

### भरत चौहान फिर एशियाई शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष चुने गए

**चेन्नई।** वरिष्ठ खेल प्रशासक भरत सिंह चौहान एक बार फिर एशियाई शतरंज महासंघ (एसीएफ) के उपाध्यक्ष चुने गए है। अध्यक्ष शेख सुल्तान बिन खलीफा अल नाहयान के टिकट पर चुनाव लड़ रहे 64 वर्षीय चौहान इस पद के लिए सर्वसम्मत पसंद बने। चौहान के लिए एसीएफ के उपाध्यक्ष के रूप मे यह तीसरा कार्यकाल होगा। चौहान ने कहा, यह कड़ी मेहनत और बेहद सफल रहे शतरंज ओलंपियाड के लिए सबसे अच्छी मान्यता है।

### अदालत ने राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनाव पर रोक लगाई

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के चुनाव कराने पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत आरसीए के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे है। न्यायाधीश महेंद्र गोयल ने मामले की सुनवाई करते हुए चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी और आरसीए के चुनाव अधिकारी राम लुभाया, राजस्थान सरकार के प्रमुख सचिव (खेल) और सहकारिता पंजीयक को एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया। इस मामले में अब 11 अक्टूबर को सुनवाई होगी।

### शूटिंग बॉल टूर्नामेंट आज से

**लखनऊ।** 41वी राज्य स्तरीय जूनियर शूटिंग बॉल बालक और बालिका ( अंडर 19) दो दिवसीय (1ओर 2 अक्टूबर) का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 वृंदावन योजना में किया जायेगा। लखनऊ शूटिंग बॉल के सेक्रेटरी अंजय दास ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लगभग 35 टीमों के आने की संभावना है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन 1 अक्टूबर को 4 बजे किया जाएगा

### बीसीए चुनावः याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में बदलाव का आरोप लगाने वाली याचिका पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने बीसीए की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आत्माराम नाडकर्णी की इस दलील पर गौर किया कि संशोधित संविधान को लागू नही किया गया है। यह भी ध्यान मे रखा गया कि अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष और पार्षद (जिला प्रतिनिधि) के पद पर छह उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। हमारी राय है कि परिणामो को चुनौती देने के उपाय उपलब्ध है और गुण-दोष के आधार पर ऐसा करना हमारे लिए उचित नही होगा। हम याचिकाकर्ताओं पर छोड़ते है कि वे कानून के अनुसार आगे बढ़ें।

### मोटो जीपी ने अगले साल से भारत में रेस करवाएगा

**नई दिल्ली।** मोटो जीपी (दोपहिया रेसिंग के वैश्विक आयोजक) ने 2023 सत्र से भारत मे रेस कराने की शुक्रवार को पुष्टि की जिससे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटने के नौ साल बाद वैश्विक मोटरस्पोर्ट की देश मे वापसी होगी। मोटो जीपी की ओर से जारी संभावित कैलेंडर मे भारत में होने वाले आयोजन की तिथि 22 से 24 सितंबर है। विश्व की प्रमुख दोपहिया रेसिंग चैंपियनशिप का आयोजन फॉर्मूला वन की तरह बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर होगा। इस सर्किट ने 2011 से 2013 तक फॉर्मूला वन की मेजबानी की है। मोटो जीपी ने घोषणा की कि भारत अगले साल मोटरसाइकिल ग्रां प्री की मेजबानी करने वाला 31वां देश बन जाएगा।

# इरानी कप में नजरें पुजारा व पांच सलामी बल्लेबाजों पर

## सौराष्ट्र और शेष भारत के बीच मुकाबला

**भाषा।** राजकोट

**अनुभवी बल्लेबाज** चेतेश्वर पुजारा जब ईरानी कप मुकाबले में शनिवार को यहां सौराष्ट्र की ओर से शेष भारत के खिलाफ उतरेंगे तो वह प्रभावशाली पारी खेलकर राष्ट्रीय टीम की योजनाओं में प्रासंगिक बने रहने की कोशिश करेंगे। शेष भारत की टीम में इस मुकाबले के लिए पांच विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाजों को जगह मिली है। मध्य प्रदेश 2021-22 रणजी ट्रॉफी चैंपियन है लेकिन सौराष्ट्र 2019-20 चैंपियन होने के कारण ईरानी ट्रॉफी का यह मैच खेल रहा है क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण लगातार दो सत्र तक यह मुकाबला आयोजित नहीं हो पाया था। वे दिन गए जब शेष भारत बनाम रणजी चैंपियन का मुकाबला राष्ट्रीय टीम के ट्रायल मुकाबले की तरह हुआ करता था जहां अच्छा प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय टीम के जगह मिलना



सुनिश्चित माना जाता था। ईरानी कप 2022 राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे खिलाड़ियों के लिए प्रासंगिक बने रहने का मौका है और टीम में अधिकतर ऐसे खिलाड़ियों को जगह मिली है जो हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ ए श्रृंखला का हिस्सा थे। सौराष्ट्र की टीम के पास पुजारा के रूप में अनुभवी टेस्ट खिलाड़ी है जो बांग्लादेश में होने वाली श्रृंखला से पहले टीम में अपना दावा मजबूत करना चाहेंगे। पुजारा ने ससेक्स की ओर से लाल गेंद और सफेद गेंद (लिस्ट ए) दोनों में स्वप्निल प्रदर्शन किया लेकिन चयनकर्ता टेस्ट मैच में उनके साथ बने रहेंगे या नहीं, यह देखना होगा। पुजारा ने हालांकि अपने घरेलू मैदान पर ढेरों रन बनाए हैं और वह उमरान मलिक, कुलदीप सेन और अर्जन नागवासवाला जैसे युवा तेज गेंदबाजों के अलावा आर साई किशोर और सौरभ कुमार जैसे नवोदित स्पिनरों की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। शेष भारत के सामने शुरुआती समस्या सलामी बल्लेबाजों की अधिकता है जो सभी काफी अच्छी फॉर्म में हैं। टीम में पांच सलामी बल्लेबाजों को जगह मिली है। प्रियांक पांचाल और अभिमन्यु ईश्वरन की भारत ए की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया जबकि दलीप ट्रॉफी में यशस्वी जायसवाल ने फाइनल में 265 रन बनाए। इसके अलावा टेस्ट सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल हैं जो राष्ट्रीय टीम में वापसी करने की कोशिशों में जुटे हैं। युवा यश ढुल भी टीम का हिस्सा हैं जिन्होंने अपने पदार्पण सत्र में पांच प्रथम श्रेणी मैच में 770 रन बनाए। विकेटकीपर कोना भरत के अलावा केवल कप्तान हनुमा विहारी और फॉर्म में चल रहे सरफराज खान टीम में शामिल दो विशेषज्ञ बल्लेबाज हैं।

### अभय शर्मा दिल्ली क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

**नई दिल्ली।** भारत ए और अंडर-19 टीम के पूर्व क्षेत्ररक्षक कोच अभय शर्मा को 11 अक्टूबर से शुरू हो रहे घरेलू सत्र से पहले दिल्ली क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत के पूर्व स्पिनर और चयनकर्ता सरनदीप सिंह इस पद के प्रबल दावेदार थे, लेकिन रोहन जेटली के नेतृत्व वाले डीडीसीए (दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ) ने शर्मा को तरजीह दी, जिनके पास कोचिंग का अधिक अनुभव है। निखिल चोपड़ा, गुरशरण सिंह और रीमा मल्होत्रा की क्रिकेट सलाहकार समिति ने अध्यक्ष को शर्मा के नाम की सिफारिश की थी। भारत के पूर्व चयनकर्ता गगन खोड़ा को सीनियर टीम का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया है, जबकि भारत के पूर्व तेज गेंदबाज पंकज सिंह को अंडर-25 टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। अनिल भारद्वाज और मयंक सदाना सीनियर चयन पैनल में नए चेहरे है। डीडीसीए के एक सूत्र ने कहा, अभय शर्मा को सीनियर टीम का मुख्य कोच चुना गया है। शर्मा ने भारत ए, भारत अंडर -19 और हाल ही में राष्ट्रीय महिला टीम के साथ काम किया है।

# टी-20 विश्व कप विजेता को मिलेगी 16 लाख डॉलर की पुरस्कार राशिः आईसीसी

**भाषा।** दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को घोषणा की ऑस्ट्रेलिया में होने वाले पुरुष टी20 विश्वकप की विजेता टीम को 16 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि दी जाएगी। आईसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि उपविजेता टीम को विजेता टीम को मिलने वाली धनराशि से आधी पुरस्कार राशि मिलेगी। इस टूर्नामेंट में 16 टीम भाग लेंगी और यह लगभग एक महीने तक चलेगा। इसकी कुल पुरस्कार राशि 56 लाख अमेरिकी डॉलर है जिसमें से सेमीफाइनल में हारने वाली टीम में से प्रत्एक को 400,000 डॉलर मिलेंगे। सुपर 12 चरण से बाहर होने वाली आठ टीम में से प्रत्एक को 70,000 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। आईसीसी ने कहा, पिछले साल खेले गए टी20 विश्व कप की तरह इस बार भी सुपर 12 चरण में होने वाले 30 मैचों में जीत दर्ज करने वाली प्रत्एक टीम को 40,000 डॉलर मिलेंगे। आठ टीम को सुपर 12 चरण में सीधे प्रवेश दिया गया है। इनमें अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। अन्य आठ टीम पहले दौर में खेलेंगी, जिन्हें दो ग्रुप में बांटा गया है। इनमें ग्रुप ए में नामीबिया, श्रीलंका, नीदरलैंड, यूएई और ग्रुप बी में वेस्टइंडीज, स्कॉटलैंड, आयरलैंड और जिम्बाब्वे शामिल हैं। पहले दौर में किसी भी जीत पर 40,000 डॉलर दिए जाएंगे। इस तरह से 12 मैचों में कुल 480,000 डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी। पहले दौर में बाहर होने वाली चार टीम में से प्रत्एक को 40,000 डॉलर मिलेंगे। टी20 विश्व कप 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा।

### हेजलवुड ने टी20 विश्व कप की परिस्थितियों पर कहा, यह गेंदबाजों के लिए थोड़ा बेहतर होगा

**दुबई।** स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया में बड़े मैदान और तेजी गति वाली पिचों के कारण अगले महीने शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान गेंदबाजों के लिए हालात थोड़े अनुकूल होंगे। हेजलवुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट से कहा, कई कारणों से गेंदबाजों के लिए यह शायद थोड़ा बेहतर होगा।

मैदान बड़े है, विकेटों में गति थोड़ी अधिक है, आप बड़ी बाउंड्री का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर सकते है। यह इस पर निर्भर करेगा कि आप कहां खेल रहे है। ऑस्ट्रेलिया को 16 अक्टूबर से टी20 विश्व कप की मेजबानी करनी

# वनडे की लय एशिया कप टी20 में बरकरार रखने उतरेगी महिला टीम

## पहला मैच श्रीलंका से

**भाषा।** सिलहट (बांग्लादेश)

**इंग्लैंड के** खिलाफ क्लीन स्वीप करने के बाद उत्साह से ओतप्रोत भारतीय टीम रन आउट विवाद को पीछे छोड़कर महिला एशिया कप टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी लय बरकरार रखने के लिए उतरेगी, जहां शनिवार को उसका पहला मैच श्रीलंका से होगा। भारतीय महिलाओं को टी20 प्रारूप में हाल में बहुत अधिक सफलताएं नहीं मिली हैं लेकिन इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। पिछली बार के टूर्नामेंट को छोड़कर भारत ने 2004 से शुरू हुए एशिया कप में हर बार खिताब जीता है। उसने वनडे प्रारूप में चार जबकि टी20 प्रारूप में दो खिताब हासिल



किए हैं। एशिया कप को 2012 में वनडे से टी20 प्रारूप में तब्दील कर दिया गया था। भारत तब से दो बार इसमें विजेता रहा जबकि 2018 में पिछले टूर्नामेंट में उसे बांग्लादेश से हार का सामना करना पड़ा था। कोविड-19 के कारण चार साल बाद आयोजित किए जा रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछला टूर्नामेंट बांग्लादेश में 2020 में खेला जाना था लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इस महीने के शुरू में इंग्लैंड से टी20 श्रृंखला में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने वनडे में शानदार वापसी की और 3-0 से क्लीनस्वीप करके दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शानदार विदाई दी। यह श्रृंखला आखिर में हालांकि नॉन स्ट्राइक छोर पर रन आउट करने के कारण चर्चा में रही। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड के बल्लेबाज चार्ली डीन को गेंद फेंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल जाने पर रन आउट कर दिया था। इस तरह से रन आउट करना वैध माना जाता है लेकिन इसे खेल भावना नहीं माना जाता। भारतीय टीम इस घटना को पीछे छोड़ कर सकारात्मक पहलुओं के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। जहां तक खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात है तो कप्तान हरमनप्रीत शानदार फॉर्म में है जबकि स्मृति मंधाना भी अच्छी बल्लेबाजी कर रही है लेकिन शेफाली वर्मा, सबिनेनी मेघना और दयालन हेमलता को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है।

### हरमनप्रीत की योजना बल्लेबाजों को आजमाने पर

**सिलहट।** भारत महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने संकेत दिया है कि शनिवार से यहां शुरू होने वाले महिला एशिया कप मे कम अनुभवी खिलाड़ियों को खेलने का अधिक मौका दिया जाएगा क्योकि टीम अगले साल की शुरुआत मे होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही है। डी हेमलता और किरण नवगिरे को इंग्लैंड मे पिछली श्रृंखला मे आजमाया गया था लेकिन वे प्रभाव नही डाल सके। जेमिमा रोड्रिग्स कलाई की चोट से उबर चुकी है जिसके कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर हो गई थी और उनके शनिवार को श्रीलंका के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है। इंग्लैंड मे निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर भी नजरें रहेंगी। टीम हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला मे इंग्लैंड को 3-0 से हराकर बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट मे उतरेगी। हरमनप्रीत ने कहा, विश्व कप से पहले बहुत सारे टी20 मैच खेलने है। जिन खिलाड़ियों को पर्याप्त मौके नही मिले है उन्हें विश्व कप से पहले मैच में खेलने का मौका मिल सकता है। ऐसे कई क्षेत्र है जिन पर हम काम कर सकते है।

### योजना का हिस्सा नहीं था, नियमों के तहत थाः हरमनप्रीत ने रनआउट विवाद पर कहा

**सिलहट।** महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में चार्ली डीन को रन आउट करना भारतीय टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं था, लेकिन यह खेल के नियमों के तहत था। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड की बल्लेबाज चार्ली डीन को गेंद फेंकने से पहले क्रीज से बाहर निकल जाने पर रन आउट कर दिया था। इस तरह से रन आउट करना वैध माना जाता है लेकिन इसे खेल भावना नहीं माना जाता। महिला एशिया कप से पहले हरमनप्रीत ने दीप्ति का समर्थन करते हुए कहा कि अब इस विवाद को पीछे छोड़ने का समय है।

# जया व आदित्य ने जीता दोहरा खिताब

## एशियन जूनियर टेनिस

**लखनऊ।** राजधानी में चल रही अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस टूर्नामेंट के अंडर.16 के आखिरी दिन भारत के आदित्य मोर और जया कपूर ने क्रमशः बालक और बालिका वर्ग में दोहरे खिताब जीतकर अपना परचम लहरा दिया है।

बालक वर्ग के एकल मुकाबलों के फाइनल में आदित्य मोर ने आराध्य क्षितिज को 7-5,7-6 5 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। आदित्य ने इस कड़ी मुकाबले में शानदार खेल और धैर्य का परिचय दिया। उनके ग्राउंड स्ट्रोक्स और सर्विस का उसके प्रतिद्वंदी के पास



कोई जवाब नहीं था। इससे पहले आदित्य मोर ने अपने जोड़ीदार प्रनील शर्मा के साथ युगल प्रतियोगिता का भी खिताब जीत लिया था। इस तरह आदित्य ने खिताबों का अपना डबल पूरा कर लिया। आदित्य की तरह ही भारत की जया कपूर ने भी दोहरा खिताब जीतकर दर्शकों को अपनी प्रतिभा का लोहा मानने पर मजबूर कर दिया। जया कपूर अपनी जोड़ीदार शगुन कुमारी के साथ युगल खिताब जीत चुकी हैं। आज हुए बालिका वर्ग के फाइनल में जया कपूर ने युगल में अपनी पार्टनर रही शगुन को 6-3,6-0 से हराकर अपना डबल पूरा किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बीसी तिवारी ने खिलाड़ियों का लखनऊ आकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए धन्यवाद दिया।

### सिक्की-कपूर वियतनाम ओपन के सेमीफाइनल में

**हो ची मिन्ह सिटी।** रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी शुक्रवार को यहां वियतनाम ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। पिछले हफ्ते छत्तीसगढ़ इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब जीतने वाली सिक्की और कपूर की गैर वरीयता



प्राप्त भारतीय जोड़ी ने मलेशिया के चान पेंग सून और चेह ई सी की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 21-17 से हराया। सेमीफाइनल में इन दोनों का सामना रेहान नौफल कुशरजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी से होगा। सिक्की और कपूर ने शानदार जज्बा दिखाया। पहले गेम में 3-6 से पिछड़ने के बाद ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। मलेशियाई टीम ने एक बार फिर 15-12 से बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार चार अंक के साथ 19-18 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद दो और अंक जुटाकर मैच में 1-0 की बढ़त बना ली है। सिक्की और कपूर ने दूसरे गेम में आत्मविश्वास भरी शुरुआत की। मलेशियाई जोड़ी ने 10-8 की बढ़त बनाई लेकिन भारतीय जोड़ी ने 12-12 पर बराबरी हासिल की और फिर पीछे मुड़कर नही देखा।

### वरुण पारिख ने कपिल देव-ग्रांट थोर्नटन आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** अहमदाबाद के वरुण पारिख ने शुक्रवार को यहां अंतिम दौर में पांच अंडर 67 के शानदार स्कोर के साथ पहले कपिल देव-ग्रांट थोर्नटन आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। वरुण ने डीएलएफ गोल्फ एवं कंट्री क्लब मे 11 अंडर 277 के शानदार स्कोर के साथ पांच शॉट से जीत दर्ज की। वरुण को इस खिताबी जीत के लिए 15 लाख रुपए की इनामी राशि मिली जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट मे 28वें से चौथे स्थान पर पहुंच गए। गुरुग्राम के मनु गंडास ने अंतिम दौर मे 69 के स्कोर से कुल छह अंडर 282 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया। वह ऑर्डर ऑफ मेरिट मे तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए है।

### महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर वंदना कटारिया ने कहा, हम सही प्रगति कर रहे हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार स्ट्राइकर वंदना कटारिया का मानना है की टीम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सही प्रगति कर रही है और खिलाड़ियो का ध्यान लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने पर लगा हुआ है। भारत की तरफ से 250 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली वंदना ने कहा की विभिन्न प्रतियोगिताओं मे बेहतर प्रदर्शन के कारण अब विश्व मे भारतीय



महिला हॉकी को पहचान मिलने लग गई है। भारतीय टीम में सुधार का सबूत एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) स्टार अवार्ड्स के लिए कई खिलाड़ियों का नामांकन है। भारतीय कप्तान सविता को जहां वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए नामित किया गया है वही मुमताज खान को वर्ष की उदीयमान स्टार और मुख्य कोच यानिक शॉपमैन को वर्ष के कोच पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

### फर्नांडिस ने कहा, एशिया क्वालीफायर में कमजोर टीम के रूप में शुरुआत करेगा भारत

**अल खोबार (सऊदी अरब)।** भारत की अंडर-17 राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने कहा कि उनके लड़कों ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखा नही है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वे हाल की सफलता के बाद एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2023 क्वालीफायर मे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।